आवश्यकता
शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 159 • नई दिल्ली, शुक्रवार 15 सितम्बर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 मिथिला पब्लिक स्कूल के ऑडीटोरियम में शास्त्रीय...

# महुआवा में जिला प्रशासन के द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मो. सदरे आलम नोमानी**

**सीतामढी**। सरकार के निर्देश के आलोक में लोक- कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी आम जनों को सुलभ कराने, उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने तथा साथ ही लोक कल्याणकारी योजनाओं को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक विस्तृत करने के संबंध में जनमानस के सुझावों को प्राप्त करने के उद्देश्य से आज बथनाहा प्रखंड के महुआवा पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी एवं उप विकास आयुक्त डॉ प्रीति सहित अनुमंडल पदाधिकारी प्रशांत कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, सिविल सर्जन ,जिला जन संपर्क अधिकारी कमल सिंह, जिला परिवहन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन सहित स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित आम-आवाम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनों को स- समय एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना साथ ही योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उन योजनाओं का जिले में समुचित तरीके से क्रियान्वयन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत चलाई जा रही महत्वपूर्ण



विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इसके लिए योजनाओं की जानकारी होना भी अनिवार्य है। जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओ के बारे में लोगों को जानकारी दी जाती रही है। जिलाधिकारी स्वयं महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे कन्या उत्थान योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को दी।

महुआवा उच्च विद्यालय में हुए इस कार्यक्रम में कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा बनाए गए स्टॉल का निरीक्षण जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त के द्वारा किया गया। तीनों ही पदाधिकारियों के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में

उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आम जनों को एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी सरकार के महत्वपूर्ण लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योजनाओं की क्रियान्वयन संबंधी उनके फीडबैक एवं सुझाव भी प्राप्त किए गए। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा भी किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग के तहत 06 लाभुकों को मुख्यमंत्री आवास सहायता योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान योजना के तहत कुल 06 लाभुकों को शौचालय प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चार-चार लाख रुपए दो लाभुकों को भुगतान किया गया ।साथ ही कार्यक्रम में अन्य विभागों द्वारा जॉब कार्ड ,राशन कार्ड ,जीविका प्रोत्साहन आदि का वितरण किया गया। जनसंवाद कार्यक्रम में सभी विभागों का स्टॉल लगाकर आम जनों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण एवं प्राप्त आवेदनों का निस्तारण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन धर्म को लेकर भाजपा ने सोनिया गांधी पर साधा निशाना



**नई दिल्ली** । भाजपा ने सनातन धर्म को लेकर विपक्षी नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयान को लेकर कांग्रेस और गांधी परिवार पर अपना हमला तेज कर दिया है। भाजपा ने सोनिया गांधी के इटालियन मूल का मुद्दा उठाते हुए कटाक्ष किया है कि उन्हें सनातन धर्म समझ ही नहीं आता है इसलिए जब सनातन धर्म की रक्षा की बात आती है तो वह ट्रांसलेशन के फेर में उलझ जाती हैं। भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट से सोनिया गांधी की एक तस्वीर शेयर करते हुए सनातन धर्म के बचाव के मामले में उन्हें सरदर्द होने और सनातन धर्म क्या है, यह अनुवाद कर इटालियन भाषा में बताने का कटाक्ष करते हुए लिखा, "जब 'सनातन धर्म' की रक्षा की बात आती है तो सोनिया गांधी 'अनुवाद में खो जाती हैं' ! " दरअसल, डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन और ए राजा के सनातन धर्म को लेकर दिए गए बयान से शुरू हुआ राजनीतिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा लगातार इस मसले पर विपक्षी गठबंधन पर सवाल उठाते हुए सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत तमाम विपक्षी नेताओं से सवाल पूछ रही है। भाजपा इस मसले को लेकर देशभर में जाने की तैयारी कर रही है।

### कश्मीर में 3 साल में सबसे बड़ा आतंकी हमलाः सेना ने लश्कर के दो आतंकी घेरे



**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग और राजौरी जिले में पिछले तीन दिन से जारी आतंकवाद रोधी अभियान में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया, जबकि तीन अफसर और 2 जवान शहीद हो गए। जबकि एक जवान अभी भी लापता बताया जा रहा है। कश्मीर में यह पिछले तीन साल का सबसे बड़ा आतंकी हमला है। जिसमें इतने बड़े अफसरों की शहादत हुई है। इससे पहले बुधवार को अनंतनाग में मुठभेड़ के दौरान सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष ढोंचक और कश्मीर पुलिस के DSP हुमायूं भट शहीद हो गए। वहीं, गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों ने कोकेरनाग में लश्कर के दो आतंकियों को घेरा है। राजौरी में सोमवार की रात को शुरू हुए एनकांउटर में सेना ने 2 आतंकी मार गिराए, जबकि राइफलमैन रवि कुमार शहीद हो गए थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सात सितंबर को राजौरी जिले के मठियानी गाला इलाके में बैग के साथ दो अज्ञात लोगों के बारे में सूचना प्राप्त हुई थी। जानकारी के आधार पर भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सहयोगी खुफिया एजेंसियों ने एक संयुक्त अभियान चलाया था।

### संसद के स्पेशल सत्र में पेश किए जाएंगे 4 विधेयक, कांग्रेस बोली- हम डटकर विरोध करेंगे

**नई दिल्ली**। संसद के स्पेशल सेशन के एजेंडे का मोदी सरकार ने खुलासा कर दिया है। 18 से 22 सितंबर तक प्रस्तावित संसद के स्पेशल सेशन में चार विधेयक पेश किए जाएंगे। उधर, कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार ने आखिरकार सोनिया गांधी की चिट्ठी के बाद 5 दिन के स्पेशल सेशन के एजेंडा का खुलासा किया है। कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से जारी एजेंडे में कुछ खास नहीं है। बुधवार को मोदी सरकार की ओर से जानकारी दी गई कि स्पेशल सेशन के पहले दिन दोनों सदनों में संसद के 75 साल की यात्रा पर चर्चा होगी। इसके बाद मोदी सरकार सदन में चार विधेयक पेश करेगी। अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2023 और प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण विधेयक 2023 राज्यसभा में पारित किया जा चुका है। अब इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक 2023 और डाकघर विधेयक 2023 को भी राज्यसभा में पेश किया गया था। अब स्पेशल सेशन के दौरान इस विधेयक पर लोकसभा में चर्चा होगी। दरअसल, संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने 31 अगस्त को संसद के स्पेशल सेशन की घोषणा की थी। स्पेशल सेशन को लेकर केंद्र सरकार की ओर से एजेंडे का खुलासा नहीं किया गया था, जिसके बाद विपक्षी दलों की ओर से मोदी सरकार को घेरा जा रहा था, मांग की जा रही थी कि सरकार स्पेशल सेशन बुलाए जाने के एजेंडे का खुलासा करे। स्पेशल सेशन की घोषणा के बाद अटकलें थी कि मोदी सरकार 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और देश का नाम इंडिया की जगह भारत करने के संबंध में प्रस्ताव ला सकती है। हालांकि मोदी सरकार की ओर से एजेंडे का खुलासा कर दिया गया है, जिसमें दोनों अटकलों का कोई उल्लेख नहीं है।

# घमंडिया गठबंधन का मनसूबा सनातन को खत्म करने का है : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री ने एमपी को दी 50 हजार करोड़ की सौगात, विपक्षी गठबंधन पर किया हमला

**एजेंसी। बीना**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र में 10 परियोजनाओं की आधारशिला रखकर 50 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी है। बीना में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। इस दौरान पीएम मोदी ने बीना में 50,700 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का रिमोट का बटन दबाकर शिलान्यास किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने विपक्ष के इंडिया गटबंधन पर हमला करते हुए कहा कि इस गठबंधन के पास कोई नेता नहीं है, उन्होंने भारत की संस्कृति पर हमला करने के लिए एक छिपे हुए एजेंडे पर भी फैसला किया है। इंडिया गठबंधन सनातन की संस्कृति को खत्म करने के संकल्प के साथ आया है। पीएम मोदी ने कहा कि किसी देश या राज्य के विकास के लिए यह महत्वपूर्ण है कि सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ चले और भ्रष्टाचार पर अंकुश रहे। एक समय था जब मप्र की पहचान पिछड़े राज्यों में की जाती थी। आजादी के बाद, जिन लोगों ने सबसे लंबे समय तक मप्र में शासन किया, उन्होंने इसे भ्रष्टाचार और अपराध के अलावा कुछ नहीं दिया। पीएम ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता का श्रेय 140 करोड़ भारतीयों को जाता है। यह हमारे देश की सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। जी20 प्रतिनिधि देश की विविधता और विरासत से प्रभावित हुए। पीएम मोदी ने कहा कि हमने मध्य प्रदेश को भय से मुक्ति दिलाई, क़ानून व्यवस्था को स्थापित किया। लोगों को ध्यान होगा कि कैसे कांग्रेस ने बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसा कर रखा था। आज की सरकार में हर घर तक सड़क, बिजली और पानी पहुंच रहा है। आज बड़े-बड़े निवेशक मध्य प्रदेश आना चाहते हैं, नई-नई फैक्ट्री लगाना चाहते हैं। अगले कुछ सालों में मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास की नई ऊंचाईयां छूने जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा यह परियोजनाएं इस क्षेत्र के औधोगिक विकास को ऊर्जा देगी।

## 39 में से 36 कन्फर्म, 3 के लिए अमित शाह अधिकृत

### बीजेपी दूसरी सूची कभी भी कर सकती जारी

**इन्दौर / देहली** । दिल्ली बीजेपी मुख्यालय में बुधवार को दूसरे दौर की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को लेकर हुई बताया जा रहा है कि बैठक में मध्य प्रदेश के लिए कुल 39 उम्मीदवार पर चर्चा की गई, इनमें से 36 उम्मीदवारों के नाम पर चुनाव समिति की मुहर लगी है तीन उम्मीदवारों के नाम पर राज्य के कुछ नेताओं से चर्चा के बाद नाम तय करने की जिम्मेदारी गृह मंत्री अमित शाह को दी गई । इन तीन में से दो सीट इन्दौर विधानसभा की तथा एक जबलपुर की है बैठक में पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बताया जा रहा है कि बीजेपी चुनाव समिति ने जिन प्रमुख उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाई उनमें मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ के छिन्दवाड़ा जिले की छिन्दवाड़ा शहर विधानसभा सीट से विवेक साहू




को, मुरैना विधानसभा सीट से रघुराज कंसाना, नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के भिंड जिले की लहार विधानसभा से अमरीश गुड्डू तथा इमरती देवी को ग्वालियर जिले की डबरा विधानसभा से टिकट दिया गया है। इसके अलावा बताया जा रहा है कि झाबुआ की थांदला विधानसभा सीट से कल सिंह, इंदौर जिले की देपालपुर से मनोज पटेल, छतरपुर जिले की राजनगर सीट से अरविंद पटेरिया, सागर जिले की देवरी सीट से बृज बिहारी पटेरिया, ग्वालियर जिले की भीतरवार विधानसभा सीट से मोहन सिंह राठौर को फाइनल कर दिया गया है।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 30 लाख परिवार लाभान्वित होंगे : के. लक्ष्मण



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने बताया की ओबीसी मोर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर पर देशभर में सभी जिला केन्द्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुभारंभ संबोधन सुनेंगे। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण ने 17 सितंबर को 'पीएम विश्वकर्मा' योजना शुरू करने की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कमजोर वर्ग के लोगों के लिए पीएम के जन्मदिन पर एक इनाम होगा।के लक्ष्मण ने कहा कि कमजोर वर्गों के लोगों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर एक उपहार है।के लक्ष्मण ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत अठारह पारंपरिक व्यापारों को शामिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम के बाद में देशभर के सभी जिला केन्द्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद हेतु बाइक रैली की जाएगी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में 30 लाख परिवार लाभान्वित होंगे। डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि 140 गरीब जातियों को शामिल किया गया है उसमें मुस्लिम पसमांदा जाति को भी इस योजना में शामिल किया गया है। इस योजना में 13,000 करोड़ का बजट रखा गया है तथा योजना की एमएसएमई से जोड़ा गया है। मोदी सरकार पिछड़े वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित सरकार है। इसलिए हमारा नारा है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। के लक्ष्मण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को संवैधानिक दर्जा दिया। 27 ओबीसी मंत्री केंद्रीय मंत्रिपरिषद का हिस्सा हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलों और मंडलों में इस योजना के बारे में जनता को जागरूक करने की पहल कर रहा है। मानसून सत्र के दौरान संसद में विपक्षी सांसदों के बारे में बोलते हुए, लक्ष्मण ने कहा कि "विपक्ष ने मानसून सत्र में हंगामा किया।

## पाकिस्तान पर दबाव डाले बिना कुछ नहीं होगा : जनरल वीके सिंह

**एजेंसी। इंदौर**



केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी. के. सिंह ने कहा कि जब तक हम पाकिस्तान को अलग-थलग नहीं करेंगे तब तक कुछ बदलने वाला नहीं है। यदि पाकिस्तान पर दवाब डालना है तो उसको अलग-थलग करना होगा। अनंतनाग मुठभेड़ पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान पर दबाव बनाना होगा, ताकि आतंकवादी गतिविधियां रोकी जा सकें। गौरतलब है कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कमांडर उजैर खान समेत लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादी फंसे हैं। बुधवार को शुरू हुई कोकेरनाग मुठभेड़ में कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट शहीद हो गए थे। पुलिस ने कहा कि कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनक और डीएसपी हुमायूं भट की अटूट वीरता को सच्ची श्रद्धांजलि, जिन्होंने इस चल रहे ऑपरेशन के दौरान सामने से नेतृत्व करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाएं उजैर खान समेत लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकवादियों को घेरने में दृढ़ संकल्प के साथ जुटी हुई हैं।

### मुंबई एयरपोर्ट पर चार्टर्ड प्लेन क्रैशः दो हिस्सों में टूटा और आग लग गई; 3 घायल

**मुंबई**। मुंबई एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक चार्टर्ड प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे पर क्रैश हो गया। दरअसल, प्लेन रनवे पर बारिश के चलते फिसल गया था। इसके बाद प्लेन दो हिस्सों में टूट गया और उसमें आग लग गई। मामले की जानकारी मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। प्लेन में 6 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे। जिनमें से 3 लोग घायल हुए हैं, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) ने बताया कि विशाखापट्टनम से मुंबई आ रहा VSR वेंचर्स लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट यहां रनवे 27 पर फिसल गया।

## पूर्व सेना प्रमुख मनोज नरवणे ने चीन को दिखाया असली मैप, एक्स पर किया शेयर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज नरवणे ने चीन का असली मैप साझा किया है। उन्होंने एक्स पर चीन का एक नक्शा शेयर करते हुए कटाक्ष किया है कि आखिरकार किसी को चीन का नक्शा मिल गया जैसा कि वह वास्तव में है। इस बहुरंगी मानचित्र में चीन ने तिब्बत समेत कई क्षेत्रों को अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों के रूप में सीमांकित कर अलग करके दिखाया है। उन्होंने लिखा कि यह चीन का असली मैप है। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के लिए कुख्यात है। मीडिया में प्रकाशति एक रपिोर्ट के मुताबकि नक्शे में ताइवान, हांगकांग, तिब्बत, यूनान जैसे अन्य चीन की सीमा से लगे हुए देशों को चीन के कब्जे के तौर पर दिखाया गया है। पूर्व सेना प्रमुख ने ऐसे समय पर यह नक्शा शेयर किया है, जब चीन के नए नक्शे को लेकर देश में बवाल मचा हुआ है। बता दें कि चीन ने 28 अगस्त को देश का नया मैप जारी किया और उसमें ताइवान, अक्साइ चिन और भारत के अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया। भारत ने इसका कड़ा विरोध किया है। इस बीच देखा जाए तो नक्शे में हांगकांग, तिब्बत, दक्षिण मंगोलिया और यूनान, पूर्वी तुर्कमेनिस्तान और मनचुरिया देशों को चीन के कब्जे वाले देशों के तौर पर दिखाया गया है। वहीं, ताइवान को रिपब्लिक ऑफ चाइना ताइवान के तौर पर पेश किया गया। चीन हमेशा से इन सभी देशों पर अपना दावा करता रहा है। वहीं, भारत के अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों और अक्साई चिन पर भी उसने दावा पेश किया है। मैप में चीन ने नाइन-डैश लाइन पर अपना दावा पेश कर दक्षिण चीन सागर के एक बड़े हिस्से पर दावा किया है। हालांकि, इन हिस्सों पर वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया और ब्रुनेई अपना-अपना दावा करते रहते हैं।

### भारत आ रहा हैं सी 295 विमान, वायुसेना की ताकत में होगा इजाफा

**नई दिल्ली**। सी 295 विमान आगामी 25 सितंबर को उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरबेस पर लैंड कर सकता है। पिछले साल सितंबर में, भारत ने भारतीय वायुसेना के पुराने एवरो-748 विमानों को बदलने के लिए 56 सी-295 विमान खरीदने के लिए एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ 21,000 करोड़ रुपये से अधिक का सौदा किया था। समझौते के तहत, एयरबस चार साल के भीतर स्पेन से भारत को फ्लाई-वे स्थिति में पहले 16 विमान वितरित करेगा और दोनों कंपनियों के बीच औद्योगिक साझेदारी के तौर पर 40 विमानों का निर्माण और असेंबल्ड भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स (टीएएसएल) द्वारा होगा। इस एयरक्राफ्ट की बात करें तब यह 260 किलोमीटर की अधिकतम की स्पीड पर नौ टन तक पेलोड या 71 सैनिकों को ले जाने में सक्षम है।

**परेशानी** राजातालाब चौराहों और तिराहों पर छुट्टा पशुओ का रहता है, जमावड़ा

## गौशाला में नहीं मिला ठिकाना तो हाईवे को बनाया आशियाना

**वाराणसी** । राजातालाब तहसील क्षेत्र में आवारा घूमने वाले गौवंशों के संरक्षण के लिए गौशालाएं तो खोली गईं, लेकिन छुट्टा जानवरों को वहां ठिकाना नहीं मिलता। इस कारण राजातालाब के चौराहों और तिराहों पर छुट्टा जानवरों का जमघट लगा रहता है। यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सड़कों से गुजरने वाले नेता और अधिकारी इन जानवरों के झुंड को नजरअंदाज कर देते हैं।आवारा गौवंश इन दिनों गांव, कस्बो और बाज़ारों में मुसीबत बने हुए हैं। गांव में गौवंशों के झुंड से फसलों को बचाना किसानों के लिए मुश्किल होता है तो क़स्बों और बाज़ारों में वाहन चालकों और राहगीरों के लिए गौवंश मुसीबत बने हुए हैं। सम्पर्क मार्ग हों या नेशनल हाईवे, हर जगह गाय और सांडों के झुंड घूमते-फिरते नजर आ जाते हैं। छुट्टा जानवरों की समस्याओं से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भी नागरिक अवगत करा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाता।दूसरी तरफ शासन की ओर से गौशालाओं को बजट दिया जा रहा है जिससे गौवंशों के लिए भूसे और दाने की व्यवस्था हो सके। जबकि असलियत में गौशालाओं के नाम पर सिर्फ ढिंढोरा



पीटा जा रहा है।

गौशालाओं में जो गौवंश हैं, तो उनको न तो भरपेट भूसा मिलता है और न ही घास। गौशालाओं से अधिक गौवंश सड़कों और खेतों पर घूमते दिखाई देते हैं।सड़क में घूम रहे आवारा गौवंशों की वजह से राहगीर और किसान परेशान हो रहे हैं।राजातालाब निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गुप्ता ने उच्चाधिकारियों को ट्वीट कर बताया कि राजातालाब चौराहा व्यस्ततम जगह है। नेशनल हाईवे होने के कारण यहां छोटे, बड़े और भारी वाहनों का आवागमन रहता है। ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए चौराहे पर पुलिस चौकी भी बना हुआ है। इसके बावजूद मुख्य चौराहा आवारा गौवंशों का आरामगाह बना हुआ है। रात के समय इन जानवरों से टकरा कर वाहन सवार घायल हो जाते हैं।

# ख़ास ख़बर

## अमित शाह जी के आगमन के तैयारी को देखने हेतु पूर्व भाजपा सांसद बिरेंद्र चौधरी का आगमन

**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** जयनगर राम जानकी मंदिर कमला रोड में हुआ भाजपा का बैठक हुआ। जिसमे दिनांक 16 सितंबर 2023 को ललित कर्पूरी स्टेडियम झंझारपुर में देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री आदरणीय अमित शाह जी के आगमन के तैयारी को देखने हेतु पूर्व भाजपा सांसद बिरेंद्र चौधरी का आगमन जयनगर कमला रोड स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में हुआ , और कार्यक्रम के निमित बैठक नगर मंडल अध्यक्ष सूरज गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमे पूर्व सांसद के आगमन के उपरांत मिथिला के प्रतीक पाग दोप्पटा से उनका सम्मान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सूरज गुप्ता ने किया। इस मौके पर पूर्व सासंद श्री चौधरी ने कहा कि 16 सितंबर, 2023 को मिथिला की पावन भूमि झंझारपुर में माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की विराट जनसभा आयोजित है। इस के तैयारियों के निमित्त प्रबंधन को लेकर आयोजित बैठकों में भाग ले रहे हैं। उसी कड़ी में जयनगर मंडल में कार्यक्रम के सफलता को लेकर आयोजित बैठक में भाग लिया।साथ ही पार्टी के अन्य नेताओं के साथ जनसभा में जाने वाले टोली के सदस्यों के संग विचार विमर्श किया गया। आज के बैठक में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नरेंद्र उर्फ उद्धव कूंवर, गोपाल सिंह, राजेश गुप्ता, सुधीर खर्गा,सुरज महासेठ, अरविंद तिवारी, गंगा प्रसाद, धर्मेन्द्र उर्फ बौआ झा, शंभु महतो, सरोज यादव, पंकज चौधरी, उपेंद्र राम, रमेशचंद्र झा, सूर्यनारायण मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कॉमर्स कॉलेज में बदलते परिवेश में हिन्दी का महत्त्व पर संगोष्ठी एवम प्रतिभागियों के बीच प्रमाणपत्र वितरित



**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय, साहुगढ़ मधेपुरा में हिन्दी विभाग द्वारा बदलते परिवेश में हिन्दी का महत्त्व पर संगोष्ठी अयोजित की गई है।प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ और वक्ताओं ने निर्धारित टॉपिक पर अपना वक्तव्य दिए। इस मौक़े पर भाषण प्रतियोगिता अयोजित हुई। प्रतिभागियों के बीच प्रधानाचार्य डा कुमार के हाथों प्रमाण पत्र वितरित की गई। कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में विभागाध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमारी हिन्दी विभाग ,सहायक प्राध्यापक कार्यक्रम संयोजक डॉ. शेफालिका शेखर हिन्दी विभाग का कुशल नेतृत्व की सराहना की गई ।इस मौक़े पर प्रतिभागियों के अलावा महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी एवम छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## मधेपुरा महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता पखवाड़ा दिवस का आयोजन




**मधेपुरा।** मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन मधेपुरा महाविद्यालय मधेपुरा के उप प्राचार्य डॉक्टर भगवान कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज संस्थापक डॉ अशोक कुमार मौजूद रहे । डॉक्टर कुमार ने अपने संबोधन में कहा सही मायने में विश्व साक्षरता दिवस शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और लोगों का ध्यान शिक्षा की तरफ आकर्षित करने के साथ ही उन्हें सही शिक्षा के संस्कार देना जरूरी है। शिक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभा रहे शिक्षण संस्थाओं कोचिंग इंस्टिट्यूट को चाहिए कि वह शिक्षा को मात्र रुपया कमाने का जरिया न मानकर सही और योग्य संस्कार वाले समाज का निर्माण करने में अपनी अहम भूमिकाएं निभाएं। वही शिक्षा प्राप्त कर रहे सभी को चाहिए कि वह सिर्फ साक्षर ना बने बल्कि भारत के उज्जवल भविष्य के प्रति संकल्पित होकर एक अच्छे देश का निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं । अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉक्टर भगवान कुमार मिश्रा ने कहा यहां पहले हम लोग समझ ले की साक्षरता क्या है दरअसल साक्षरता शब्द साक्षर से बना है जिसका मतलब पढ़ने लिखने में सक्षम होना है। दुनिया भर के देश अपने यहां के नागरिकों तक शिक्षा के प्रचार प्रसार के साक्षरता दिवस मनाते हैं । ताकि हर कोई पढ़ लिख कर साक्षर बन सके। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद शोएब आलम ने कहा 17 नवंबर 1965 को यूनेस्को ने 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस इंटरनेशनल लिटरेसी डे घोषित किया गया है । दूसरा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर विजेंदर कुमार ने कहा इसको पहली बार 1966 में मनाया गया इसका उद्देश्य व्यक्तिगत सामुदायिक और सामाजिक रूप से साक्षरता पर प्रकाश डालना है।

# विश्वकर्मा पूजा को लेकर तैयारी जोरों पर, प्रतिमा निर्माण में जुटे मूर्तिकार



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** सृजन और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाने को लेकर जयनगर अनुमंडल क्षेत्र में सभी तैयारियां पूरी की जा रही है।जयनगर अनुमंडल मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी सृजन के आदि देव भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना के लिए जगह-जगह प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी चल रही है। विशेषकर गैरेज शॉप,मोबाइल सेंटर, हार्डवेयर, वाहन शोरूम समेत छोटे-बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा के लिए लोग तैयारियों में जुटे हुए है। हालांकि मूर्तिकार विश्व शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति को आधुनिक साज सज्जा के साथ अंतिम रूप देने में जोर-शोर से लगे हुए हैं। इधर, पूजा को लेकर फूल, माला, झालर व अन्य सजावट के सामानों की दर्जनों छोटी-बड़ी दुकानें सज गई है। जहां दुकानों पर ग्राहक उमड़ पड़े हैं। संतोष शर्मा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा विश्व शिल्पी के रूप में जाने जाते हैं। इसलिए इनकी जयंती को विद्युत विभाग सहित निर्माण से जुड़े लोग धूमधाम से मनाते हैं। जयनगर प्रखंड निवासी पंडित अरविंद तिवारी ने बताया कि शिल्प शास्त्र के देवता भगवान विश्वकर्मा को शिल्पकार माना गया है । प्रतिवर्ष कन्या संक्रांति के दिन विश्वकर्मा की पूजा की जाती है । इस दिन सभी कारखानों , मोटर गैरेज, सभी सर्विस सेंटर आदि स्थानों पर विशेष पूजा की जाती है।मूर्तिकार राजकुमार पंडित एवं प्रमोद कुमार पंडित ने संयुक्त रूप से बताया कि विश्वकर्मा की प्रतिमा चुनिंदा मूर्तिकार ही बनाते हैं। इसलिए इसे आर्डर पर बना रहे हैं। मूर्ति बनाने में उपयोगी मिट्टी, रंग, सहित अन्य सामग्रियों के दाम बढ़ने से प्रतिमा की कीमत पर भी असर पड़ेगा।उन्होंने बताया कि लगभग एक माह पूर्व से ही हमलोगों के द्वारा मूर्ति तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। यहां के मूर्ति की मांग दूरदराज तक है। उन्होंने बताया कि इस पेशे के माध्यम से जीविका चलाना भी दूभर हो जाता है तथा समाज एवं सरकार से इसे बढ़ावा देने के लिए कोई पहल भी नहीं किया जाता है।कहा कि मूर्तिकारों के पेशा के प्रति अगर सरकार का ध्यान होता तो ग्रामीण क्षेत्र के मूर्तिकार भी देश में एक अलग पहचान स्थापित कर सकते हैं। मेहनत के अनुसार भले ही राशि कम मिलती है लेकिन उनमें उत्साह की कमी नहीं है।


# मंगल पाठ से गूंजा राणी सती मंदिर





**फारबिसगंज।** भादो अमावस्या के अवसर पर श्री दादी जी महिला मंडल द्वारा स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी परिसर स्थित श्री राणी सती मंदिर में दो दिवसीय भादो बदी अमावस्या महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव के पहले दिन गुरुवार को महिलाओं द्वारा आयोजित दादी जी का मंगलपाठ से राणी सती मंदिर गूंजता रहा। सैकड़ो की संख्या में सुहागिन महिलाओं ने लाल चुनड़ी पहनकर राणी सती दादी के दरबार में मंगल पाठ किया। दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। पूरा वातावरण भक्तिमय था। भक्त गा रहे थे, दादी दादी बोल क्या लगेगा मोल, झुंझनू वाली तेरी सदा ही जय हो..। पूरा प्रांगण भक्तों से भरा हुआ था। चारों तरफ भक्ति की बयार बह रही थी। पाठ की व्यवस्था में पवन शर्मा, पवन अग्रवाल, पवन भूपाल,घनश्याम अग्रवाल,कमल अग्रवाल,उत्तम अग्रवाल, मनोहर शर्मा, भीम अग्रवाल ,पंडित अंगद दुबे,अभिषेक दुबे आदि सक्रिय थे। कार्यक्रम में दादी जी की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। अखंड ज्योत प्रज्वलित कर भक्तों ने परिवार की खुशहाली की कामना की। वहीं कोलकाता से आये भजन गायक हेमंत शर्मा, रौशन शर्मा एवं बनमनखी की नामचीन गायिका ममता सर्राफ ने एक से बढ़ एक भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्ति मय बना दिया। इस मौके पर शोभा अग्रवाल,सुमन बंसल, सुमन जिंदल, किरण अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, मीना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सीमा धनावत, किरण देवी, मनोरमा अग्रवाल, संगीता फोगला, निधि अग्रवाल, ममता अग्रवाल,उषा अग्रवाल, उर्मिला जैन,पूजा चौधरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष व बच्चे शामिल थे।

## 40 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 04 अभियुक्तों को सिमराहा ओपी पुलिस ने रंगे हाथ किया गया गिरफ्तार



**सिमराहा।** सिमराहा ओपी पुलिस द्वारा 4480 बोतल कफ सिरप के साथ दो व्यक्ति को क्या गिरफ्तार ड्रग तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई सिमराहा ओपी पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम डोरिया लाइन चौक में छापेमारी कर 4480 बोतल प्रत्येक 100 एम एल कोरेक्स कफ सिरप के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं करीब 40 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 04 अभियुक्तों को सिमराहा ओपी पुलिस द्वारा रंगे हाथ गिरफ्तार कर सभी को अररिया जेल भेज दिया।

# भूसा घर में हत्या कर फेंका मजदूर का शव बरामद





**फारबिसगंज।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ढोलबज्जा वार्ड संख्या 13 ईदगाह पासवान टोला निवासी 35 वर्षीय बबलू पासवान का पड़ोस के ही एक घर के भूसा घर में हत्या कर फेंका हुआ शव बरामद हुआ।मृतक बबलू पासवान कंसोम खाद फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था और बीती रात आठ बजे से ही अपने घर से गायब था।गुरुवार के सुबह दस बजे के करीब पड़ोस के ही देवयंती देवी पति सिनोद पासवान ने शोरगुल कर बताया कि बबलू पासवान को सांप काट लिया है और उसका शव भूसा घर में है।जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और फिर मामले की सूचना फारबिसगंज थाना पुलिस को दी गई।सूचना पर फारबिसगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।शव के गले में गहरा निशान और आंख फोड़ दिया गया था।जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।मामले में पुलिस ने देवयंती देवी पति सिनोद पासवान और बेटा मिट्ठू पासवान को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी बसंती देवी के फर्द बयान के बाद फारबिसगंज थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 865/23 दिनांक -14.09.2023 भादवि की धारा 302,201,34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यह प्रथमदृष्टया हत्या का मामला है और मामले में देवयंती देवी और उनके पुत्र मिट्ठू पासवान को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है और शीघ्र ही जांच कर अन्य आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी कर लेने की बात कही।

## मैथिली साहित्य महासभा द्वारा नवम विद्यापति स्मृति एकल व्याख्यान हेतु बीएनएमयू के उप कुलसचिव डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव आमंत्रित



**नई दिल्ली/मधेपुरा।** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में मैथिली विभागाध्यक्ष सह बीएनएमयू के उप कुलसचिव (पेंडिंग शेल) डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव को मैथिली साहित्य महासभा (मैसाम) द्वारा नवम विद्यापति स्मृति एकल व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया है। यह व्याख्यान 17 सितंबर (रविवार) को राजेन्द्र भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया है। इसका विषय 'पं. चन्द्रनाथ मिश्र अमर : व्यक्तित्व ओ कृतित्व' है। इसकी अध्यक्षता गिरिजानन्द झा 'अर्धनारीश्वर' और संचालन अरुण कुमार मिश्र करेंगे। उपकुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि डॉ. उपेन्द्र बीपीएससी बैच में सबसे वरिष्ठ शिक्षक हैं। इन्होंने पिछले सात वर्षों में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में की महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित किया है। इनके कई आलेख एवं पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

## व्यवसायिक प्रकोष्ठ में प्रदेश महासचिव ई.आयुष अग्रवाल का हुआ प्रमोशन बनाए गए प्रधान महासचिव

**पटना/अररिया।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद यादव एवं माननीय उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह के द्वारा राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रधान महासचिव पद पर अररिया ज़िला के फारबिसगंज निवासी ई आयुष अग्रवाल को मनोनीत किया गया। बताते चलें कि इससे पूर्व आयुष अग्रवाल राजद में व्यवसायिक प्रकोष्ठ में प्रदेश महासचिव पद पर रहकर ज़िम्मेदारी निभा रहे थे। राजद से जुड़े हुए ई आयुष को सिर्फ़ 6 महीने ही हुए हैं और पार्टी के द्वारा उन्हें इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी दी गयी है। उनको यह ज़िम्मेदारी मिलते ही एक ओर जहां अररिया राष्ट्रीय जनता दल में ख़ुशी का माहौल है वहीं शहर में अटकलों का बाज़ार भी गर्म हो चुका है। मौक़े पर नवमनोनीत प्रदेश प्रधान महासचिव ई. आयुष अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल फ़र्श से उठाकर अर्श पर बैठाने का काम करती रही है। राष्ट्रीय जनता दल कार्यकर्ताओं की पार्टी रही है। राजद में व्यवसायिक प्रकोष्ठ में कुछ महीने पहले ही प्रदेश महासचिव पद की ज़िम्मेदारी मिली थी जिसपर रहकर जो सीखने का मौक़ा मिला और समाज और संगठन हित में काम करने का मौक़ा मिला, वह उनके राजनीतिक जीवन के लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव एवं तेजस्वी यादव संगठन में पैनी नज़र रखते हैं और संगठन के लिए काम करने वालों पर उनका विशेष ध्यान रहता है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी काफ़ी मज़बूती से काम कर रहा है और ज़मीन पर काम करने का मौक़े उनके द्वारा अक्सर प्रदान किया जाता रहा है।

## तस्वीर बयां कर रही है कि आगामी लोकसभा चुनाव में अररिया में कुछ बड़ा होने वाला है

**पटना/अररिया।** 2024 के लोकसभा चुनाव में अररिया से रंजीत कुमार यादव की भाजपा से उम्मीदवारी को लेकर चर्चाएं चौक चौराहे और राजनीतिक गलियारे लोगों की जुबां पर है।इस बार 150 नए और युवा प्रत्याशी की नीति भाजपा ने लागू किया तो रंजीत यादव अररिया संसदीय सीट से भाजपा के कैंडिडेट होंगे! बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा एक साथ कई फॉर्मूलों पर काम कर रही है। पार्टी में मौजूदा सांसदों के टिकट काटने से लेकर नए चेहरों को मौका देने तक पर मंथन जारी है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी आजादी के 100 वें साल तक संसद में युवा प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए काम कर रही है। चुनाव में भाजपा 150 नए प्रत्याशी उतार सकती है। इनमें 41 से 55 साल की उम्र के प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होगी। पहली लोकसभा में 26 फीसदी सदस्यों की उम्र 40 से कम थी। बाद में संसद में युवा प्रतिनिधित्व कम होता गया । लोकसभा में तीन से 11 बार तक चुनाव जीतने वाले सांसदों की संख्या बढ़ती गई । इसे देखते हुए पार्टी दो या इससे अधिक बार लोकसभा चुनाव जीत चुके नेताओं में से ज्यादातर को संगठन की जिम्मेदारी देने जा रही है। इसके अलावा अपवाद को छोड़कर किसी को राज्यसभा दो बार से ज्यादा नहीं भेजा जाएगा। 80 फीसदी ऐसे लोगों को मौका मिलेगा जो कानून, चिकित्सा, विज्ञान, कला, आर्थिक मामले, तकनीक, पर्यावरण और भाषा के जानकार हों। दस सीट पर चुनाव हुए तो 2 ही ऐसे प्रत्याशी होंगे जो जातीय समीकरण या संगठन में योगदान के लिहाज से महत्वपूर्ण होंगे। देश में 65 फीसदी से ज्यादा युवा हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहते हैं। अगर एक शख्स को लगातार लोकसभा का टिकट मिलता है तो उसके साथी कार्यकर्ता चुनावी राजनीति से बाहर हो जाते हैं। इधर अति विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार अररिया लोकसभा में जीत हार यादव मतदाताओ पर निर्भर है। जब जब यादव समाज भाजपा को वोट दिया सासंद बीजेपी का बना। पांच लाख से ज्यादा वोटर यादव के हैं। अररिया संसदीय सीट में माय समीकरण को तोड़ने के लिए रंजीत यादव फिट प्रत्याशी के दौर में सबसे आगे है। बता दें कि युवा दिलों के धड़कन जोकीहाट से भाजपा के प्रत्याशी रहे भाई रंजीत कुमार यादव किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। भले हीं यादव बिरादरी से आते हैं। किंतु सभी वर्गों में इनकी मजबूत पकड़ तो है हीं। ब्राह्मण समाज के बीच भी वे लोकप्रिय हैं। साम दाम दण्ड भेद की कला में ये निपुण हैं। भाजपा के खांटी नेता हैं। जब से त्रिस्तरीय पंचायती राज कायम हुआ ये पलासी ब्लॉक में अपने परिवार को प्रखंड प्रमुख बनाते आ रहे हैं। भाजपा संगठन में भी ज्यादा समय देते हैं। बहरहाल यदि लोकसभा में युवाओं को तरजीह मिली तो अररिया सीट से रंजीत यादव का प्रत्याशी बनाना तय माना जा रहा है।

**युवा दिलों के धड़कन भाजपा नेता रंजीत यादव की ब्राह्मणों के बीच है मजबूत पैठ**



समीक्षा — सर्वोच्च अंक लाकर छात्रों को पछाड़ा, छात्र संगठनों ने दी बधाई, नेक एकरीडेटेड स्टेटस में हुआ इजाफा

# यूवीके कॉलेज कड़ामा की छात्राओं का रहा जलवा, स्नातक फाइनल परीक्षा 2023 में विज्ञान संकायों में मारी बाजी



**पुरैनी।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा राज भवन के सत्र नियमितिकरण के लक्ष्य को पूरा करते हुए स्नातक फाइनल 2023 का परीक्षाफल प्रकाशित कर दिया है। प्रथम चरण में विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों की समीक्षा की गई है जिसमे जूलॉजी ऑनर्स में कुल 69 छात्र/छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमे 37 छात्रा एवम 30 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। सर्वोच्च अंक छात्राओं को मिले हैं। बॉटनी ऑनर्स में कुल 64 की संख्या में 34 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए वहीं 29 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सर्वोच्च अंक विजेता छात्रगण ही हैं। रसायन शास्त्र प्रतिष्ठा में कुल 64 छात्र/छात्रा में से 45 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए वहीं 15 छात्रा भी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सर्वोच्च अंक छात्राओं को ही प्राप्त हुआ है। भू गर्व शास्त्र प्रतिष्ठा में कुल 16 छात्र/छात्रा सम्मिलित हुए जिसमें 07छात्र एवं 06छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सर्वाधिक अंक छात्राओं को ही है। गणित प्रतिष्ठा में 39 छात्र /छात्राएं सम्मिलित हुवे जिसमें 27छात्र एवं 09छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। सर्वोच्च अंक छात्राओं को ही प्राप्त हुए हैं। भौतिकी प्रतिष्ठा में कुल 63 छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए जिसमे 45 छात्र एवम 15 छात्राओं ने भी बाजी मारी है। इसमें सर्वोच्च अंक छात्रों को ही प्राप्त हुआ है। वाणिज्य प्रतिष्ठा में 10छात्र/छात्रा सम्मिलित हुए जिसमें 05छात्र तथा तीन छात्रा प्रथम श्रेणी एवम एक छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय के आई क्यू ए सी, विषयवार शिक्षक काफी उत्साहित हैं तथा उत्तरोत्तर शैक्षिक विकास हेतु छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं। परीक्षा नियंत्रक डा. चंद्रशेखर मिश्रा के उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक भी छात्र/छात्रा का परीक्षाफल लंबित नहीं है। 25 सितंबर 2023 को महाविद्यालय में नव नामांकित छात्र छात्रा सत्र 2023/27का फ्रेशर्स डे आयोजित किया जाएगा जिसमें टॉपर्स छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस आशय की जानकारी महाविद्यालय आई टी सेल के मुख्य कार्यकारी निदेशक डा. (ई.) सिप्पू कुमार ने दी है। छात्र संघ अध्यक्ष अलका ने भी सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं । उत्कृष्ट प्रदर्शन से छात्र छात्राओं का मनोबल काफी बढ़ा है ऐसी मान्यता कई अभिभावकों की है।

# शिक्षा विभाग के अपर सचिव के के पाठक ने स्कूल सहित डाइट भवन का किया निरीक्षण





**मुबारक हुसैन, फारबिसगंज।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक ने अररिया के कई स्कूल सहित फारबिसगंज स्थित डाइट भवन का गुरुवार को निरीक्षण किया।जहां निरीक्षण के दौरान स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति पर संतोष जाहिर किया।वहीं फारबिसगंज डाइट भवन में अब तक सभी भवनों को भवन निर्माण विभाग की ओर से सुपुर्द नहीं लिए जाने और डाइट की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर सख्त तेवर अपनाते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को कई निर्देश दिए।उन्होंने डाइट परिसर में भवन निर्माण विभाग की ओर से बनाए गए भवनों को शीघ्र सुपुर्द करने का निर्देश दिया तो अधिकारियों को डाइट परिसर के अतिक्रमित जमीन को कब्जा मुक्त कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अपर सचिव के के पाठक ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले अररिया शहर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रहिका टोला स्कूल पहुंचे, जहां पर उन्होंने छात्रों को दी जाने वाली स्मार्ट क्लास की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और छात्रों की बैठने की व्यवस्था सही नहीं रहने के कारण वहां जल्द ही बेंच और डेस्क उपलब्ध कराने का आदेश अधिकारियों को दिया। इसके साथ ही स्कूल में छात्रों की अधिक संख्या को देखते हुए दो नए कमरे बनाने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से पठन पाठन की जानकारी ली। जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। वहीं उन्होंने स्कूल की प्रधानाध्यापिका गोरी कुमारी को भी कई निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल की व्यवस्था और उपस्थिति को लेकर संतोष व्यक्त की। लगातार निरीक्षण के बाद अररिया जिले के स्कूलों की स्थिति उपस्थिति में बढ़ोतरी होने की बात उन्होंने कही। उन्होंने कहा कि पूरे जिले के सभी स्कूलों में लगभग 50 फीसदी की उपस्थिति हो रही है और जिस स्कूल का निरीक्षण किया जा रहा है वहां पर 80 फीसदी से अधिक की उपस्थिति पाई गई है,जो की एक अच्छा संदेश है।उन्होंने कहा कि जनवरी माह के एक रिपोर्ट में अररिया जिला के स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति महज 25 फीसदी थी और विगत दो माह के दौरान 25 फीसदी से यह बढ़ोतरी 50 फीसदी पर पहुंच गई है,जो अच्छा संकेत है। निरीक्षण के क्रम में डीएम इनायत खान और जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# ख़ास ख़बर

## नपं प्रभारी ईओ को अबतक नहीं मिला वित्तीय प्रभार



**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में डीएम कौशल कुमार को नगर पंचायत सिमराही के मुख्य पार्षद यशोदा देवी ने बीडीओ सह नपं प्रभारी ईओ ओम प्रकाश को अबतक वित्तीय प्रभार नहीं मिलने पर चिंता जाहिर की। वहीं कहा कि वित्तीय प्रभार नहीं मिलने के कारण अब तक नगर पंचायत सिमराही में कोई भी विकासात्मक कार्य को शुरू नहीं किया जा सका है। जिस कारण यहां के लोगों को विभिन्न समस्याओं से रोजाना दो-चार होना पड़ रहा है। इसको लेकर स्थानीय लोगों के बीच जनप्रतिनिधियों को लेकर आक्रोश भरा है। यहां के लोग सड़क, नाला, सार्वजनिक शौचालय जैसे कई सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। वहीं डीएम ने जांच कर प्रभारी ईओ को जल्द वित्तीय प्रभार मिलने का भरोसा दिया।

## जिलाधिकारी द्वारा युवा उत्सव का दीप प्रज्वलित कर किया उद्घाटन





**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर,सुपौल।** जिले में कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार आज दिनांक- 13.09.2023 को श्री कौशल कुमार (भा0प्र0से0), जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा युवा उत्सव, 2023 के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया गया। उक्त अवसर पर श्री शैशव यादव, पुलिस अधीक्षक, सुपौल, श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल, श्री इन्द्रवीर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल, श्री अनंत कुमार, अपर अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल के साथ-साथ शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे । 15-35 आयु वर्ग के प्रतिभागियों द्वारा शास्त्रीय गान, शास्त्रीय वादन, शास्त्रीय नृत्य, समुह लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य एवं वक्तृता में प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थी राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड पटना के सचिव ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड में बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड पटना के सचिव मुकेश रंजन झा ने गुरुवार को नगर के आठ विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सचिव श्री झा सर्वप्रथम परियोजना बालिका उच्च विद्यालय पहुंचे जहां जर्जर भवन को देखकर वह भड़क गए। विद्यालय में मौजूद एचएम प्रमोद विश्वास को जमकर फटकार लगाई। बताया की शिक्षा समिति की बैठक में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में जर्जर भवन ध्वस्त करने को लेकर पारित प्रस्ताव के बावजूद भवन नहीं तोड़ा गया है। उन्होंने एचएम को सख्त निर्देश देते हुए कहा की अभिलंब जर्जर भवन को ध्वस्त कराया जाय। इसके अलावे विद्यालय में साफ सफाई एवं शौचालय की व्यवस्था को लेकर भी कई दिशा निर्देश दिए। उसके बाद सचिव ने नगर के उच्च विद्यालय, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पनपीवी, प्राथमिक विद्यालय पासवान टोला, प्राथमिक विद्यालय कृषि फार्म, मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय मुस्लिम टोला का भी निरीक्षण किया। जहां बच्चों व शिक्षको की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। वहीं विद्यालय में मेनू आधारित मध्याह्न भोजन संचालित की जा रही थी। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शिक्षक से भी रूबरू हुए इसके बाद विद्यालय में उपस्थित बच्चों से भी बातचीत किया। मौके पर उपस्थित एचएम एवं शिक्षको को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय संचालन के क्रम में घंटी वाइज क्लास की व्यवस्था हो, साफ सफाई एवं शौचालय की उत्तम व्यवस्था हो। सभी बच्चे पोशाक में विद्यालय उपस्थित हो। जिसको लेकर अभिभावकों को भी प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि 15 दिनों तक विद्यालय में से अनुपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं को नामांकन काटा जाए। वही छात्रों को दिए गए डायरी में प्रतिदिन अभिभावक का हस्ताक्षर की भी जांच की जाए ताकि बच्चों को उत्तम शिक्षा प्राप्त हो सके एवं अभिभावक को भी पता चले कि उसके बच्चे विद्यालय में क्या पढ़ रहा हैं। मौके पर उपस्थित एचएम व शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय में साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था हो। नियमित रूप से शौचालय आदि की सफाई की जाए। विद्यालय में पार्टिदिन मेन्यू आधारित भोजन संचालित की जाए। बता दे की निरीक्षक को लेकर शिक्षकों में दिन भर हड़कंप मचा रहा। प्रखंड क्षेत्र में सभी विद्यालय में इसको लेकर सुबह से ही खास तैयारी थी। सभी विद्यालय में शिक्षक एवं छात्र ससमय उपस्थित हो गए।

# विभिन्न योजनाओं का डीएम ने किया पड़ताल, दिए निर्देश





**संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल।** जिले के राघोपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को डीएम कौशल कुमार ने विभिन्न योजनाओं को लेकर चल रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारी को कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। तकरीबन दो घंटे तक जिलाधिकारी कौशल कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम श्री कुमार ने कहा कि रूटिंग इंस्पेक्शन को लेकर राघोपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचे हैं। विभिन्न विकासात्मक कार्यों के साथ लोगों के बीच चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं की जांच पड़ताल कर उसमें होने वाले कमी को बताकर कार्य को बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए गए हैं। राघोपुर प्रखंड कार्यालय में निरीक्षण के बाद डीएम श्री कुमार रेफरल अस्पताल राघोपुर परिसर में बन रहे 50 बेड के भवन निर्माण कार्य के निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भवन निर्माण कार्य में इस्तेमाल सामग्रियों की पड़ताल की। वहीं रेफरल अस्पताल राघोपुर के प्रभारी दीप नारायण राम से अस्पताल में भवन निर्माण को लेकर जरूरी जानकारी लिया। वहीं डीएम श्री कुमार ने कहा कि रेफरल अस्पताल राघोपुर परिसर में मरीजों के मुकाबले भवन का अभाव था। जिस कारण अस्पताल परिसर में 50 बेड के भवन निर्माण कार्य शुरू किया गया है। निर्माण कार्य को तीन महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। यहां चल रहे निर्माण कार्य में इस्तेमाल सामग्रियों के गुणवत्ता की कमी को लेकर शिकायत मिली थी। जिस कारण जांच के बाद संबंधित सवेदक को स्टीमेट के अनुसार बेहतर तरीके से कार्य कराने को कहा गया है। इसकी देखरेख का जिम्मा वीरपुर एसडीएम और राघोपुर सीओ को सौंपा गया है। गुणवत्तापूर्ण कार्य में किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि करजाइन बाजार के उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के मुकाबले भवन का अभाव था। जिस कारण वहां भी भवन निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य पूरा होने के बाद रेफरल अस्पताल में मरीजों का भार कम होगा। मौके पर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी रही।

## जनता दल यू के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बैठक



**मो0 नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में जनता दल यू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव के अध्यक्षता में एक बैठक पिपरा प्रखंड में आयोजित किया गया।वही जिला महासचिव ओम प्रकाश यादव ने बताया कि आगामी 23 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय में कर्पूरी परिचर्चा को सफल बनाने पर आज विचार विमर्श किया गया । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम पिपरा प्रखंड में 23 सितंबर को दिन के 11बजे से आनंद भवन में चकबंदी कार्यालय के पास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सदस्य रामनाथ ठाकुर, विधायक रामबिलास कामत, पूर्व मंत्री लक्छमेश्वर राय, विधायक गुंजेश्वर साह ,विधायक मीणा कामत उपस्थित रहेंगे। आज के बैठक में पूर्व विधायक श्री लखन ठाकुर विधायक ,श्री रामविलास कामत, जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद यादव ,पिपरा विधान सभा प्रभारी बिजेंद्र नारायण यादव, हरे कांत झा, प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कामत ,प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव ,मो खुर्सीद आलम ,किसन मंडल आलोक यादव, निर्धन पासवान ,प्रमोद कुमार मंडल, रामकिशोर राय, दुर्गा मंडल ,महेंद्र गुप्ता ,रमेश ठाकुर, बिनोद राम उपस्थित हुए।

## टॉप-टेन अपराधियों की लिस्ट में शामिल कुख्यात मनीष गिरफ्तार



**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर,त्रिवेणीगंज, सुपौल।** जिले के टॉप-टेन अपराधियों की सूची में शामिल एक कुख्यात अपराधी को पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की देर संध्या में त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के कुसहा में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए पुलिस ने कहा कि बीते 13 दिसम्बर 2021 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा त्रिवेणीगंज से 02 लाख 42 हजार रुपया के निकासी कर अपने मोटरसाइकिल से घर जा रहें त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के मचहा गांव निवासी मनीष कुमार पिता स्वः सत्यनारायण यादव को हथियार के बल पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा रुपया छीन लिया गया था। इस संदर्भ में सूचक मनीष कुमार के लिखित आवेदन के आलोक में त्रिवेणीगंज थाना कांड संख्या 405/ 2021 दर्ज किया गया था। अनुसंधान के दौरान इस कांड में अपराधकर्मी मनीष कुमार पिता रामचंद्र यादव सकिन बलजोड़ा थाना त्रिवेणीगंज जिला सुपौल जो जिले के टॉप टेन अपराधी सूची में नाम शामिल है एवं राहुल कुमार पिता अमरनाथ पासवान साकिन हाजरा टोला वार्ड नंबर 4 थाना गम्हरिया जिला मधेपुरा तथा कपिल कुमार उर्फ कपिल देव यादव पिता बुच्चो यादव गांव राजगावं थाना जड़िया जिला सुपौल एवं शिव शंकर उर्फ़ चिंटू पिता स्वर्गीय गजेंद्र यादव साकिन मलहनमा वार्ड नंबर 13 थाना त्रिवेणीगंज जिला सुपौल की संलिप्त पाई गई।

# भाजपा युवा मोर्चा द्वारा भाजपा प्रदेश नेता कोसी क्षेत्र के सह प्रभारी सत्येंद्र भट्ट के आगमन पर किया स्वागत



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में बिहार भाजपा प्रदेश के नेता कोसी क्षेत्र के सह प्रभारी सत्येंद्र भट्ट जी का सुपौल जिले में प्रथम आगमन पर सुपौल जिला मुख्यालय स्थित लोहिया नगर चौक पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयंत मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया श्री सत्येंद्र भट्ट ने कहा कि कोसी के दोनों लोकसभा सीट पर भाजपा के ही जमीन से जुड़े हुए कार्यकर्ता चुनाव लड़ेंगे भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कोसी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि पार्टी को यहां से चुनाव लड़ना है कोसी के दोनों लोकसभा सीट से सिर्फ चुनाव ही नहीं लड़ना है यहां से जीत कर सदन भी भेजना है । इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिन-रात मेहनत करना होगा स्वागत करने में भाजपा के जिला प्रवक्ता रणधीर ठाकुर पूर्व महामंत्री सुरेश सुमन यादव, कार्यालय मंत्री विमलेंदु ठाकुर, मीडिया प्रभारी सुमन झा ,किसान मोर्चा अध्यक्ष नलिन जयसवाल, क्रीडा प्रकोष्ठ के संयोजक राजधार यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहम्मद जहीर, युवा मोर्चा के महामंत्री दीपक दुबे, युवा मोर्चा के डॉक्टर विमल यादव, युवा मोर्चा के जिला मंत्री आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष विशाल कुमार मिश्रा,युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष सुमित कुमार, गौरी शंकर मंडल, मोहम्मद नौशाद आलम, शिवा कुमार, दिनेश दास,माधव कुमार, चंदन मंडल विभु सत्यम छोटेलाल राम मोहम्मद असलम धनपत, संतोष कुमार, मनान आदि कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद रहे।

## मिथिला पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में शास्त्रीय वॉसूरी वादन कार्यक्रम का आयोजन





**फारबिसगंज।** ख्याति प्राप्त कलाकारों के द्वारा प्रसिद्ध कला एवं संगीत संस्था स्पीक-मैके के सौजन्य से मिथिला पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में शास्त्रीय वॉसूरी वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भारत के साथ-साथ विश्व स्तर पर प्रसिद्ध पंडित प्रवीण गॉडखंडी जो बांसुरी बादक है एवं पंडित श्री मिथिलेश कुमार झा जो अपने आप में तबले पर किवदंती माने जाते हैं, के द्वारा की गई जुगलबंदी ने तो मानो एक अलग ही शमा बाँध दी। पंडित जी ने राग पटदीप एवं राग मिश्र पहाड़ी पर दो युगलबंदी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मिथिला पब्लिक स्कूल के प्राचार्या श्रीमती पुतुल मिश्रा, निदेशक श्री विपुल मिश्रा पंडित प्रवीण गुडखंडी एवं मिथिलेश कुमार झा के द्वारा किया दीप प्रज्वलित करके किया गया। अपने स्वागत संबोधन में श्रीमती मिश्रा ने बच्चों के मस्तिष्क पर शास्त्रीय संगीत के सकारात्मक प्रभाव की चर्चा की कार्यक्रम में स्थानीय पवन मिश्रा जी, शाहजहां साहब, मनोज जायसवाल, कन्हैया गुप्ता, रमेश सिंह, हरिशंकर झा, रवि मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं के साथ शास्त्रीय संगीत के बारे में पूछे गए प्रश्नों की जानकारी आए हुए कलाकारों, पंडित प्रवीण गोडखंडी एवं पंडित मिथलेश झा जी ने बहुत ही सरल तरीके से समझा कर उनके जिज्ञासा का उत्तर दिया। वर्तमान परिपेक्ष की बात कौन कहे, प्राचीन इतिहास में बताये गये शास्त्रीय संगीत की महत्व को उन लोगों ने बताया और बच्चे इस मार्ग दर्शन के प्रति अपने आभार भी व्यक्त किया कि जिनके बारे में सुनते थे जिनके नाम को उन्होंने देखा था सुना था आज उनसे मुखातिब होने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। अतिथियों को सॉल एवं बुके देकर प्राचार्या एवं निदेशक ने सम्मानित किया अतिथियों ने कहा कि वह भी अपने आप को धन्य मानते हैं कि उन्हें इस मिट्टी पर जाकर बच्चों के बीच में काम करने का बच्चों के जिज्ञासा को शांत करने का मौका मिला।

## दिवाल पर पेंटिंग कर हिंदी दिवस की दी गई शुभकामना



**फारबिसगंज।** भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम भर नहीं है। देश ,गांव ,समाज और परिवार की आत्मा भी इसके माध्यम से आकर लेती है।भाषा किसी देश व समाज की विराट ऐतिहासिक धरोहर है।इसका संवर्धन और संरक्षण अनिवार्य है।गुरुवार को हिंदी दिवस के मौके पर फारबिसगंज कॉलेज के बीएड विभाग के कला व्याख्याता राजेश कुमार के नेतृत्व में दीवाल पर पेंटिंग का आयोजन किया गया| जिसमें भाषा रूपी एक पेड़ को दिखाया गया,जिसमें किताबें और शब्द भरे पड़े हैं।जिसमे बताया गया कि इस पेड़ की तरह ही फलते-फूलते और जड़ रूपी भाषा को मजबूत करना होगा। मौके पर राजेश कुमार ने कहा कि हिंदी भाषा 14 सितंबर 1946 को देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी भाषा के आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई थी। तब से लगातार हिंदी भाषा भाषियों की संख्या में इजाफा हो रहा है।हमें अपनी भाषा और अपने इस धरोहर को संभाल के रखना होगा और कोशिश करनी होगी कि अधिक से अधिक हिंदी भाषा का प्रचलन हो और उपयोग हम सब करें |कला व्याख्याता के साथ-साथ छात्र अध्यापक एवं छात्रा अध्यापिकाओं ने भी पेंटिंग बनाने में सहयोग किया। इसमें लवली कुमारी कण,कुमारी शिवाका, दिव्या, सुमित, सुमन, विपिन ,रेशमा, सोनी और निरंजना शामिल थी।

चर्चा — निर्मली प्रखंड मुख्यालय स्थित टीसीपी भवन में पंचायत समिति की बैठक आयोजित हुई

# पंचायत समिति की बैठक में कई अहम मुद्दे पर हुई चर्चा



**डॉ0 विनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली प्रखंड मुख्यालय स्थित टीसीपी भवन में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बाशिद अहमद ने की। पिछले बैठक की समीक्षा करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की गई। बैठक में बीआरजीएफ, कृषि, स्वच्छ पेयजल, बिजली, मनरेगा, वृद्धा पेंशन स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, आगनबाड़ी, आधार सेंटर, बैंक आदि विषयों पर जमकर चर्चा सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा किया गया। पंचायत समिति सदस्य ने सदन में सप्ताह में एक दिन मंगलवार को आधार कार्ड बनवाने एवं डाटा में सुधार करवाने का शिविर लगाए जाने का प्रस्ताव रखा। ताकि क्षेत्र से आए लोगो को आधार बनवाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। वहीं जनपर्तिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी अपने अपने योगदान से क्षेत्र में छूटे लोगो का आयुष्मान कार्ड बनवाने पर विशेष चर्चा की गई। पंसस की बैठक में सभी प्रतिनिधि एवं प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित रहे। इसके लिए दोनो तरफ से जनसमस्या का समाधान ससमय होगा। सदन की बैठक में डगमारा, कमलपुर, कुनौली में जल जमाव की समस्या रहती है। जिसमें नाला निर्माण कराया जाय। ताकि ससमय पानी का निकासी हो सके। दिव्या पंचायत के पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि रोड 8.0 से रहरिया पलार तक फसल सुरक्षा बांध बन जाने से तकरीबन दर्जनों गांवों को सुरक्षा प्रदान होगी एवं गेहूं व धान की फसल के उपज में दोगुना वृद्धि होगा।

**नल जल की समस्या गंभीरः** डगमारा पंसस दिनेश प्रसाद ने बताया की डगमारा वार्ड 7 में 60 परिवार को नल जल का पानी नहीं मिल रहा है। वार्ड 3 में पश्चिमी तटबंध किनारे 70 परिवार को अभी भी नलजल का पानी नहीं मिल रहा है। वहीं वार्ड 5 में 50 घर को नल जल का पानी नसीब नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि नल जल की लचर व्यवस्था के कारण डगमरा पंचायत के विभिन्न वार्डों में लोगों को शुद्ध पेय जल नसीब नहीं हो रहा है। जिससे आमलोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रस्ताव में उन्होंने बताया कि अभिलंब इन परिवारों के बीच शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाए। वहीं उन्होंने बताया कि राशन कार्ड की समस्या गंभीर बनी हुई है। गरीब लोगों को राशन कार्ड नहीं मिलने से प्रतिदिन प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। राशन कार्ड के लिए आवेदन करने के बाद भी लाभुको को राशन कार्ड का लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि पिछले दिनों वार्ड 4 में जल जमाव के कारण पानी से पहले संक्रमण से तकरीबन 50 मवेशी का जान चला गया। उसे सरकार अभिलंब क्षतिपूर्ति प्रदान करें। बैठक के अंत में जवाब में प्रमुख ने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी का प्रस्ताव ले लिया गया है। मौके पर बीडीओ मो.जफरुद्दीन, सीओ मुकेश कुमार, आरओ डोली कुमारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक मुकेश कुमार, कृषि समन्वयक अजय कुमार, पंसस रामप्रवेश यादव, सतनारायण मंडल, दिनेश प्रसाद यादव, ममता देवी, चंद्रकला देवी, शांति देवी, सुनील शर्मा, पिंटू मेहता, बिंदेश्वर मुखिया, बीबी मरियम खातून, मुखिया गंगा प्रसाद साह, रामउदगार पंडित, प्रकाश मेहता, दिलीप कुमार, सरयुग मंडल, रामप्रवेश यादव आदि मौजूद थे।

# गला रेत कर की गयी हत्या की घटना में संलिप्त 2 अपराधकर्मी गिरफ्तार



**नजीर आलम /दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में दिनांक-10.09.2023 को संध्या के समय रामनंदन मंडल सा०-कटैया माहे वार्ड नं0-06, थाना-पिपरा, जिला-सुपौल के आम के बगीचा में मिट्टी में गाड़ा एक शव होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पाते ही स्थानीय थानाध्यक्ष पिपरा थाना दल-बल के साथ वहाँ पहुँचे तथा शव को अपने कब्जे में लिये। प्रथम दृष्टया शव को देखने पर पाया गया कि मृतक को गला रेत कर हत्या कर मिट्टी में गाड़ दिया गया है। शव की पहचान सुरतलाल मंडल पे०- स्व० बुचाय मंडल सा०- राजपुर बेला टोला वार्ड नं0-05, थाना-पिपरा, जिला-सुपौल के रूप में हुई। इस संबंध में मृतक के पत्नी कौशल्या देवी के फर्दब्यान के आधार पर पिपरा थाना कांड सं0-289 / 2023 दिनांक-13.09.2023 धारा-302, 201, 34 भा0द0वि०दर्ज किया गया । प्राथमिकी के 02 नामजद अभियुक्त क्रमशः 1. मृतक के दामाद विजय कुमार उर्फ महादेव मंडल 2. पुत्र प्रकाश कुमार एवं 3. अज्ञात स्कार्पियो के अज्ञात चालक के विरूद्ध दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी की मृतक मानसिक रोगी थे, जिसके कारण परिवार में हमेशा परेशानी बना रहता था। प्राथमिकी के दोनों नामजद अभियुक्त को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिये गये विजय कुमार उर्फ महादेव मंडल के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कचिया, कुदाल, घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटरसाईकिल, खुन लगा कपड़ा बरामद किया गया। हिरासत में लिये गये दोनों नामजद अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**जप्त सामान की सूचीः-** एक खुन एवं मिट्टी लगा कचिया 2. मृतक के शव को गाड़ने में प्रयुक्त कुदाल 3. घटना में प्रयुक्त मोटरसायकिल 4. रस्सी 5. खुन लगा कपड़ा । गिरफ्तार अभियुक्त का नामः-विजय कुमार उर्फ महादेव मंडल पिता- लालबहादुर मंडल सा०- कटैया माहे वार्ड नं0-06, थाना-पिपरा 2. प्रकाश कुमार पिता-स्व० सुरतलाल मंडल सा०-राजपुर बेला टोल वार्ड नं0-05, थाना-पिपरा, दोनों जिला- सुपौल को गिरफ्तार किया गया ।वही


**छापामारी दल में शामिल सदस्यः-** पु०अ०नि० विनोद कुमार सिंह, थानाध्यक्ष, पिपरा थाना 2. पु०अ०नि० बाल्मिकी प्रसाद यादव, पिपरा थाना 3. स०अ०नि० प्रकाश रजक, पिपरा थाना 4. स०अ०नि० ललन कुमार झा, पिपरा थाना 5. स०अ०नि० विजय कुमार पासवान, पिपरा थाना 6. प्रभारी डी०आई०यू० टीम 7. थाना सशस्त्र बल उपस्थित थे ।

## ख़ास ख़बर

### आज हिंदी दिवस है, विभिन्न संस्थानों ने इसके महत्व पर डाला प्रकाश

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाटआज हिंदी दिवस है और हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालय एवं बुद्धिजीवियों के द्वारा हिंदी दिवस की महता पर प्रकाश डाला गया एवं किए गए कार्यक्रम। मालूम हो, कि आज ही के दिन 14 सितंबर 1949 ई को एक आयोग के द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा से राजभाषा का दर्जा दिया गया और देवनागरी लिपि की स्वीकृति मिली ।उसके बाद से 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में इस देश में एक तिथि निर्धारित कर मनाए जाने की परंपरा की शुरुआत हुई। इस अवसर पर शैक्षिक संस्थानों सहित विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थान में विभिन्न हिंदी की महता को बतलाया और याद किया जाता है। शिशु शिक्षा मंदिर विद्यालय के प्रधनाध्यापक सुरेश तिवारी ने हिंदी की महता पर प्रकाश डालते हुए बतलाया, कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा राजभाषा और मातृभाषा के तौर पर प्रयोग किया जाता है और हिंदी हम सभी देशवासियों को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करती है ।वहीं शिक्षक अनिल कुमार पासवान ने बताया, कि हिंदी की महता का वर्णन हमारे सभ्यता और संस्कृति से ही है और इस भाषा के प्रयोग से हमारे देश की एक खूबसूरती बढ़ती है। क्योंकि यही एक भाषा है, जो पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। हिंदी को एकता के सूत्र में सभी को बांधने का एक डोर भी उन्होंने कहा। वही आज विभिन्न निजी विद्यालय में भी हिंदी की महता पर प्रकाश डाला गया और बच्चों के बीच हिंदी दिवस के बारे में बतलाया गया। प्रखंड क्षेत्र के काराकाट, गोरारी, बाद ,करूप,नाद सहित विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में हिंदी दिवस की महता पर प्रकाश डाला गया एवं कार्यक्रम हुए।

### साइकिल चोरी की प्राथमिकी दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत कौपा गांव की मोरी पर खड़ी साइकिल की चोरी अज्ञात लोगों के द्वारा कर ली गई । पीड़ित थाना क्षेत्र के पांडेय डिहरी निवासी राम बिहारी राय के 22 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार बुधवार की देर शाम साइकिल से खेत घूमने के वास्ते आये और उन्होंने अपने साइकिल को कौपा गांव के मोरी के समीप खड़ा कर खेत घूमने के लिए चले गए । जब खेत घूम कर आए तो उक्त स्थल पर उनकी साइकिल नहीं थी । उन्होंने अपने साइकिल की खोजबीन काफी किए , लेकिन किसी तरह की कोई सुराक नहीं मिली । साइकिल को खोजते-खोजते श्री कुमार जब सकला और कौपा गांव में आये तो दोनों गांव के लोगों ने बताया कि पल्सर बाइक पर दो सवार अज्ञात लोगों ने साइकिल को सकला और कौपा गांव की ओर ले गए । जिस घटना की वारदात कौपा गांव के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है । उक्त मामले को लेकर पीड़ित के द्वारा साइकिल चोरी की घटना को लेकर लिखित आवेदन देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है । थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि साइकिल चोरी की घटना की सूचना प्राप्त हुई है । पीड़ित के द्वारा उक्त मामले को लेकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया गया है । जिसको लेकर स्थानीय पुलिस प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन में जुट गई है ।

### अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्रखंड दिनारा अंतर्गत 4 पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच के क्रम में अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार शर्मा ने प्राथमिकी दर्ज की है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच प्रखंड दिनारा के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर ग्राम-तेनुअज के हीरा लाल साह पर बकाया और दंडित राशि दोनों जोड़कर 94516 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। आगे बताते चले कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर ग्राम-तेनुअज के ही श्री धनजी पर 30428 तथा शिवबचन सिंह पर 29264 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। आगे बताते चले कि जांच दल द्वारा ग्राम-मिश्रवलिया में पाया कि बिना कोई कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर सरोज कुमार पर 14956 रुपये जुर्माना लगाई गई है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें साथ ही साथ उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत नटवार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# सरकारी योजनाओं में प्राकलन बोर्ड नही बनाए जाने पर डीडीसी हुए शख़्त





**अमित दुबे, शिवसागर दैनिक सुभ भास्कर।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर प्राक्कलन का बोर्ड लगाए बगैर ही विभिन्न योजनाओं के कार्य कराए जा रहे हैं।जहा प्राकलन बोर्ड नही लगने से स्थानीय लोगों को ना ही योजनाओं की और ना ही इसके स्वीकृत राशि का जानकारी मिल पाती हैं।ऐसे में संवेदक मनमाने ढंग से कार्य को करा दे रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि प्राकलन बोर्ड लगने से वहाँ के लोग कार्य के गुणवत्ता सहित स्थिति देखने लगते हैं।जिससे बचने के लिए संवेदक स्थल पर प्राकलन बोर्ड नही लगाते हैं।जबकि सरकार के प्रावधान के मुताबिक कार्य शुरू करने के पहले ही स्थल पर प्राकलन बोर्ड लगाना अनिवार्य है।जहाँ निर्माण सम्बंधित पूर्ण जानकारी देनी होती हैं।

**पंचायतों में चल रही लगभग 90% योजनाओं का नही लगा है प्राकलन बोर्ड-** शिवसागर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना,मनरेगा योजना,चौदहवें वित्त,पंचम वित्त,पंद्रहवे वित्त योजना सहित अन्य योजनाओं का स्थल पर बिन प्राकलन बोर्ड लगाए ही कार्य को करा दिया जा रहा है।जिसमे कोनकी पंचायत के बीउरा में मुखिया द्वारा साल भर पहले नाला का निर्माण कराया गया था जो बनाने के महज दिन बाद ही उसका आधा हिस्सा ध्वस्त हो गया है जो बिन प्राकलन बोर्ड लगाए बगैर ही बना था,दूसरा बड्डी गांव में सेफ्टी दीवाल ग्रामीणों की माने तो एस्टीमेट अनुसार दूरी कम कर बना दियाऔर आज तक बोर्ड नही लगा है।तीसरा सिकरौर पंचायत में छठ घाट का निर्माण और पीसीसी ढलाई।तो वही सोनहर पंचायत के मदेनि गांव से छुरिया गांव तक का पीसीसी ढलाई हो।इसके साथ पटाढ़ी,आलमपुर और मोहम्मद पुर पंचायत में भी छठ घाट का निर्माण बिन प्राकलन बोर्ड के ही निर्माण करा दिए गए हैं।खास बात यह है कि इसकी राशि का विभाग द्वारा आधे योजना से अधिक का भुगतान कर दिया गया है।जो एक बहुत बड़ी प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

**बिन प्राकलन बोर्ड कराए गए कार्यो का होगा जांच,और उचित करवाई-डीडीसी शेखर आनंदः** योजनाओं में लापरवाही और बिन प्राकलन बोर्ड कराए गए कार्यो की जानकारी मिलते ही रोहतास डीडीसी शेखर आनंद काफ़ी शख़्त दिखाई दिए।उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य शुरू होने से पहले स्थल पर प्राकलन बोर्ड लगाना पूर्ण रूप से अनिवार्य है।बिन प्राकलन बोर्ड लगाए निर्माण कराना सरकार के नियम अनुसार मनाही है।और अंत मे कहा कि जहा भी प्राकलन बोर्ड नही लगाया गया है उस संवेदक पर योजनाओं का जांच कर उचित करवाई किया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ता मेरा माटी- मेरा देश कार्यक्रम तहत पहुंचे घर-घर



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** वीर सपूतों की याद में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अभियान तहत भाजपा कार्यकर्ता पहुंच रहें घर-घर । इसको लेकर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह काराकाट विधानसभा भावी प्रत्याशी डॉ० मनीष रंजन ने काराकाट प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क किया । इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को देव मारकंडेय पंचायत के अवदानी बिगहा गांव में शक्ति केंद्र प्रमुख प्रभारी अंटू सिंह व धनहरा पंचायत के पडसर गांव में शक्ति केंद्र प्रमुख प्रभारी विमलेश तिवारी के नेतृव में प्रत्येक घर से पवित्र मिट्टी,चावल को अमृत कलश में संग्रहित कर वीर सपूतों को नमन किया । जबकि मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता डॉ० मनीष रंजन ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान जन जन का अभियान बन चुका है । जो देश की मिट्टी वीर सपूतों के वीरता की अटूट विरासत को समेट कर भविष्य के लिए प्रेरणादायी नींव रखने का ऐतिहासिक कार्य करेगी । साथ ही साथ यह कार्यक्रम भारतीय अखण्डता का प्रतीक भी है । जिसको लेकर शहर से लेकर गांव तक प्रत्येक घर की एक मुठ्ठी माटी कलश में एकत्रित की जा रही है । जिस कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता काराकाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी जनता से मिलकर अभियान को सफल बनाने के लिए वीर सपूतों के याद में मेरा माटी-मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु लोगों के घर-घर पहुंच रहें है ।

## इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अजित शेखर, बिक्रमगंज/रोहतास।** शहर के इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के प्रांगण में हिन्दी दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ इन्दल सिंह सहायक प्राध्यापक ने की । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं तथा शिक्षकों ने अपने-अपने विचार रखे । उक्त कार्यक्रम के दौरान डॉ उदय प्रताप सिंह सहायक प्राध्यापक ने हिन्दी भाषा के ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने पर बल दिए । तो वहीं डॉ रविन्द्र कुमार सहायक प्राध्यापक ने विवेकानंद के शिकागो के धर्म संसद में हिन्दी भाषा में दिए हुए भाषण तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी भाषा में दिए गए भाषण की याद दिलाई । तत्पश्चात प्रो डॉ मनोज कुमार सिंह, शांति प्रकाश सिंह, पुष्पा राणा रसिक , डॉ अरविन्द पाण्डेय, अभिषेक श्रीवास्तव सहित अन्य सहायक प्राध्यापकों ने भी हिंदी दिवस पर अपना-अपना विचार रखा ।

# आज से ही शुरू हो रही है सासाराम जंक्शन से धनबाद जंक्शन के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** आपको बताते हुए बहुत ही हर्ष हो रहा है कि लंबे अरसे के बाद तथा कड़ी परिश्रम से सासाराम जंक्शन से धनबाद जंक्शन के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस आज से शुरू होने जा रही है! विदित हो कि सासाराम जंक्शन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस सज धज कर दुल्हन की तरह तैयार है। आज से धनबाद जंक्शन के लिए रवाना होगी, इंटरसिटी एक्सप्रेस मन ही मन ऐसे इतरा रही है जैसे कि इंटरसिटी एक्सप्रेस को पहले से ही सासाराम से चलने की तैयारी में थी, और इसलिए इंटरसिटी एक्सप्रेस मन ही मन मुस्कुरा रही है कि अब शेरशाह सुरी की धरती से सहस्त्रबाहु परशुराम जी कि धरती से चलने का जो मौका मिला है! इस गाड़ी की परिचालन में पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन टीम की लगन एवं कड़ी मेहनत का मिला सुखद परिणाम है, 15 सितंबर 2023 यानी कि आज से ही 13305/13306 धनबाद-डेहरी इंटरसिटी एक्सप्रेस का सासाराम जंक्शन तक हुआ विस्तार, अब सासाराम के लोगों को दोपहर में औरंगाबाद, गया, कोडरमा एवं धनबाद जाने के लिए होगी यह नई ट्रेन। हमारी टीम के सदस्य कुंडल सिंह जावेद अख्तर एवं श्याम सुंदर पासवान द्वारा लगातार अधिकारियों से संपर्क कर इस ट्रेन का विस्तार हुआ है जो कि सासाराम जंक्शन से संध्या 3:25 पर खुलने का समय निर्धारित किया गया है! सासाराम जंक्शन तक कराने में रही सफल, डीडीयू मंडल, हाजीपुर जोन, एवं रेलवे बोर्ड के अधिकारियों को और रेल मंत्री को हमारी टीम एवं सासाराम की समस्त जनता की तरफ से कोटि-कोटि बधाई है! बधाई देने वालों ने पुलिस पब्लिक हेल्पलाइन के कुंडल सिंह, जावेद अख्तर, श्याम सुंदर पासवान, सूर्यनाथ सिंह, रमेश कुमार पांडे, धनंजय मेहता, पतंजलि मिश्रा, नवल किशोर, मोहम्मद फैयाज, प्रवीण कुमार वर्मा, सपना कुमारी, सृष्टि चौबे, अभिनंदन कुमार, और खुशबू कुमारी आदि शामिल है।

### योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण जयंती समारोह सम्पन्न

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र के काराकाट पंचायत अंतर्गत सुगीबाल में गुरुवार को छठीहार पूरे ही धूमधाम से मनाई गई । भगवान श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर परिचर्चा किया गया । परिचर्चा में सैकड़ो वक्ताओं ने भाग लिया और श्रीकृष्ण जी के जीवनी पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव प्रसाद सिंह ने किया तो वहीं उसका संचालन कामता मास्टर लोकगीत गायक ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालबाबू सिंह काराकाट लोकसभा के भावी उम्मीदवार मौजूद थे । मुख्य वक्ताओं में जगनारायण सिंह पिछड़ा आयोग के पूर्व वरीय सदस्य श्री कृष्णा , सरपंच नंदकुमार सिंह , जिला महासचिव , बलिराम मिश्र , मदन , पूर्व मुखिया रामेश्वर सिंह , रजनी कांत तिवारी शिक्षक , अशोक सिंह , बालेश्वर सिंह , मंटू सिंह , जितेंद्र सिंह , रेनू यादव , भगवानी देवी , चंदा देवी तो वही ग्रामीणों में रामबाबू सिंह , नंदकुमार सिंह , गुप्तेश्वर सिंह , पारस सिंह , जयप्रकाश सिंह, कामेश्वर सिंह , झाबर सिंह, शिवप्रसाद सिंह, तरुण सिंह, मुन्ना सिंह इत्यादि सैकड़ो लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

### 18 सितंबर को हरितालिका (तीज) पर बन रहे बेहद दुर्लभ संयोग



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** 18 सितंबर 2023 को भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरितालिका तीज का व्रत रखा जाएगा । विवाहिता इस दिन 24 घंटे का निर्जला व्रत रख पति की लंबी आयु की कामना करती है । इस व्रत में सुहागिनें और कुंवारी लड़कियां रात्रि जागरण कर शंकर, पार्वती सहित समस्त परिवारों की पूजा करती है । इस साल हरितालिका तीज व्रत बहुत खास संयोग लेकर आ रहा है, जो स्त्रियों को कई गुना लाभ देगा ।

**हरितालिका तीज 2023 का शुभ योग :** इस साल हरितालिका तीज का व्रत रवि योग, इंद्र योग के संयोग में रखा जाएगा । खास बात तो यह है कि हरितालिका तीज के दिन सोमवार पड़ रहा है । ये व्रत और सोमवार का दिन दोनों ही शिवजी को समर्पित है । ऐसे में हरितालिका तीज की पूजा से महादेव बहुत प्रसन्न होंगे ।

**कैसे पड़ा हरितालिका तीज व्रत का नाम :** पौराणिक कथाओं के अनुसार देवी पार्वती मन ही मन शिवजी को अपना पति मान चुकी थी , लेकिन उनके पिता ने उनका विवाह भगवान विष्णु से तय कर दिया था । ऐसे में पार्वती की सहेलियां उनका अपहरण कर जंगल में ले गई । जहां माता पार्वती ने शिव को पाने के लिए कठोर तप किया, भूखे प्यासे रहकर साधना करती रही ।भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन देवी पार्वती ने मिट्टी के शिवलिंग बनाकर उनकी पूजा की । जिससे शिवजी माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न हुए और उन्हें पत्नी स्वीकार कर लिया । माता पार्वती की सहेलियां उनका हरण कर जंगल में लाई थी , इसलिए इस व्रत को हरितालिका अर्थात तीज के नाम से जाना जाता है ।

### तीन दिवसीय राणी सती दादी भाद्रपद महोत्सव मेहंदी उत्सव से शुरू



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन शाखा डेहरी डालमिया नगर के तत्वाधान में तीन दिवसीय भाद्रपद महोत्सव बुधवार से डेहरी नगर क्षेत्र स्टेशन रोड स्थित झुंझुनू वाला वाटिका में शुरू हुआ। मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष पवन झुनझुनवाला के अध्यक्षता में तीन दिवसीय कार्यक्रम में बुधवार को मेहंदी उत्सव कार्यक्रम का आगाज हुआ बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश बंगाल से चलकर आए दादी भक्तों ने मेहंदी उत्सव में भाग लिया महिलाओं ने अपने हाथों पर मेहंदी रचाई और राजस्थान से आए कलाकारों के संगीत पर झूमते नजर आए शाम 3 बजे से लेकर रात्रि 10 बजे तक लोगों ने संगीत में प्रस्तुति पर झूम-झूम कर अपने कुलदेवी रानी सती दादी के समक्ष नाचते नजर आए मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष श्री पवन झुनझुनवाला ने बताया कि भाद्यपद महोत्सव बुधवार से लेकर शनिवार तक चलेगा पहला दिन मेहंदी उत्सव किया गया गुरुवार को शाम 4:00 बजे से ज्योत जागरण एवं भजन संध्या बाहर से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा और तीसरा दिन शुक्रवार को 10:30 बजे दादी नाम की माला। तथा 3:00 से मंगल पाठ दादी की महा आरती रात्रि 9:00 बजे मुख आकर्षण 56 भोग रहेगा वही इस आयोजन को लेकर दादी की दरबार को बड़े ही खूबसूरत आकर्षक ढंग से बंगाल के आए कलाकारों द्वारा फूलों से दरबार सजाया जा रहा है यह एक आकर्षण का केंद्र बना हुआ। इस मौके पर अध्यक्ष पवन झुनझुनवाला संरक्षक संत शर्मा सचिव वेद शर्मा ज्ञान शर्मा चंदन शर्मा सोनू झुनझुनवाला गोविंद झुनझुनवाला मोहित अग्रवाल अटल कुमार अर्जुन केसरी संजय गुप्ता बंटी चमरिया मोहित अग्रवाल गोपाल पोद्दार पीयूष अग्रवाल पप्पू अग्रवाल ऋषिपाल सहित हजारों दादी भक्त मौजूद।

बैठक | योजनाओं के क्रियान्वयान कराये जाने आदि कार्यों में उत्पन्न समस्याओं के बारे में समीक्षा की गयी

# डीएम की अध्यक्षता में भू अर्जन की समीक्षा बैठक




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** जिला पदाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार के द्वारा भूअर्जन से संबंधित कार्यो की समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिसमें जिला भूअर्जन पदाधिकारी, उप परियोजना प्रबंधक, डीएफसीसीआईएल, डीडीयू परियोजना निदेशक सासाराम एवं परियोजना निदेशक पटना एवं परियोजना निदेशक वाराणसी के प्रतिनिधि, अंचल अधिकारी सासाराम, कोचस, चेनारी शिवसागर एवं अन्य सभी संबंधित अधियाची विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया। बैठक में भूअर्जन से संबंधित मामलों में मुआवजा भुगतान करने एवं अधियाची विभाग के पदाधकारियों के द्वारा भूअर्जन के पश्चात योजनाओं के क्रियान्वयान कराये जाने आदि कार्यों में उत्पन्न हो रही समस्याओं के बारे में समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में निम्नांकित निर्देश दिया गया जिसमें मुख्य रूप से डीएफसीसीआईएल डीडीयू के द्वारा उठाये गये बिन्दु के आलोक में जिला भूअर्जन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिन रैयतों के मुआवजा के संबंध में स्वत्व का विवाद है या रैयत द्वारा नोटिस व आम सूचना के प्रकाशन के बाद भी राशि प्राप्त नहीं की जा रही है, उसके अभिलेख एवं राशि को प्रिंसपल सिविल कोर्ट को संदर्भित किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अविलंब कार्रवाई करते हुये संरचना विधिवत हटाने का निर्देश अधियाची विभाग को अंचल अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के सहयोग से करने का निदेश दिया गया। जिला भूअर्जन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी अधियाची विभाग सो अधिग्रहित भूमि के दाखिल-खारिज कराने हेतु विहित प्रपत्र में यथा- अधिग्रहित भूमि का रकवा, खाता/खेसरा/रैयत का नाम एवं अधिग्रहण के विरुद्ध रैयत को किये गये भुगतान आदि के संबंध में प्रतिवेदन अंचलवार प्राप्त करते हुये संबंधित अंचल अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुये अधिग्रहित भूमि का दाखिल खारिज ससमय करवाना सुनिश्चित करें।सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को निदेश दिया गया कि जितने भी अधियाची विभाग के द्वारा अधिग्रहित भूमि के दाखिल-खारिज हेतु आवेदन पत्र दिया गया है, उन सभी मामलों का अविलंब दाखिल-खारिज विहित प्रक्रिया के तहत करना सुनिश्चित करें। उन्हें यह भी निदेश दिया गया कि यदि किसी मामलें में किसी रैयत को कोई आपत्ति हो तो संबंधित रैयत एवं संबंधित अधियाची विभाग को नोटिस निर्गत कर उसकी नियमानुसार सुनवाई कर संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित करें।बैठक में उपस्थित सभी अधियाची विभाग के पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि अधिग्रहित भूमि पर कार्य प्रारम्भ करने के क्रम में यदि किसी व्यक्ति या रैयत के द्वारा कोई समस्या उत्पन्न किया जाता है या अतिक्रमण को हटाने के संबंध में कोई व्यवधान उत्पन्न करता है तो उसकी वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी अवश्य तैयार कराना सुनिश्चित करेंगें।बैठक में उपस्थित सभी अधियाची विभाग पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि अधिग्रहित भूमि के दाखिल-खारिज के संबंध में पत्र के माध्यम से जिला भूअर्जन पदाधिकारी, रोहतास को अंचलवार सूचना दें कि किन-किन अंचलों को कितने मामलों को दाखिल-खारिज हेतु आवेदन दिया गया है तथा उसमे कितने वादों का निष्पादन हो चुका है, और कितने वाद किन-किन अंचलों में अभी तक लंबित है।

# राजकीय बुनियादी विद्यालय जयश्री में बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़, शौचालय में लगे नल की पानी से बन भोजन








**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** रोहतास जिले का काराकाट प्रखंड आज कल काफी चर्चा में है। जहां हर दिन एक से बढ़ कर एक शिक्षा विभाग से खबर निकल कर सामने आ रही है। ताजा मामला काराकाट प्रखंड क्षेत्र के जयश्री से है, जहां राजकीय बुनियादी विद्यालय जयश्री में छात्र - छात्राओं के लिए बनने वाला खाना ( मिड-डे- मिल ) प्रधानाध्यापक द्वारा शौचालय की टंकी से निकले हुए पानी से बच्चों के लिए खाना बनवाया जा रहा है। मामले की जानकारी के लिए जब प्रधानाध्यापक से सवाल किया गया तो आश्चर्यजनक जवाब मिला। प्रधानाध्यापक शलिल कुमार का साफ साफ कहना था की उन्ही के द्वारा ऐसा किया गया है। उन्होंने कहा की स्कूल की जर्जर व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा जांच करने आ रहे अधिकारियों को दिखाने के लिए उन्होंने इतना घटिया कदम उठाया है। वही मामला प्रकाश में आने के बाद प्रखंड से लेकर जिला तक शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है। जहां एक ओर बिहार सरकार प्राथमिक एवम माध्यमिक विद्यालयों के छात्र, छात्राओं के लिए तरह तरह की योजनाएं लाकर शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर करी है। वही दूसरी ओर उनके ही शिक्षको के द्वारा सरकार की फजीहत कराने की भरपूर कोशिश किया जा रहा है। राजकीय बुनियादी विद्यालय जयश्री के छात्र - छात्राओं के साथ-साथ शिक्षिका भी दबे जुबान में बताया कि विद्यालय में शौच क्रिया करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूरे विद्यालय परिसर में एक भी शौचालय सुचारू रूप से चालू नही है, और एक है भी तो प्रधानाध्यापक अपने लिए ताला लगा दिए है। जिससे बच्चों से लेकर शिक्षक, शिक्षिका, सभी परेशान है। विद्यालय में घोर अनियमितता है, साफ सफाई से लेकर स्कूल के विधि व्यवस्था सब चरमराई दिखाई पड़ रहा है।

## ख़ास ख़बर

### जेसीबी व मजदूरों के माध्यम से अतिक्रमित भूमि को किया गया अतिक्रमण मुक्त





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत डेरवां गांव में जेसीबी व मजदूरों के माध्यम से, अतिक्रमित भूमि को किया गया अतिक्रमण मुक्त। मिली जानकारी के अनुसार डेरवां ग्राम वासी माले नेता गोपाल सिंह के द्वारा, गांव अंतर्गत आना बाद सर्वसाधारण ग्रामीण सड़क की भूमि को अतिक्रमण कर गृह निर्माण कार्य किया गया था। जिसके विरुद्ध ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण मुक्त करने हेतु विगत ६ वर्ष पहले शासनिक पदाधिकारीयों से गुहार लगाया गया था। जिस संदर्भ में कुदरा अंचल पदाधिकारी द्वारा अतिक्रमण वाद संख्या १/१६-१७ अनुसंधारित कर कार्यवाही किया जा रहा था। जिस पर जिला पदाधिकारी कैमूर के आदेशानुसार अतिक्रमित भूमि पर कार्यवाही करते हुए, अंचल पदाधिकारी प्रभार सह राजस्व अधिकारी सुचिता कुमारी के नेतृत्व में अतिक्रमित भूमि को जेसीबी एवं मजदूरों के माध्यम से अतिक्रमण मुक्त किया गया। मौके पर थाना अध्यक्ष संजय कुमार के निर्देश में सुरक्षा की दृष्टिकोण से एस आई रामायण मिश्रा दलबल के साथ उपस्थित रहे।

### थाना प्रशासन द्वारा विभिन्न मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। जिला के कुदरा थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र से विभिन्न मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार के द्वारा बताया गया कि थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मद्य निषेध कानून को संकल्पित रूप से पालन करते हुए नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में गुरुवार के दिन देर शाम थाना क्षेत्र अंतर्गत जहानाबाद ग्राम वासी अजय राम पिता नथुनी राम को 8 p.m. अंग्रेजी शराब १८० एम एल की दो पीस टेट्रा पैक के साथ गिरफ्तार किया गया। वही थाना क्षेत्र के डेरवां ग्राम वासी अजय कुमार सिंह पिता रामकृत सिंह एवं थाना क्षेत्र के जहानाबाद ग्राम वासी रविंद्र कुमार तिवारी पिता जमुना तिवारी, थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरी ग्रामवासी बाबूलाल पासवान पिता शिव मोहन पासवान, के साथ ही सुनील कुमार पिता शिवकुमार पासवान ग्राम सहुआर थाना करहगर को शराब पीने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। जिन्हें स्वास्थ्य जांच के उपरांत शुक्रवार को जेल भेजा जा रहा है।

### विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत गांव में पसरा सन्नाटा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, कैमूर**। जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में काली मां के मंदिर के समीप बारी में विद्युत करंट की चपेट में आने से महिला की हुई मौत, गांव में पसरा सन्नाटा। संदर्भ में जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों के द्वारा बताया गया, कि दोपहर में बिजली कटे होने की वजह से महिला अपने दरवाजे पर बैठी हुई थी, जिस वक्त बिजली आया विद्युत करंट में फाल्ट होने की वजह से विद्युत का तार महिला के शरीर पर गिर गया। तार को हटाने के समय ही महिला विद्युत करंट की चपेट में आ गई। परिजनों द्वारा आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां जांच के क्रम में डॉक्टरों द्वारा पाया गया कि महिला की मौत हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा कर शव को कब्जे में लेते हुए अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेज गया। अंत परीक्षण के उपरांत शव परिजनों के हवाले कर दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार मृतक शांति देवी के एक लड़की और दो लड़के बताए जा रहा है। जो बड़ी लड़की खुश्बू कुमारी उम्र करीब 17 वर्ष,सोनू कुमार उम्र करीब 12 वर्ष और तीसरा सबसे छोटा पुत्र शिवम कुमार है जो मानसिक रूप से कमजोर है। और इतना कमजोर है की अपने माँ के शव के बगल में बैठा था जिसको ये भी पता नही की उसकी माँ इस दुनिया को छोड़ कर चली गई । पति सुरेंद्र सेठ जो मजदूरी काम करने के लिए अभी कुछ दिन पहले बाहर गए हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर है। शांति देवी आपने तीनो बच्चो का देखभाल करती थी तीनो बच्चो को छोड़कर इस दुनिया से चलीं गईं।

# जिला पदाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण





**दैनिक भास्कर संवाददाता कैमूर सदर, (कैमूर)**। स्थानीय प्रखंड व अंचल सहित स्वास्थ्य केंद्र रामपुर का औचक निरीक्षण गुरुवार को जिलाधिकारी सावन कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान सभी विभाग के सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच किया गया। डीएम ने सबसे पहले पीएचसी स्थित बन रहे 30 बेड का अस्पताल का नए भवन का जांच किया, इस दौरान उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को एक माह के अंदर भवन को हैंडोवर करने का शख्स निर्देश दिया ।उन्होंने बताया कि भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण हुआ है बिजली पेंटिंग एवं टाइल्स का कार्य पूर्ण है अन्य कार्य प्रगति पर है। 1 माह के अंदर पीएचसी को सी एच सी कर दिया जाएगा।इसके बाद डीएम ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया जहां अंचल का उपस्थिति पंजी डाक संबंधित जिला जनता दरबार, व जन शिकायत का संचिका सहित अन्य संचिकाओं को एक-एक कर बारीकी से जांच किया। इस दौरान अधूरे पड़े कार्यो का तत्काल पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। वही भूमि मापी कार्य का अधूरा आवेदकों का आवेदन पाया गया जिस पर सी ओ से पूछताछ किया गया तो ,सी ओ के द्वारा बताया गया कि जल जमाव व वर्षा का पानी जमा होने के कारण मापी का कार्य पेंडिंग है जिसे पानी सूखने के बाद किया जाएगा। इस पर डीएम ने सी ओ को निर्देश दिया कि जल जमाव वाले भूमि का भौतिक सत्यापन कर फोटो के साथ रिपोर्ट भेजें, उन्होंने नेट नहीं रहने के कारण ऑनलाइन लंबित आवेदनों का जांच नहीं कर पाया क्योंकि नेटवर्किंग में करंट आने से नेट नहीं चला, इसके बाद प्रखंड का जांच किया गया जहां जातीयजनगणना का कार्य का अंतिम स्टेज है, जिसका वेरिफिकेशन चल रहा है उसका भी जांच किया गया। साथ ही साथ मुख्यमंत्री आवास योजना के बारे में जो विधवा व विहीन परिवार को देना है जिसे तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं डीएम को निरीक्षण कर बाहर निकलने के बाद प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने अपना फरियाद व शिकायत किया जिसे तत्काल समाधान हेतु संबंधित विभाग को पूर्ण करने हेतु डीएम ने निर्देश दिया। उन्होंने फरियादियों से कहा कि अगर आप की समस्या का समाधान नहीं होता है तो आप सीधे डीएम कार्यालय में आकर मिले।

## औद्योगिक इकाइयों को उन्नत बनाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी ने की बैठक



**दैनिक भास्कर संवाददाता, कैमूर**। समाहरणालय दिनाँक 14-09-2023 को जिला पदाधिकारी के द्वारा औद्योगिक इकाइयों को उन्नत बनाने के उद्देश्य से बैंक कर्मियों के साथ किया गया बैठक दिया गया विभिन्न दिशा निर्देश।भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा एवम् अन्य बैंक के शाखा प्रबंधकों जिला समन्यको के साथ पी एम एफ एम इ एवं पी एम इ जी पी योजना की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी |जिला पदाधिकारि द्वारा पी एम एफ एम इ योजना के द्वारा नई औद्योगिक इकायों को लगाने, पुरानी औद्योगिक इकाई को उन्नत बनाने एवम् अधिक से अधिक संख्या में युवायों एवम युवतियों को ऋण उपलब्ध करते हुऐ सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करवाने का निर्देश दिया गया।

## वाहन जांच अभियान, 6500 रूपए का वसूला गया जुर्माना



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)**। थाना प्रशासन द्वारा कुदरा भभुआं मोड़ के समू चलाया गया वाहन जांच अभियान, अनियमितता के आरोप में , जांच टीम थाना प्रशासन द्वारा वसूला गया ६५०० रुपए का जुर्माना राशि। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार द्वारा बताया गया, के वाहन की चोरी व वाहन से घटना दुर्घटना के साथ ही अवैध सामग्रियों की परिचालन पर रोक लगाने हेतु, कुदरा भभुआं मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें की सात वाहन चालकों से वाहन अधिनियम के पालन न करने के जुर्म में ६५०० रुपए का जुर्माना राशि वसूला गया।

## दुर्गावती के मुख्य बाजार में शौचालय नहीं जनता परेशान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)**। भारत सरकार के द्वारा चलाए गए अभियान के बावजूद भी आज तक दुर्गावती बाजार में शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया।जिसके कारण सुदूर ग्रामीण इलाकों से आने वाले पुरुष और महिलाओ को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यदि बीच बाजार में किसी भी महिला या पुरुष को शौच लग जाए तो दुर्गावती नदी के अलावा कोई रास्ता नहीं दिखाई देता। बात यहीं खत्म नहीं होती है बाजार में पंचायत के द्वारा पूर्व में निर्मित मूत्रालय जो पुरुषों और महिलाओं के लिए बनाए गए थे वह भी अपनी दुर्दशा पर रो रहे हैं। दुर्गावती बाजार में दो मूत्रालयों का निर्माण किया गया था लेकिन बाजार वासियों के द्वारा कूड़ा फेंक कर पूर्ण तरह से बंद कर दिया गया और उसके अगल-बगल जमीन को अतिक्रमण कर लिया गया। दुर्गावती बाजार इस प्रखंड का मुख्य बाजार होने के बावजूद भी आज तक शौचालय पेशाब घर और पीने वाले पानी के अभाव में सुना पड़ा है। समाचार पत्र के माध्यम से सुदूर ग्रामीण जनता ने सरकार का ध्यान इस और आकृष्ण कराया है ताकि सरकार प्रखंड के मुख्य बाजारों को शौचालय युक्त और पेशाब खाना युक्त करने की दिशा में काम करें ताकि जनता को इन सब दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### मनाया गया हिंदी दिवस समारोह



**दैनिक भास्कर संवाददाता कैमूर सदर, (कैमूर)**। 'हिंदी दिवस' समारोह समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मनाया गया राजभाषा हिंदी की महत्ता एवं उसके व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है Iइस संबंध में सामान्य शाखा पदाधिकारी एवं जिले के पदाधिकारी तथा कर्मियों के द्वारा हिंदी भाषा को बढ़ावा देने एवम उपयोग करने के बिंदु पर परिचर्चा किया गया।

### जिलाधिकारी द्वारा आयोजित किया गया जनता दरबार



**दैनिक भास्कर संवाददाता कैमूर सदर**। जिला पदाधिकारी कैमूर के द्वारा आयोजित दैनिक जनता दरबार में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए । अधिकतर मामले भूमि विवाद से संबंधित थे ।जिला पदाधिकारी द्वारा प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### शराब तस्करी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर सदर, (कैमूर)**। भभुआ , कैमूर पुलिस द्वारा गुप्त सूचना पर शराब तस्कर को पुलिस द्वारा डीसीएम ट्रक पर 2147 लीटर शराब लाकर पास करने वाले मुख्य अभियुक्त व मास्टरमाइंड को घर से गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार तस्कर व मास्टरमाइंड रागिब पिता रिफाकत ग्राम वैट थाना सिंभावली को उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले का रहने वाला है जो शराब तस्करी का मास्टरमाइंड था।

### जिलाअधिवक्ता संघ ने किया संगोष्ठी का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कैमूर**। व्यवहार न्यायालय परिसर पुस्तकालय भवन में दिनांक 14 सितंबर 2023 को समय 1:30 बजे दिन में जिलाअधिवक्ता संघ भभुआं के द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर किया गया संगोष्ठी का आयोजन। जिसकी अध्यक्षता संघ के पूर्व महासचिव ओम प्रकाश एवं संचालन पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडेय ने किया। पूर्व संयुक्त सचिव मंटू पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश के स्वतंत्र होने के 2 साल बाद 14 सितंबर 1949 ई को संविधान सभा में एक मत से पारित करते हुए प्रत्येक साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया, कि भारत की राजभाषा हिंदी होगी। हिंदी के प्रचार प्रसार समिति ने हिंदी दिवस के रूप में मनाने का 14 सितंबर 1953 ईस्वी को हिंदी दिवस मनाने के लिए निर्णय पारित किया। और प्रत्येक 10 जनवरी को प्रत्येक साल विश्व हिंदी दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया। आजादी मिलने के बाद 14 सितंबर 1949 ई को भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय की धारा 343 क्लोज वन में हिंदी राजभाषा माना गया। कार्यक्रम में पूर्व महासचिव ओम प्रकाश पूर्व सहित सचिव मंटू पांडे अनिरुद्ध सिंह अशोक कुमार से अमित कुमार रामलाल प्रसाद विजयमल श्रीवास्तव अमित त्रिवेदी इत्यादि अधिवक्ता उपस्थित थे।

### डेंगू के बढ़ते प्रकोप को लेकर डीएम ने किया बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)**। डीआरडीए सभागार में डेंगू से संबंधित जिला स्तरीय बैठक जिला पदाधिकारी महोदय धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें डेंगू के बढ़ते प्रकोप को कम करने के लिए निम्न उपाय बताये गये जिसमें मुख्य रूप से डेंगू एक वायरल फिवर है। यह बीमारी संक्रमित मादा एडिस मच्छर के काटने से होती है। यह मच्छर दिन में काटता है एवं स्थिर साफ पानी में फैलता है। जिसमें तेज बुखार, बदन दर्द, सर एवं जोड़ों में दर्द, आँखों में पिछले हिस्से में दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे/चकते का निशान, नाक एवं मसूढ़ों से रक्त का स्त्राव जैसे लक्षण पाये जाते हैं। इससे बचाव के लिए दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। मच्छर मारने वाली दवा/क्रीम का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढ़कने वाले कपड़े का इस्तेमाल करें। घर के सभी कमरों का साफ सुथरा एवं हवादार बनाये रखें। डेंगू के फिवर के रोकथाम के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को भूमिका दी गई की वे पंचायती राज संस्था के सभी जन प्रतिनिधि की बैठक बुलाकर उन्हें सेंसेटाइज (संवेदीकृत किया जाय) करें। इसके साथ ही सभी विकास मित्रों, चौकीदारों को भी निर्देश दिया जाय कि वे घर-घर जाकर यह जानकारी बतायें कि अपने घर के आसपास जल जमाव नहीं होने दें। गमले, कूलर, पुराने टायर आदि में पानी जमा नहीं होने दें । उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, सभी चिकित्सा पदाधिकारी रोहतास, सभी प्रखण्ड स्वास्थ प्रबंधक, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

समारोह | उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी भगवानपुर के परिसर में एक भव्य समारोह किया गया

## उत्क्रमित उच्च मध्य विद्यालय टोड़ी के लिए भूमि दाता स्वर्गीय बाबू मंगल सिंह के मूर्ति का हुआ अनावरण





**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआं, भभुआं (कैमूर)**। अनुमंडल के भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी भगवानपुर के परिसर में एक भव्य समारोह किया गया, पूर्व सांसद आनंद मोहन के कर कमलो द्वारा जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता टोड़ी पंचायत के मुखिया कमलेश शर्मा द्वारा किया गया,एव संचालन फ्रेंड्स ऑफ आनंद के जिला अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप सिंह (पिंटू)ने किया। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद आनंद मोहन जी का भगवानपुर प्रखंड के उप प्रमुख संजय सिंह उर्फ भोला सिंह व फ्रेंड्स ऑफ आनंद के वरिष्ठ नेता जितेंद्र कुमार सिंह उपेंद्र कुमार सिंह अरविंद कुमार सिंह द्वारा अंग वस्त्र देकर पूर्व सांसद आनंद मोहन जी को सम्मानित किया गया,साथ ही अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह उर्फ पंकज सिंह ने मां मुंडेश्वरी का तेल चित्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद आनंद मोहन जी ने कहां की विद्यालय के भूमि दाता स्वर्गीय बाबू मंगल सिंह ने विद्यालय के लिए जमीन देकर बहुत बड़ा कार्य किए हैं शिक्षा के लिए जमीन दान एक महान दान है और लोगों को उनसे प्रेरणा लेना लेना चाहिए सरकारी विद्यालय में साधारण व गरीब परिवार के लोग के बच्चे पढ़ते हैं। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तोड़ी भगवानपुर की छात्राएं निशा कुमारी अजमेरी खातून नसरीन खातून राधिका कुमारी सुमित्रा कुमारी द्वारा आए हुए अपने मुख्य अतिथि के स्वागत मे गीत प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में फ्रेंड्स ऑफ आनंद के राष्ट्रीय महासचिव आसिफ अली, कृपा नारायण सिंह, हरिहर सिंह, दीपक सिंह ,अशोक सिंह, शंकर दयाल सिंह, सुजीत सिंह ,सरफुद्दीन अंसारी, अरविंद सिंह, अभय सिंह ,मनोज पासवान ,बबलू सिंह ,अरुण सिंह ,हरसानी राम, सरपंच महबूब अंसारी, अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह, विनोद सिंह, हीरा सिंह ,कमलेंद्र सिंह, दुर्गा सिंह, इत्यादि सभी लोग उपस्थित रहे।

## उत्पाद विशेष न्यायाधीश ने अलग-अलग तीन मामलों में अपराधियों को दिया कारावास की सजा




**दैनिक भास्कर संवाददाता, कैमूर**। उत्पाद विशेष न्यायाधीश द्वारा अलग-अलग तीन मामलों में अपराधियों को दिया गया कारावास की सजा। 14 सितंबर 2023 को उत्पाद विशेष न्यायाधीश द्वितीय धर्मेंद्र कुमार तिवारी की अदालत में 3533 लीटर देसी अंग्रेजी दारू बरामदगी मामले में अभियुक्त आकाश कुमार पिता नाहर सिंह ग्राम रामनगर थाना गगरी जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को 7 बर्ष का कठोर कारावास एवं 100000 रुपए का जुर्माना। जुर्माना की राशि ना भुगतान करने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास। इस केस के सूचक राजीव रंजन सिंह दुर्गावती थाना अध्यक्ष के द्वारा दिनांक 22 जनवरी सन 2023 को दुर्गावती थाना क्षेत्र के दिल्ली टोल प्लाजा के पास मुसहर टोली के पास उत्तर प्रदेश से आ रही डीसीएम ट्रक 6 चक्का से दारू बरामद कर मामला दर्ज किया गया था। अभियोजक निशिकांत निलेश एवं बचाव पक्ष अधिवक्ता संजय कुमार तिवारी ने अपना पक्ष रखा। दूसरा मामला सिविल कोर्ट भभुआं में धारा 30 a उत्पाद अधिनियम के तहत अभियुक्त भोला कुमार उर्फ इंद्रजीत कुमार पिता विश्व चौधरी साकीम डेहरी पाली रोड थाना डिहरी जिला रोहतास सासाराम बिहार को 105 लीटर दारू बरामदगी मामले में 6 बर्ष का कठोर कारावास व 100000 रुपए जुर्माना। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा। उत्पाद विशेष लोक अभियोजक निशिकांत निलेश ने बताया कि इस केस के सूचक नीलू कुमारी और निरीक्षक मद्य निषेध चांद आंचल कुमार के द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2022 को 5:00 बजे पूर्वाह्न खामी दौरा मोड़ के उत्तर से टेंपो में जांच के दौरान 105 लीटर देशी एवं अंग्रेजी दारु बरामद हुआ था।बचाव पक्ष की अधिवक्ता रमेश प्रसाद ने अपना पक्ष रखा।वही तीसरे मामले में उत्पाद विशेष न्यायाधीश द्वितीय धर्मेंद्र कुमार तिवारी की अदालत सिविल कोर्ट भभुआं में धारा 30 ए उत्पाद अधिनियम के तहत अभियुक्त मनु चौधरी पिता सिविल दुनिया सकीम खर्राटे थाना कुढ़नी जिला कैमूर को दोषी पाते हुए 5 बरस का कठोर कारावास व 100000 रूपए का जुर्माना राशि, जुर्माना नहीं भरने की स्थिति मे 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। उत्पाद विशेष लोक अभियोजक निशिकांत निलेश ने बताया कि इस केस के सूचक जयप्रकाश थाना अध्यक्ष कुढ़नी के द्वारा दिनांक 7 नवंबर 2021 को समय करीब 2:30 बजे दिन में चंदेश चौक में छापामारी के दौरान अभियुक्त के किराना दुकान से 8 लीटर दारू बरामद कर मामला दर्ज किया गया था। बचाव पक्ष से अधिवक्ता संतन तिवारी ने अपना पक्ष रखा।

## ख़ास ख़बर

### पर्यवेक्षकों के मौजूदगी में परीक्षा हुआ संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर**। जखनिया ब्लाक के समस्त परिषदीय विद्यालयों में दूसरे दिन पर्यवेक्षकों के मौजूदगी में परीक्षा संपन्न कराई गई। खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी ने बताया कि 13 सितंबर को कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों का नेट त्रैमासिक आकलन परीक्षा संपन्न कराई गई ।जिसमें ओएमआर शीट बेस्ट परीक्षा में 91% बच्चों की उपस्थिति रही। तथा 14सितंबर को कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों का परीक्षा सकुशल संपन्न हुआ।जिसमे पर्यवेक्षक के रूप में तथा नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम, सीडीपीओ धनेश्वर कुमार ,खंड शिक्षा अधिकारी निर्लेंदु चौधरी सहित सचिव भी केंदो पर भ्रमण करते रहे।

### छापामारी के दौरान पांच मोटरसाइकिल व अवैध कोयला हुआ जब्त



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा**। गुप्त सूचना के आधार पर नाला पुलिस ने सियारकेटिया के समीप छापामारी की। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि छापामारी के दौरान सियारकेटिया के समीप स्थित नहर के पास से पाँच मोटरसाइकिल तथा साढ़े सात क्विंटल अवैध कोयला जप्त किया गया। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल छोड़कर कारोबारी भाग गए, वहीं पुलिस द्वारा सभी वाहन जब्त कर थाना लाया गया। समाचार भेजे जाने तक प्राथमिक दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी।मौके पर एएसआई शंभूनाथ दत्ता सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी तथा सशस्त्र बल आदि मौजूद थे।

### जमीनी विवाद व महिला की पिटाई के मामले में पुलिस ने चार महिलाओं समय सात का किया शांति भंग में चालान

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर**। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के एमांबंशी गांव में जमीनी विवाद में पुलिस ने एक महिला समेत दो का किया शांति भंग में हुआ चालान। जिसमें राहुल और रानी सिंह का शांति भंग चालान।केशवपुर गांव में खेत से सब्जी उखाड़ने के विवाद में प्रथम पक्ष से चंदा, पुजा तथा दृतीय पक्ष से बबिता का शांति भंग में चालान।दुल्लहपुर थाने के सिखडी गांव में अपने भाभी ज्योति की पिटाई के मामले में दो सगे भाई राजकुमार और हरिपाल का शांतिभंग में चालान किया।

### हिंदी दिवस पर छात्रों द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्य, जमानियां**। विविधताओं से भरे इस देश में लगी भाषाओं की फुलवारी हैं। इनमें हमकों सबसे प्यारी, हिंदी राष्ट्रभाषा हमारी है। हिंदी दिवस पर आयोजित की समारोह। बताया जा रहा है। की 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर, सत्यम इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों के लिए कविता पाठ, नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी सदनों के छात्रों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। सत्यम इंटर नेशनल स्कूल के छात्रों को राष्ट्रीय भाषा-हिंदी के प्रति प्रेम और सम्मान विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। अंत में एपीजे अब्दुल कलाम हाउस के छात्र पलक गुप्ता (9th) खुशी कुमारी (5th), अनन्या कुमारी (6th) आलिया जमाल (8th) राहुल मौर्य (7th) विजेता रहे। इस बाबत प्रबंध निदेशक सत्य प्रकाश मौर्य, प्राचार्य एल डी जेना, एपीजे अब्दुल कलाम हाउस प्रभारी नफीस अंशारी, जूनियर सेक्शन हेड सुश्री काजल गुप्ता और सीनियर सेक्शन हेड सुश्री रजीना रहमान द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए और साथी साथ अन्य सदन के अध्यापकगण निकिता जयसवाल, नसीम अंसारी, मनोरमा देवी, सरवत जहां, रजिया रहमान ओम प्रकाश चौरसिया, अंकिता चौरसिया, दरक्शा सिद्दीकी, साफिया खान, खुशबू कुमारी, अजीत सिंह यादव उपस्थित रहें। यहां छात्रों द्वारा पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से हिंदी दिवस समारोह की एक झलक दी गई है।

# हापुड़ की घटनाओं को लेकर दिखा अधिवक्ताओं का महा आक्रोश

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर**। जखनिया तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमलेश शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश बार एसोसिएशन के आवाहन पर आज सुबह साढ़े दस बजे से तहसील परिसर में अधिवक्ता आने लगे।और 1बजे अधिवक्ता हाल से सभी अधिवक्ताओं ने नारे लगाते हुए सीएम योगी और डीजीपी का प्रतीकात्मक पुतला लेकर तहसील के पहला गेट से बाहर निकल कर दूसरे गेट से अंदर प्रवेश किया।और जमकर पुलिस प्रशासन के विरोध में नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय पर पहुंचकर पुतला फूंक दिए।इस मौके पर कोतवाल अधिवक्ताओं का आक्रोश देख सी ओ कार्यालय में चली गई।अधिवक्ताओं के आक्रोश के आगे पुलिस प्रशासन नतमस्तक दिखी।जिस असावधानी से पुतला जलाया गया उससे बड़ी हादसा भी हो सकते थे।क्योंकि दो पुतला सात फीट का बनाया गया।जिसपर बकायदा पुआल और शर्ट पहनाकर तख्ती लटकाया गया।और तपती धूप में पेट्रोल का छिड़काव किया



गया।जब पुतला जलाया गया ढाई सौ अधिवक्ता घेरे हुए थे और दो लोग पुतला को ऊपर उठाया तथा अन्य ने माचिस से आग लगाई ।आग इतना विकराल रूप से लपटे फेंकी की लोगो को पीछे भागना पड़ा।और पुतला दोनो टकराकर जमीनी पर गिर गई।संजोग सही था कि जैसे जैसे आग की लपट बढ़ी लोग पीछे हटते गए।अध्यक्ष अमलेश शर्मा ने कहा की प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।हापुड की घटना में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।आए दिन योगी की पुलिस बेलगाम हो रही।पीड़ित पर ही कार्यवाही कर रही।वरिष्ठ अधिवक्ता रामजी यति ने कहा की जिस उम्मीद से भाजपा का सरकार बनाए है उस उम्मीद पर खड़ा नही उतर पाई।इसका खामियाजा लोकसभा में भुगतना पड़ेगा।कानून व्यवस्था यूपी में अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रही है।इस मौके पर विजय प्रकाश चौबे,ओमकार यादव,सुरेंद्र सिंह,शिवप्रकाश वर्मा,शिवपूजन चौहान,रामदुलार राम,अखिलेश चौहान, नीरज गुप्ता,शतीश राय,रमेश भारद्वाज,पप्पू यादव,सुभाष यादव,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट का डीएम ने किया उद्घघाटन

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। जिला खेल कार्यालय में निर्मित बहुउदेषीय क्रीड़ा हाल में जिला प्रशासन द्वारा बैडमिण्टन हाल में सिन्थैटिक कोर्ट लगाया गया, जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा गुरूवार की शाम किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा एवं गौरव विकास के लिए सिन्थेटिक बैडमिण्टन कोर्ट



को लगाया गया है। इसका फायदा ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी उठाये तभी इसका लगना सार्थक होगा। उद्घाटन के इस कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी प्रखर उत्तम, उपजिलाधिकारी चन्द्रषेखर, उपजिलाधिकारी निषान्त उपाध्याय, उपजिलाधिकारी पुश्पेन्द्र पटेल, नगर क्षेत्रा अधिकारी गौरव कुमार, तहसीलदार जमानियां देवेन्द्र, बैडमिण्टन संघ के अध्यक्ष प्रहलाद राय, जिला बैडमिण्टन सचिव संतोष वर्मा, संरक्षक हीरालाल, योगेन्द्र, उपाध्यक्ष राकेश आग्रहरी, डॉ0 बिजेन्द्र, राजू सिंह, सन्तोश सिंह, पंकज प्रजापति, राजेश, गौरव एवं स्टेडियम के समस्त स्टाप व कोच डपस्थित रहें।

## हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर किया गया टीकाकरण

**चकिया शिकारगंज क्षेत्र**। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शिकारगंज में टीकाकरण करके नवजात शिशु एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण किया गया जिसमें शिशु एवं बच्चे स्वस्थ रहें। टीकाकरण बच्चों विशेष रूप से घर-घर जाकर



एवं क हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी टीकाकरण का कार्य किया गया जिसमें ज्योति वर्मा बताया की टीकाकरण 0 से 5 वर्ष के बच्चों को किया गया जिससे एक अभियान के तहत घर घर जाकर आशा बहु एवं एनम के द्वारा टीकाकरण किया जा रहा है यह भी कहा कि टीकाकरण में विशेष तौर से साफ सफाई का ध्यान सुनिश्चित किया जा रहा है टीकाकरण गर्भवती महिला एवं किशोरियों का भी टीडी टीकाकरण भी किया जा रहा है आशाबहु को घर घर जाकर गर्भवती महिलाएं एवं किशोरियों को जागरूक भी किया जा रहा है यदि कहां की गर्भवती महिलाएं साफ सफाई के विशेष ध्यान रखें पौष्टिक आहार ही भोजन की सेवन करें इसके लिए आशा बहु भी गर्भवती महिलाओं को ध्यान रखने की जरूरत है टीकाकरण में सम्मिलित एनम हेमलता आशा सुमन देवी सुषमा देवी बिंदु देवी सावित्री देवी गीता देवी इशरत बानो गंगोत्री चंद्रावती देवी अंजू देवी इत्यादि मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी गाज़ीपुर एवं विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ को समर्थन दिया

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी**। आज दिनांक 14 सितंबर 2023 को अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी गाज़ीपुर एवं विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे एडवोकेट के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ को समर्थन दिया गया । प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री अजय राय जी द्वारा कांग्रेस के लीगल सेल एवं कांग्रेस पार्टी की तरफ से अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की घोर भर्त्सना करते हुए , उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर उनके हर संघर्ष में उनके साथ खड़े रहना है । जिला अध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि वर्तमान समय में सरकार अंग्रेजों



से भी खराब व्यवहार देश के जनता से कर रही है, और अब तो न्याय की लड़ाई लड़ने वाले एडवोकेट बंधु भी उससे अछूते नहीं रह गए हैं । हम महामहिम राज्यपाल महोदय से निवेदन करते हैं कि एडवोकेट बंधु के उपर हुए लाठी चार्ज की घटना में शामिल पुलिस कर्मियों को तुरंत बर्खास्त कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज की जाए और आगे भविष्य में इस प्रकार की कोई ग़लती न हो इसकी भी गारंटी हो । इसमें प्रमुख रूप से सिविल बार गाजीपुर को समर्थन देने वाले में विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडे एडवोकेट , एआईसीसी सदस्य रविकांत राय , जनक कुशवाहा, चंद्रिका सिंह , आदिल अख्तर, शबीहूल हसन , रहीम खान, ज्ञान प्रकाश सिंह ,एडवोकेट हामिद अली, एडवोकेट शंभू कुशवाहा , विभूति राम , संजय सिंह , झुना शर्मा ,राबिया खातून, आलोक यादव, राजेश उपाध्याय ,महबूब निशा , सुमन चौबे ,रंभा राजभर आदि लोग उपस्थित रहे ।

### आकाशीय बिजली की जद मे आने से बाप बेटी घायल

**चकिया शिकारगंज क्षेत्र**। ग्राम सभा पीतपुर मे आकाशीय बिजली की चपेट से बाप बेटी गंभीर रूप से घायल हो गये बादल के तेज गरज के कारण घर के पास बैठे सूरज बनवासी 55 वर्ष पिता बचाऊ बनवासी बेटी चंदा 12 वर्ष पिता सूरज बनवासी घर के दरवाजे पर बैठे थे इसी उपरांत बिजली की चपेट में आने से गंभीर से घायल हो गए जिसे तुरंत जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉक्टर कुंदन गोंड व ग्राम प्रधान त्रिलोकी बिंद ने निजी साधन द्वारा जिला चिकित्सालय चकिया पहुंच गया जिसे इलाज कराया जा रहा है। जिससे मौके पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश मौर्य किसान मोर्चा के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह रशीद अहमद संतोष सिंह मौके मौजूद रहे ।

### नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया आयुष्मान भव का शुभारंभ



**शिकारगंज क्षेत्र**। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारगंज (मुड़हूआ दक्षिणी )बुधवार को आयुष्मान भव का शुभारंभ चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा किया गया जिससे महामहिम राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू संबोधन ग्रामीण के लोगों को टीवी के माध्यम से ग्रामीण के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही सुनाया गया जिससे लोगों में जागरूक हो सके चिकित्सा अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आयुष्मान भव के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर रोगों का एवं आयुष्मान कार्ड के तहत इलाज हर प्रकार के किया जाएगा और ग्रामीणों को संबोधन करते हुए कहा कि नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रकार के लोगों की उपचार हो रहा है जिससे आप लोग क्षेत्र के लोगों में चर्चा करें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लाभ ले जिससे हर गरीब का सहयोग किया जा सके दवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर ही उपलब्ध है आपको कहीं भी बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना स्वास्थ्य विभाग की पहली प्राथमिकता है मौके पर चंद्रकला पटेल श्वेता सिंह अरोड़ा कुमारी विकास कुमार मौर्य आशा संगिनी शशिबाला देवी हरिनाथ ममता देवी धीरज राम राजेश कुमार अंकित कुमार समाज सेवक राजन मोदनवाल एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### शिक्षा क्षेत्र मरदह में NAT -1 परीक्षा का हुआ सफल आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय मरदह**। कक्षा 1से 8 तक की परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत प्रत्येक बच्वें का सरल अप के माध्यम से वर्तमान अधिगम स्तर का पता लगाया जा रहा है। जिसके लिए नेट परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का आयोजन 2 दिन में किया गया।प्रथम दिन कक्षा 1 से 3 तक तथा दूसरे दिन कक्षा चार से आठ तक के बच्चों की परीक्षा सम्पन्न हुई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मरदह में भी NAT 1 परीक्षा का सफल आयोजन हुआ ।पर्यवेक्षक के रूप में कंपोजिट विद्यालय मरदह के सहायक अध्यापक श्री रविंद्र मौर्य जी थे ।जिनकी देखरेख में संपूर्ण परीक्षा सुचित्रपूर्ण संपन्न हुई। कंपोजिट विद्यालय मरदह के भी लगभग शतप्रतिशत बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभा किया। प्रश्नों को देखकर बच्चे के चेहरे खिल उठे। बच्चों को परीक्षा का अभ्यास पूर्व में ही करवाया गया था। उचित बैठक व्यवस्था के साथ उनको यह अनुभव करवाया गया कि भविष्य में वह इस तरह के प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो सके। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री राजीव यादव जी ने सभी को NAT 1 के सफल आयोजन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### पीडीडीयू नगर के सोशल ऐक्टिविस्ट सतनाम सिंह नेशनल अवार्ड राष्ट्रीय सेवा रत्न से होंगे सम्मानित



पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर (चंदौली)! 21 सितंबर 2023 को अयोध्या हनुमानगढ़ी के सम्मान समारोह में "राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान" से सम्मानित होंगे नगर मुगलसराय के सोशल एक्टिविस्ट सतनाम सिंह. इसकी जानकारी रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन द्वारा पब्लिक इंटरेस्ट थिंकर्स असेंबली "पिता" टीम को प्राप्त हुई. भारत वर्ष से कुल 201 चयनित सामाजिक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे जिसमें उत्तर प्रदेश की सहभागिता जिलेवार होगी. इस चयन प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश के समाजिक कार्यकर्ताओं के प्रस्तावक संस्था मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति उत्तर प्रदेश ने जिला चंदौली से सतनाम सिंह का नाम चयन किया हैं. इस कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथियों के अलावा राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं उपमुख्यमंत्री माननीय बृजेश पाठक जीं की भी उपस्थिति होगी. यह सम्मान उन प्रतिभागियों को दिया जाना है जिनमें सामाजिक विकास, सामाजिक चेतना और सामाजिक सेवा में विशिष्ट सहभागिता की लोकप्रियता के साथ जमीनी कार्य करते रहने की समाज सुधारक प्रवृति की विशिष्टता युक्त अपनी पहिचान है. सिक्ख समाज से आने वाले सतनाम सिंह समाजसेवा, रक्तदान और समाजिक गतिविधि को जमीनी रूप में करने के लिए अपने नगर व जिले में काफी लोकप्रिय हैं पिता नामक संस्था के अध्यक्ष के रूप में भी समाज में इनकी एक बड़ी सहभागिता हैं. चलो रक्तदान को संस्कार बनाये - रक्तदान कर अनेकों जीवन बचाएं के क्रांतिकारी मिशन प्रेरणा के साथ जरूरतमदों को रक्त उपलब्ध कराएं के ये अभियान प्रेरक भी है . इस ख़बर से नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता की लहर है. यह सूचना चन्द्र भूषण मिश्र "कौशिक" द्वारा दी गई.

व्यवस्था | अपनी सेहत को सुरक्षित रखने के लिए डेंगू के बारे में समझ होना बहुत जरूरी

## डेंगू बुखारः लक्षण, कारण, निदान, उपचार और रोकथाम

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता वीरबहादुर मौर्या, जमानियां**। क्षेत्र के बरूई गांव के सामने स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डेंगू मरीज के इलाज के लिए व्यापक दवा के साथ व्यापक व्यवस्था है। बताया जाता है। की लोगों के खून में डेंगू का वायरस होता है, उन्हें काटने से मच्छर संक्रमित हो सकते हैं। किसी व्यक्ति में लक्षण विकसित होने से 2 दिन पहले और बुखार कम होने के 2 दिन बाद तक संचरण हो सकता है। जिन लोगों के रक्त में वायरस का स्तर अधिक होता है और तेज बुखार होता है, उनमें मच्छरों के संक्रमित होने का खतरा अधिक होता है। बताया जा रहा है। की क्षेत्र के बरूई गांव के सामने स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डेंगू बीमारी को लेकर पूरा स्टाफ स्वास्थ्य कर्मी व चिकित्सक मुस्तैद है। तथा पूरी दवा की व्यवथा मौजूद है। डेंगू बुखारः लक्षण, कारण, निदान, उपचार और रोकथाम डेंगू बुखार हमेशा से ही ध्यान खींचने




वाला मामला रहा है। एक प्रसिद्ध कहावत है जो कहती है कि यदि आप मानते हैं कि प्रभाव डालने के लिए आप बहुत छोटे हैं, तो आपने मच्छरों के साथ रात नहीं बिताई है। इसलिए, अपनी सेहत को सुरक्षित रखने के लिए डेंगू के बारे में समझ होना बहुत जरूरी है। तो इस ब्लॉग में हम डेंगू और इसके विभिन्न पहलुओं जैसे कि लक्षण, कारण, निदान, उपचार, और इस छोटे लेकिन शक्तिशाली शत्रु से खुद को बचाने के समय रहते इलाज किया जाना चाहिए। डेंगू बुखार क्या है। एक जानलेवा मच्छरों के संक्रमण से होने वाली बीमारी है। यह बीमारी डेंगू वायरस द्वारा प्रसारित होती है, जिसे एडिस मच्छर के काटने से व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करता है। डेंगू बुखार जनस्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा प्रदर्शित करता है। इस बाबत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा, रुद्रकांत सिंह ने बताया की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डेंगू मरीजों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया जाएगा। इसके लिए पहले से 50 की संख्या में कीट मंगाया जा चुका है। जरूरत पड़ने पर शेष कीट मंगा लिया जाएगा। उन्होंने बताया डेंगू मरीज के इलाज के लिए पूरी व्यवस्था की गई है।

### बाराचंवर ब्लाक परिसर में लगें रोजगार मेले में 68 अभ्यर्थियो को मिला रोजगार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय, गाजीपुर**। जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजीपुर के तत्वाधान में आकांक्षात्मक विकास खण्ड- बाराचवर के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कम्पनियाँ जी 4 एस सिक्योरिटी गार्ड, एडेक्को प्रा0लि0, टीम लीज सर्विसेज, डस्की सल्यूशन एजूकेशन एण्ड ट्रेनिंग सर्विस एवं रोहित हाईब्रीड सीड्स प्रा0लि0, गाजीपुर द्वारा सर्विस बॉय, सेल्स मैनेजर, फील्ड आफीसर, टेक्नीशियन, हेल्पर आदि पदों पर चयन किया गया। मेले में लगभग 192 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से विभिन्न पदों पर कुल 68 अभ्यर्थियों का अन्तिम राउंड हेतु चयन किया गया। जिसमें दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स के लिए प्री-काउंसलिंग में लगभग 96 अभ्यर्थियों का SIIC वाराणसी टीम द्वारा काउंसलिंग की गयी।

## पी जी कालेज भुड़कुड़ा गाजीपुर का 51 वां स्थापना दिवस पर साफ सफाई एवं हिन्दी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर**। पी जी कालेज भुड़कुड़ा गाजीपुर के प्रांगण मे 51 वें स्थापना दिवस के अवसर पर परिसर की साफ सफाई एवं हिन्दी दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रो बृजेश कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में किया गया !! गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो बृजेश कुमार जायसवाल ने कहा कि हिन्दी हम सभी भारतीयों की प्राकृतिक भाषा है। इसलिए हम सभी को हिन्दी भाषा के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लेना होगा ।तभी हिन्दी दिवस की प्रासंगिकता रहेगी ! तत्पश्चात प्राचार्य प्रो बृजेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में एन सी सी कैडेट्स, एन एस एस के स्वंय सेवकों,और महाविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं के साथ ही ,सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण के द्वारा परिसर में साफ सफाई किया गया !! उक्त सभी कार्यक्रम में प्रोफेसर रमेश कुमार, प्रोफेसर शिवानन्द पांडेय, डाक्टर सत्य प्रकाश सिंह, डाक्टर धनन्जय उपाध्याय, डाक्टर सन्तोष मिश्रा, डा राजेश केशरी, डाक्टर विजय बहादुर यादव, डाक्टर संन्तोष यादव, डाक्टर संजीव सिंह, डाक्टर धर्मेन्द्र मौर्य, डाक्टर धर्मेन्द्र सरोज, डाक्टर शेष नाथ यादव, डाक्टर सिंह पटेल, डाक्टर सन्ध्या गुप्ता, डाक्टर जागृति गुप्ता, डाक्टर धर्मेन्द्र यादव, डाक्टर विजय कन्नौजिया, डा सौरभ मौर्य, डाक्टर विनय कुमार, डाक्टर जय प्रकाश सिंह , डाक्टर सुनिल सिंह गौतम, डाक्टर धनन्जय सिंह, डाक्टर संजय पांडेय, डाक्टर सुभाष सिंह, डाक्टर उपेन्द्र नाथ दूबे, डाक्टर सर्वानंद सिंह, डाक्टर अखिलेश सिंह, डाक्टर ब्रजेश सिंह, डाक्टर लालमणि सिंह, डाक्टर मनोज सिंह, डाक्टर प्रज्ञा तिवारी, डा अरुणिमा सिंह, डाक्टर कुसुम लता, डाक्टर श्याम नारायण यादव, डाक्टर राम जी यादव, डाक्टर पवन सिंह,डा पारस नाथ यादव, अश्विनी सिंह दीक्षित, राजेश यादव, अमित सिंह, दिलीप सिंह, संजय सिंह, शशिकांत की सक्रिय भागीदारी सहित उपस्थिति रही!!



## ख़ास ख़बर

### मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ व रामपथ का किया निरीक्षण



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने जिलाधिकारी नितीश कुमार के साथ निर्माणाधीन जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ व राम पथ का निरीक्षण किया। अधिकारी द्वय ने जन्मभूमि पथ में कार्यदायी संस्था यू0पी0 आर0एन0एन0 द्वारा बनायी जा रही कैनेपी का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिया कि कैनेपी का कार्य तीव्र गति से पूर्ण गुणवत्ता से करते हुये कैनेपी निर्माण में जो पथ के पत्थरों को डिस्मेंटल किया गया है उन लिए नये पत्थरों की व्यवस्था उसी पैटर्न के अनुसार लगाने की पूर्व से ही कर ली जाय। अगले चरण में निर्माणाधीन भक्ति पथ का निरीक्षण किया गया तथा कार्यदायी संस्था को तीव्र गति से कार्य करने के निर्देश दिये। इसके अलावा आसपास के अन्य क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए चयनित स्थलों व अन्य निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### लड़ रहे दो सांड ई रिक्शा से टकराए ई रिक्शा पलटा एक की मौत चालक सहित तीन घायल



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** रूदौली कोतवाली क्षेत्र के रौज़ागांव गांव से सवारी बैठाकर जखौली जा रहा ई रिक्शा लड़ रहे सांड की टक्कर से पलटा जिसमे एक कि मौत चालक सहित तीन घायल। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात आठ बजे रुदौली कोतवाली क्षेत्र के रौज़ागांव से ई रिक्शा चालक दो सवारी बैठाकर जखौली गांव दो महिलाओं को छोड़ने जा रहा था।ई रिक्शा जैसे जैसे ही पटरंगा थाना क्षेत्र के मियांकापुरवा धमौरा मार्ग पर ग्राम बुलबुलपुर इंडियन गैस एजेंसी के सामने पहुंचा तभी सड़क पर लड़ रहे दो सांड लड़ते लड़ते ई रिक्शा से टकरा गए जिससे ई रिक्शा पलट गया जिसके नीचे एक व्यक्ति दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गया।ई रिक्शा के पलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्काल ई रिक्शा को उठाकर दबे व्यक्ति को बाहर निकाला और पटरंगा पुलिस व 108 एम्बुलेंस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से ग्रामीणों ने गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को सीएचसी मवई पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई।वहीं घटना की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक कमलेश कुमार व एसआई राम करन अपने हमराहियों अंकुर कश्यप के साथ मौके पर जब ग्रामीण घायल को मवई सीएचसी लेकर जा चुके थे।इस सम्बंध में उपनिरीक्षक कमलेश कुमार सरोज ने बताया कि बुधवार की देर रात ई रिक्शा चालक रौज़ागांव से सवारी बैठाकर मवई चौराहा जा रहा था जिसमें बैठी दो महिलाओं को पहले पटरंगा थाना क्षेत्र के जखौली गांव छोड़ने जा रहा था तभी मियांकापुरवा धमौरा मार्ग पर बुलबुलपुर गैस एजेंसी के पास दो सांड लड़ रहे थे जो ई रिक्शा से टकरा गए जिसमें रुदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलीलपुर निवासी राकेश कुमार पुत्र इन्द्रजीत दबकर गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सीएचसी मवई पहुंचाया गया जहां उसकी हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई।उन्होंने बताया ई रिक्शा चालक राम बहादुर पुत्र काशी राम ग्राम करौंदी थाना मवई व दो महिलाएं भी आंशिक रुप से घायल हुई हैं।

### हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव हैः उमा शंकर शुक्ल



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में हिंदी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से भाषण, निबंध, कविता सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने कहा कि यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि भारत कई क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के साथ भाषाई विविधता का देश है। हिंदी दिवस सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं बल्कि भारत की विविधता में एकता का भी उत्सव है क्योंकि इसी दिन हिंदी हमारे देश की आधिकारिक भाषा बनी थी। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि हिंदी के प्रख्यात विद्वान ब्योहर राजेंद्र सिम्हा की जन्मतिथि के अवसर पर मनाए जाने वाले इस उत्सव का उद्देश्य अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने और बहुभाषावाद को बढ़ावा देना है। ऐसे में हमें अपनी राष्ट्रभाषा का सम्मान करना चाहिए। विश्वजीत मौर्या की देखरेख में आकर्ष, सुशांत, आशुतोष , निशांत, शिवांग, आर्या, अयज्ञा तिवारी, अंजली , वैष्णवी, अवंतिका, अंकित, तन्मय, श्लोक, लक्ष्मी, सची उपाध्याय, खुशनूर बानो, अर्चिता, काजल, प्रीती, शिवा, आदित्य, मयंक आदि बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# पीएसी वाहन में डीसीएम ने मारी जोरदार टक्कर



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** कोतवाली रुदौली क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौजागांव ओवर ब्रिज पर हुई सड़क दुर्घटना में चार पीएसी के जवान व एक जेल का सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण व पीएसी के जवानों द्वारा इस घटना की सूचना रुदौली पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही भेलसर चौकी प्रभारी द्रवेश द्विवेदी, हल्का एसआई इशहाक खान अपने हमराहियों सिपाही के साथ घटना स्थल पर पहुच गए। और तुरन्त सभी घायल जवानों को 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया। जहा पर हालत गंभीर होने पर सीएचसी चिकित्सकों ने सभी घायलों को राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया। वही पुलिस ने टक्कर मारने वाली डीसीएम व खलासी को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह दीनदयाल उपाध्याय यूनिवर्सिटी गोरखपुर से एक दसवीं बटालियन ई कंपनी बाराबंकी यूनिट की कई गाड़ियां एक साथ लखनऊ रमाबाई अंबेडकर मैदान ड्यूटी जा रही थी। सभी गाड़ियां एक साथ चल रही थी। जैसे ही रौजागांव फ्लाई ओवर के ऊपर पहुच रही थी कि उनके बीच में चल रही एक बोलोरो कैंपर वाहन यूपी 41 जी 4163 का पिछला टायर पंचर हो गया। जिसे ठीक करने के लिए चालक ने गाड़ी को किनारे रोक दिया। उनके साथ मे चल रहे ट्रक चालकों ने भी अपने वाहनों को भी रोक दिया। और अपनी साथी की मदद करने लगे। और स्टेफनी लगाकर बोलोरो का टायर बदलने लगे। और वही वाहन के पीछे उन्हीं का यूपी 41 जी 0493 वाहन जो पीछे खड़ी थी। कि अचानक लखनऊ की ओर जा रही एक तेज़ रफ्तार ट्रक डीसीएम यूपी 15 डीटी 0304 के चालक ने पीएसी ट्रक में टक्कर मार दी। जिससे पीएसी के ट्रक में पीछे बैठे कांस्टेबल विकास शर्मा व स्वीपर रमापति तथा उनके प्रभारी श्री विनोद कुमार सिंह व पीसी सीरीज बाज बहादुर खान जो कैंपर और ट्रक के मध्य में खड़े व बोलोरो कैंपर की स्टेफनी बदल रहे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया गया हैं। जहा पर हालत गंभीर होने पर सीएचसी चिकित्सकों ने सभी घायलों को राममनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया। वही दूसरी घटना रुदौली कोतवाली क्षेत्र के भेलसर पुलिस चौकी के अंतर्गत इसी अयोध्या मार्ग पर लोहिया पुल के पास घटी। एक जेल का सिपाही अपनी स्कूटी से अयोध्या की ओर जा रहा था कि सिपाही अचानक अनियंत्रित होकर खुद गिर गया जिसमें उसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया। जिन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस सम्बन्ध में भेलसर चौकी प्रभारी द्रवेश द्विवेदी ने बताया कि इस घटना में पीएसी के ट्रक में पीछे बैठे कांस्टेबल विकास शर्मा व स्वीपर रमापति तथा उनके प्रभारी श्री विनोद कुमार सिंह व पीसी सीरीज बाज बहादुर खान जो कैंपर और ट्रक के मध्य में खड़े थे। जो इस घटना में घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहा पर हालत गंभीर होने पर सभी को चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया। वही दूसरी घटना लोहियापुल के पास घटी थी। जिसमे एक जेल का सिपाही खुद ही अपने वाहन से नीचे गिरकर उसका पैर फेक्चर हो गया था जिन्हें एम्बुलेंस से अयोध्या रेफर करवा दिया गया। बाकी मौके पर स्थिति सामान्य हैं।

## हर छात्र के भीतर किसी न किसी क्षेत्र में प्रतिभा होती हैः लल्लू सिंह



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** गोसाईगंज विधान सभा की सांसद सांस्कृतिक मेधा प्रतियोगिता के आयोजन समिति पारागरीब शाह तारून में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का आयोजन 26 सितम्बर से 13 अक्टूबर के बीच किया जायेगा। आयोजन में पेंटिंग, बाल संसद का गठन, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय व जूनियर हाईस्कूल के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। हर छात्र के भीतर किसी न किसी क्षेत्र में प्रतिभा होती है। उस प्रतिभा में निखार लाने की आवश्यकता है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को इस आयोजन के माध्यम से बेहतर मंच प्रदान किया जायेगा। स्कूलों से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन प्रतियोगिता के लिए करना है। आयोजन समिति के सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण सार्मथ्य से पालन करें। इस अवसर पर अयोजन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर दुबे, उपाध्यक्ष अनिल सिंह विष्णुदेव वर्मा, आयोजन सचिव जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव, राम कलप निषाद, कुंवर बहादुर सिंह, चुन्नी लाल शर्मा, रमाशंकर वर्मा, श्याम नारायण तिवारी, अयोध्या तिवारी, रामसुरेमन मिश्र, जंगबहादुर तिवारी, हीरा सिंह मौजूद रहे।

## हापुड़ घटना को लेकर रुदौली के अधिवक्ताओं ने सौंपा 4 सूत्री मांगपत्र

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** हापुड़ की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आवाहन पर बुधवार को रुदौली तहसील के अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जुलूस निकालकर पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। रुदौली बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट हरिनारायण यादव की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में पैदल मार्च कर पुलिस प्रशासन मुर्दा बाद के नारे लगाए तथा राज्य विधिक परिषद उत्तर प्रदेश के निर्णय के अनुपालन में न्यायिक कार्य से विरत रहे।इस मौके पर अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित 4 सूत्री मांगपत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से कहा गया है कि हापुड़ के जिलाधिकारी व एसपी का तुरंत स्थानांतरण किया जाए। अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू किया जाए।घायल अधिवक्ताओं को उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए व इलाज के लिए उचित व्यवस्था की जाए।इस दौरान महामंत्री सन्तोष कुमार पाण्डेय,वेद तिवारी,रामेश्वर यादव,रविन्द्र तिवारी,प्रमोद द्विवेदी,अनिल मिश्र,गया शंकर निषाद,साहब सरन वर्मा,प्रमोद यादव,अजय यादव,राम रतन,चौधरी अजीमुद्दीन,गोरखनाथ तिवारी,मो0 फहीम खान,विनोद कुमार लोधी,नन्द किशोर,शकील अहमद,राम भोला तिवारी,रमेश तिवारी,बलदेव शर्मा,अब्दुल हई खान,शाह अदनान,कुलभूषण यादव,अली हैदर,मेराज अहमद, देवेन्द्र श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री का फूंका पुतला



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, मिल्कीपुर।** हापुड़ की घटना के बाद से अधिवक्ताओं का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है बार एसोसिएशन मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ताओं का हड़ताल 16 वें दिन भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंक कर तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पैदल मार्च करते हुए पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सैकड़ो अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। विगत दिनों हापुड़ के अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बरतापूर्वक किए गए लाठी चार्ज और अधिवक्ताओं पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमा से प्रदेश के सभी अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। हापुड़ की घटित घटना से अब तक सरकार और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। इसी कड़ी में धरना प्रदर्शन के आज 16 वें दिन मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। अध्यक्ष पवन शुक्ला ने बताया कि बार काउंसिल के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने प्रदेश भर में हड़ताल जारी रखा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार हापुड़ पुलिस प्रशासन पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा हैं, जब तक सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही व स्थानांतरण नहीं किया जाएगा तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। इतना ही नहीं होना यह भी बताया कि सरकार के इशारे पर ही अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया और उल्टे अधिवक्ताओं पर मुकदमा भी दर्ज किया गया है। बार काउंसिल जो भी निर्णय लेगा इस पर हम अधिवक्ता लोग कायम भी करेंगे।सुबह 10:00 बजे से ही क्षेत्र के लोग अपने कार्यों को कराने के लिए तहसील व रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे लेकिन अधिवक्ताओं के आक्रोश के चलते तहसील तथा रजिस्ट्री कार्यालय में कोई कार्य नहीं हुआ जिससे सरकार का काफी राजस्व का नुकसान भी हुआ वहीं क्षेत्र की जनता भी परेशान नजर आई।इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष शिवराज तिवारी, बृजेश मिश्रा, राजेन्द्र चौरसिया, महेंद्र प्रताप सिंह, अमित मिश्रा, अमरजीत सिंह, लालू तिवारी, स्वामीनाथ उपाध्याय, दयानंद पाण्डेय, अरविंद पाण्डेय ,खुशीराम पाण्डेय, अशोक श्रीवास्तव, दिनेशकांत यादव, पहलाद तिवारी, जितेंद्र सिंह, बृजेश पाण्डेय शंभू नाथ तिवारी, अभय शंकर त्रिवेदी सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

**ज्ञापन** संविधान का चौथा स्तम्भ जो कि मीडिया है इसको माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कई बार कहा जा चुका है

# इंडियन ककौंसिल प्रेस ऑफ के पदाधिकारी इंडियन कौंसिल ऑफ़ प्रेस ने श्रम मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** राम नगरी में एक कार्यक्रम में पहुंचे श्रम मंत्री अनिल राजभर को इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव अपनी टीम द्वारा तीन बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा । संविधान का चौथा स्तम्भ जो कि मीडिया है इसको माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कई बार कहा जा चुका है कि मीडिया जगत/पत्रकार समाज की एक ऐसी कड़ी है जो कि संविधान के अनुरूप दबे-कुचले लोगों की बात को देश के सामने बेबाक रूप से बिना किसी भय के लिखकर/दिखाकर उनको न्याय दिलवाता है और सरकार,शासन-प्रशासन की मदद करता है। जिस घटना को स्थानीय प्रशासन द्वारा दबाया जाता है उस पर पाबंदी लगाकर संविधान की मूल भावनाओं को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। किसी प्रकरण को जो मीडिया या पत्रकार द्वारा किसी घटना को दिखाता/ लिखता है तो वह बेबाकी से तथ्यों के साथ दिखाता है। तो उस पर प्रश्नचिह्न लगाकर शासन द्वारा अपनी मशीनरी का प्रयोग कर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को खत्म करने हेतु पत्रकार/मीडिया को डराने का प्रयास किया गया है उक्त शासनादेश का सहारा लेकर दबे-कुचले, ईमानदार लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु आवाज उठाने वाले लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सिपाहियों को भय दिखाकर उनकी स्वतंत्रता को छीनने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 16 अगस्त 2023 को शासनादेश जारी करके लिखा गया है कि मीडिया द्वारा तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर नकारात्मक समाचार प्रकाशित कर शासन एवं जिला प्रशासन की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है जोकि यह पूर्णतया असत्य है जबकि मीडिया/पत्रकार द्वारा न्यायपालिका के सामने तथ्यों को रखा गया है जिसको न्यायपालिका ने भी माना है और समय-समय पर स्वत संज्ञान लिया है। न्यायपालिका ने मीडिया को संविधान का चौथा स्तंभ माना है यह मीडिया/पत्रकार ही हैं। इसको खत्म करने का मतलब तानाशाही व्यवस्था को जन्म देकर लोकतंत्र को खत्म करने जैसा है न्याय पालिका ने शायद ही मीडिया की कभी आलोचना नहीं की है लेकिन सरकारों जिला प्रशासन के बारे में कितनी बार टिप्पणी कर बताया है कि कौन किसकी छवि धूमिल कर रहा है। इस शासनादेश से आमजन का पूरा नुकसान है इस शासनादेश से पत्रकारों के लिए भय पैदा कर दिया गया है जिससे पत्रकारों का हौसला हताश एवं निराश है। मीडिया/पत्रकारों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिये गये शासनादेश का निरस्त करने का आदेश पारित करने की कृपा की जाय। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव सुबोध श्रीवास्तव, रूपेश श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष, संगठन मंत्री राजेंद्र दुबे (राजू) वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, अंबिका पांडे नौशाद आलम, अजेन्दर पांडे, भानु प्रताप सिंह, सम्राट अशोक मौर्य, चंद्रधर द्विवेदी, के साथ दर्जनों की संख्या में इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल है।

## अच्छे व्यवहार एवम बेहतरीन कार्यशैली से जनता के लोकप्रिय बने उपनिरीक्षक कमलेश सरोज



**संवाददाता मो0 अबूबकर, रुदौली अयोध्या।** जहां एक तरफ आम जनता पुलिस से जुड़ने में असहज रहती है वहीं दूसरी तरफ रुदौली सर्किल के थाना पटरंगा के उपनिरीक्षक कमलेश सरोज अपने अच्छे व्यहार,बेहतरीन कार्यशैली,निष्पक्ष कर्तव्यों दायित्वों के निर्वहन,सामाजिक सरोकार की खूबियों से आम जनता के बीच बहुत लोकप्रिय हैं।क्षेत्र में कोई भी धार्मिक,सामाजिक,राजनीतिक कार्यक्रम हों कमलेश सरोज जी मुस्तैदी से डटे रहते हैं।छोटे मोटे वाद विवाद को आपसी सुलह समझौते से निपटाने को वरीयता देते हैं।क्षेत्र में अमन,शांति सुरक्षा के लिए दिन रात अपनी टीम के साथ मेहनत करते हैं।एंटी रोमियो अभियान,सड़क सुरक्षा अभियान,रात्रि गश्त आदि द्वारा समय समय पर जनता को जागरूक करते रहते हैं।क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों,संभ्रांत नागरिकों,मीडियाकर्मियों एवम आमजनों से सीधा संवाद रखते हैं।शरारती तत्त्वों पर कड़ी नजर रखते हैं।जिसका परिणाम यह है कि पूरे क्षेत्र में कोई भी अप्रिय गंभीर घटना इनके कार्यकाल में अबतक नही हुई हैं।क्षेत्र के निवासी सैय्यद रिजवान रसूल,मास्टर उजेर,शमशू प्रधान,सुधीर गुप्ता,जितेंद्र पांडेय ने कहा कि कमलेश सरोज जी अपने ड्यूटी के फर्ज को निभाने के साथ साथ समाज के हर वर्ग से अपने आत्मीय संबंध रखने की वजह से बहुत ही कम समय में अपनी अलग ही पहचान बनाने में कामयाब हुए हैं।यह इनका अपना हुनर है।इससे पुलिस प्रशासन के प्रति जनता का लगाव, सम्मान, विश्वास, सहयोग बढ़ा है। सबसे बेहतर रंग की तलाश थी महफिल में मैने "खाकी " बता कर समां बांध दिया।

### बैठक का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** आगामी 8 अक्टूबर को होने वाली नवोदय अलुमुनि मीट के संबंध में नवोदय अयोध्या के अलुमुनी और आईटी सेल प्रभारी सुधांशु मिश्रा के नेतृत्व में उनके निज आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मीडिया प्रभारी धर्मपाल पांडेय रोहित मिश्रा , अखंड प्रताप गौतम आदि लोगों की उपस्थिति रही आईटी प्रभारी सुधांशु मिश्रा ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी 17 सितंबर को सीडीओ कार्यालय अयोध्या के निकट कोऑपरेटिव हाल में दोपहर 12 बजे से एक बैठक होगी जिसका उद्देश्य है की हमारे सभी पुरातन छात्रों को जिसमे सीनियर्स ,जूनियर्स जो भी मुख्य धारा में नहीं आ पाए हैं उनको जोड़ने का काम किया जाएगा, मीडिया प्रभारी धर्मपाल पांडेय ने आए हुए सभी महानुभावों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और बैठक में भाग लेने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और एक अच्छी व्यवस्था आयोजित करने के लिए सुधांशु मिश्रा का आभार व्यक्त किया।

### करंट की चपेट में आया 6 वर्षीय बालक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक के बगल लगे बिजली पोल में उतरा करंट वही 6 वर्षीय बालक रितिक पुत्र पुत्र अमरेश निवासी गांव बाघेड़ी थाना मवई मां के साथ दवा लेने आई थी अचानक व विद्युत पोल के पास पहुंची और उसमें चिपक गई वहीं बगल से गुजर रहे पत्रकार रविकांत आर्या ने बच्चों को अंगोछा डालकर छुड़ाया और जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी में इंजेक्शन भी लगवाया दवा करने आई मां भी साथ में मौजूद इस घटना की जानकारी पत्रकार रवि ने डॉक्टर विपिन वर्मा को दी उन्होंने तुरंत बिजली कटवाए और उसको ठीक करने का आदेश भी दिया।

### सूल्हेपुर गांव में आयोजित हुआ मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत लोगों में देशभक्ति का जज्बा भरने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को ब्लॉक क्षेत्र के सूल्हेपुर ग्राम पंचायत में तिरंगा झंडा के साथ डोर टू डोर अपनी टीम के साथ हर आंगन मिट्टी और अक्षत संग्रहित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के लिए देशभक्ति की भावना लोगों में जागृत करने के उद्देश्य से भाजपा सरकार द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिससे सभी के भीतर राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो सके। कर्तव्य पथ पर दिल्ली में निर्मित होने वाले अमृत वन के लिए भारत देश के हर आंगन से एक चुटकी मिट्टी अभियान के तहत हर आंगन से मिट्टी और अक्षत लिया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी शुभम शुक्ला, एडियो अवनीश शुक्ला, भाजपा नेता शत्रुघ्न प्रसाद वर्मा, प्रधान शारदा प्रसाद वर्मा, भुलई राम, संतोष कुमार पांडे, द्वारिका प्रसाद पांडे, मेवालाल वर्मा समर बहादुर वर्मा कुंवर बहादुर सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### विहिप पदाधिकारी हुए दायित्व मुक्त

**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा।** बृहस्पतिवार को विश्व हिन्दू परिषद के जिला कार्याध्यक्ष द्वारा नवाबगंज नगर प्रखंड के 2 पदाधिकारियों को संगठन विरोधी गतिविधि में शामिल होने पर दायित्व मुक्त कर दिया गया. प्रेस नोट जारी करते हुए विहिप कार्याध्यक्ष जनार्दन सिंह ने बताया की जिला मंत्री विजय प्रताप के संयुक्त निर्णय पर नगर नवाबगंज के नगर अध्यक्ष रहे शुनील कुमार व मठ मंदिर प्रमुख रहे उमाशंकर गुप्ता को अनुशासन हीनता, कार्यों में सहयोग ना करने, बैठकों में ना आने तथा संगठन विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण सभी दायित्वो से मुक्त कर दिया गया. उन्होंने बताया की भविष्य में बिना किसी सूचना व निर्णय के इन्हे संगठन का पदाधिकारी ना माना जाये.

### ओ लेवल पर ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिये करें आवेदन

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के युवक व युवतियों को "ओ' लेवल एवं सी०सी०सी० निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराया जाना है। इसके लिए इच्छुक प्रशिक्षार्थी ओ-लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित 20 सितंबर तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कक्ष सं० 2106 विकास भवन में जमा किया जा सकता हैओबीसीसीओएमपीयूटीआरटीआरएआईएनआईएनजीडाटयूपीएसडीसीडाटजीओवीडाटआईएन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।

### 21 सितम्बर तक जमा होंगे दावे और आपत्तियां

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** गोण्डाजिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि शासन के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 के नियम 4 के अन्तर्गत जनपद में स्थित सम्पत्तियों की पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची आगामी एक अक्टूबर से जनपद गोण्डा में लागू किया जाना है। जिसके लिए अनन्तिम पुनरीक्षित दर सूची तैयार कर ली गयी है। जो जनपद के सभी उपनिबन्धक, तहसीलदार, उप जिलाधिकारी, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0). गोण्डा के कार्यालय में सर्वसाधारण के अवलोकनार्थ रखी गई है । पुनरीक्षित दरों के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति / सुझाव हो तो वह आगामी 21 सितम्बर सायं 5 बजे तक लिखित रूप से सम्बंधित तहसीलदार, उपनिबन्धक, उप जिलाधिकारी, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), गोण्डा के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है इसके बाद प्राप्त किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### बड़े वाहनों का डायवर्जन किया जाना आवश्यक

**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा।** कजरी तीज त्यौहार के दृष्टिगत थाना को0नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थित श्री दुःखहरन नाथ मंदिर एवं थाना खरगपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित श्री पृथ्वीनाथ मंदिर पर लगभग 12-15 लाख की संख्या में श्रद्धालु / कॉवरियें जल चढाने हेतु सरयू नदी से जल भरकर जनपद के विभिन्न मार्गो से आते है तथा मार्ग के किनारे ही विश्राम करते है। ऐसी स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीमावर्ती जनपदों से बड़े वाहनों का डायवर्जन किया जाना आवश्यक है। जिसका रूट निम्नवत है-

**भारी मालवाहक वाहन/ट्रक आदि के डायवर्जन हेतुः** डायवर्जन हेतु जनपद बाराबंकी की ओर से जनपद बलरामपुर जाने वाले समस्त भारी माल वाहक वाहन जरवल रोड से कैसरगंज, पयागपुर होते हुए श्रावस्ती, बलरामपुर उतरौला जायेंगे। डायवर्जन हेतु उत्तरौला बलरामपुर से लखनऊ जाने वाले भारी वाहन बलरामपुर, श्रावस्ती, मुख्यालय बहराइच, पयागपुर, कैसरगंज, जरवल रोड होते हुए बाराबंकी लखनऊ जायेंगे। डायवर्जन हेतु जनपद बहराइच से अयोध्या जाने वाले भारी वाहन श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला, डुमरियागंज बस्ती होते हुए अयोध्या को जायेंगे। डायवर्जन हेतु अयोध्या से बहराइच, बलरामपुर जाने वाले भारी वाहन अयोध्या, बस्ती. डुमरियागंज, उतरौला, बलरामपुर, श्रावस्ती होते हुए बहराइच को जायेंगे। डायवर्जन हेतु दिनांक 16.09.23 समय 12.00 बजे से दिनांक 19.09.2023 प्रातः 08.00 बजे तक जनपद गोण्डा में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगा। अतिआवश्यक सेवाओं वाले भारी वाहन आवश्यकतानुसार बलरामपुर, उतरौला अथवा प्रवेश करेंगे। नबाबगंज (लोलपुर) से प्रवेश करेंगे।

**छोटे / हल्के वाहनों आदि के डायवर्जन हेतुः** डायवर्जन हेतु जनपद लखनऊ, बाराबंकी से बलरामपुर उतरौला जाने वाले हल्के वाहन जरवल रोड कैसरगंज, पयागपुर, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला जायेंगे। डायवर्सन हेतु जनपद लखनऊ, बाराबंकी से गोण्डा आने वाले हल्के वाहन जरवल रोड से भभुआ के रास्ते से दाहिने भौरीगंज होते हुए परसपुर- डेहरास-गोण्डा जायेंगे। जनपद गोण्डा के हल्के वाहनों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के वाहनों को प्रवेश न दिया जाये। लखनऊ से गोण्डा आने वाले हल्के वाहन लखनऊ, अयोध्या होते हुए लोलपुर से जनपद में प्रवेश कर सकते है। डायवर्जन हेतु सरयू घाट (करनैलगंज) से गोण्डा, बडगांव चौराहा तक, करनैलगंज से आर्यनगर, खरगपुर से आर्यनगर, गोण्डा-बहराइच मार्ग पर हर तरह के वाहनों के लिए पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगा।

## ख़ास ख़बर

### गिरफ्तार दो ट्रैक्टर चालक को मधुपुर पुलिस ने भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर पुलिस ने अवैध रूप से नदी घाटों से बालू उठाने के मामले में गिरफ्तार दो ट्रैक्टर चालक को न्यायिक हिरासत में भेजा जेल। वहीं गिरफ्तार ट्रैक्टर चालक कोमल मरांडी बरसातीय गांव निवासी हैं जबकि राजेश मरांडी महुआ डाबर का रहने वाला है। बता दें कि बीते 13 सितंबर को मधुपुर सीओ परमेश्वर कुशवाहा एवं मधुपुर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी राम दयाल मुंडा ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर नदी से अवैध बालू उठा कर ले जा रहे दो ट्रैक्टर को जब्त किया था। साथ ही ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों चालक को कोविड एवं समान्य स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### वायु प्रदूषण सबसे बड़ा पर्यावरणीय संकट- सचिव विनीता झा



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** शक्ति शिवा फाउंडेशन और स्विच ऑन फाउंडेशन के तत्वाधान में वायु प्रदूषण को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मधुपुर शहर के रामकृष्ण मिशन विवेकानंद मठ में आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को वायु प्रदूषण से होने वाली नुकसान और इसे कैसे रोका जाए। इस पर लोगों को विस्तार से बताया गया और लोगों ने यह आश्वासन दिया कि हम लोग वायु प्रदूषण के प्रति गंभीर होकर इसका समाधान करेंगे। मौके पर स्विच फाउंडेशन के उमेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार, शक्ति शिव फाउंडेशन के सचिव विनीता झा विवेकानंद मठ के स्वामी सुप्रभानंद महाराज, समाज सेवी बासुदेव गुटगुटिया, प्रेरणा भारती के अरुण निर्झर, जुड़ाव संस्था के महेश मिग्श्रा, एन.जी.बी. के पांडे जी शंकर जी महफूज आलम, नीरज आदि उपस्थित थे।

### हिंदी दिवस के मौके पर मधुस्थली में कार्यक्रम आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** हिंदी दिवस के अवसर पर मधुस्थली के बी.एड. तथा डी. एल. एड. के छात्र अध्यापक तथा छात्रा -अध्यापिकाओं ने स्कूल इंटर्नशिप हेतु आवंटित स्कूलों में हिंदी दिवस हेतु विस्तार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन, बीएड सत्र : 2022-24 में आवंटित स्कूलों में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चरपा , जमुनियाटांड़, बुड़ई तथा बड़ा संगरा तथा डी. एल. एड. सत्रः 2022-24 हेतु आवंटित स्कूलों में प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर, अमरतल्ला भेरवा, नैयाडीह तथा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, उदयपुरा में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूलों में अध्यनरत छात्र - छात्राओं ने हिंदी भाषा की महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही हिंदी कविता पठन प्रतियोगिता , निबंध प्रतियागिता, वाद -विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मधुस्थली इंस्टिट्यूट ऑफ़ टीचर ट्रेनिंग ने हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित विस्तार कार्यक्रमों के साथ-साथ संस्थान में भी मनाया। जिसमे हिंदी भाषा के महत्व पर वाचन सह कविता पठन शामिल था।संस्थान की प्राचार्या डॉ. जॉली सिन्हा ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ दी।

### इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** स्कूल ड्रॉपआउट युवाओं को स्वरोजगार से स्वावलंबन के उद्देश्य से भी टी आर एस बेंगलुरु द्वारा प्रखंड अंतर्गत पंचायत के राजीव गांधी भवन, ग्राम अड़रिया पहरी में गुरुवार को इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन नारायणपुर पंचायत के समाजसेवी नसरुल सिद्दीकी व पंचायत समिति सदस्य शमीम अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। मौके पर अपने व्यक्त करते हुए नसरुल ने कहा कि समाज के स्कूल ड्रॉपआउट युवकों के स्वरोजगार से स्वावलंबन हेतु एफ भी टी आर एस द्वारा उठाया गया। यह सराहनीय है। इससे समाज में व्याप्त बेरोजगारी में न केवल कमी आएगी बल्कि पढ़े-लिखे युवा भी सम्मानजनक रोजगार कर आय सृजन कर सकेंगे। ट्रेनिंग कंसलटेंट सिकंदर आलम ने बताया कि इस इलेक्ट्रीशियन ट्रेनिंग सेंटर में कुल 16 युवाओं को 3 माह तक हाउस वायरिंग, मोटर वाइंडिंग, फैन रिपेयरिंग, स्टेबलाइजर रिपेयरिंग व विभिन्न विद्युत चालित घरेलू उपकरण रिपेयरिंग करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि वे प्रशिक्षण के उपरांत कहीं अपना खुद का व्यवसाय कर अथवा बड़े दुकानों व सर्विस सेंटरों में जॉब प्राप्त कर सफलतापूर्वक जीविकोपार्जन कर सकेंगे। सिकंदर ने कहा कि इस योजना के तहत 1 वर्ष की अवधि में कुल 250 युवा युवतियों को विभिन्न ट्रेडों ब्यूटीशियन, इलेक्ट्रीशियन, फास्ट फूड कुकिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, मोटर बाइक रिपेयरिंग, वेल्डिंग, पेंट पुट्टी, ड्राइविंग आदि ट्रेडों में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने की योजना है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य शमीम अंसारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पोषण टास्क फोर्स की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** गुरुवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला समाज कल्याण विभाग/ सामाजिक सुरक्षा विभाग एवं जिला पोषण टास्क फोर्स का समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका सहिया के रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया, केंद्रों में मूल भूत सुविधा, मानदेय भुगतान, पूरक पोषाहार योजना, पोषण ट्रैकर एप पर एंट्री, आंगनबाड़ी केंद्रों में एलपीजी कनेक्शन की प्रक्रिया, सहित क्रियान्वित कार्यों/योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने कहा कि विभाग द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है, उन सभी में लक्षित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि को प्राप्त करें। वहीं उन्होंने जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जहां जहां आंगनवाड़ी केंद्र किराए के भवन में संचालित है, वैसे गांवों में सरकारी भवन हैं कि इसकी जांच करते हुए यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। वहीं उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही नहीं बरतें, शिथिलता बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें बताया गया की इस चालू वित्तीय वर्ष के कुल लक्ष्य 214 के विरुद्ध 157 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं एवं अवशेष लक्ष्य 81 हैं। उपायुक्त ने शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति एवं योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य 18546 के विरुद्ध स्वीकृति हेतु कार्यालय में कुल 15329 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 14004 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं, उपायुक्त ने उक्त सभी आवेदन के भुगतान की जानकारी ली एवं शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा पोषण ट्रैकर एप के अनुसार पूरक पोषाहार प्राप्त करने वाले लाभुकों में गर्भवती महिला, धात्री महिला, विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों आदि की समीक्षा की गई, जिसमें कुल लक्ष्य 92342 के विरुद्ध 89101 प्रविष्टि की गई है, उपायुक्त ने शत प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में सेविका सहायिका के रिक्त 26 पदों को लेकर जानकारी ली, बताया गया कि रिक्त पदों पर चयन हेतु कार्रवाई की जा रही है। वहीं 60 आंगनवाड़ी केंद्रों में एलपीजी कनेक्शन अब तक नहीं लगा है, जिसे उपायुक्त ने जल्द से जल्द लगाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सेविकाओं और सहायिकाओं के मानदेय भुगतान को लेकर भी जानकारी ली एवं ससमय भुगतान हेतु निर्देश दिया। उपायुक्त ने इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न पेंशन योजना की समीक्षा कर पेंशनधारियों को पेंशन राशि आदि के भुगतान की समीक्षा किया गया। इसके अलावा उन्होंने सभी प्रखंडों में पेंशनधारियों के वार्षिक सत्यापन कार्य को लेकर चलाए जा रहे वशिष अभियान की समीक्षा की। जिसमे बताया गया कि कुल 104662 लाभुक हैं। अब तक सत्यापन के दौरान 1213 मृत पाए गए लाभुकों एवं 148 अयोग्य लाभुकों कुल 1361 को एनएसएपी पीपी पोर्टल पर विलोपन कर दिया गया है। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि अच्छे से सत्यापन हेतु कार्य करें, अयोग्य लोग को पेंशन का लाभ न मिले, उनके स्थान पर योग्य लोगों को चिन्हित कर उन्हें लाभ दिलाएं। इसके अलावा उन्होंने पोर्टल पर अंकित कुल लाभुकों में से 4502 लाभुकों के आधार गैप को लेकर जानकारी ली एवं इस संबंध में आवश्यक सुधार को लेकर निर्देश दिया। उपायुक्त ने सर्वजन पेंशन योजना का वृहत रूप से प्रचार प्रसार करने एवं योजना के तहत योग्य लाभुकों को इससे जोड़ने का निर्देश दिया। उपायुक्त शशि भूषण मेहरा के द्वारा जिला पोषण टास्क फोर्स की आहूत बैठक में पोषण संबंधित जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों यथा रूटीन टीकाकरण, जननी सुरक्षा, मिशन परिवार, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, चाइल्ड न्यूट्रीशन, सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन, आंगनवाड़ी एनरोलमेंट, मैटरनल न्यूट्रीशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आंगनवाड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सही पोषण नही मिलने के कारण बच्चों में बाल मृत्यु, महिलाओं में एनीमिया, बच्चों में सुखा रोग, अल्प वजन, बौनेपन जैसे समस्या से अधिक ग्रसित हैं खास कर के ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या और अधिक गंभीर है। उन्होंने राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान चलाए जा रहे विभिन्न जागरूकता एवं पोषण कार्यक्रम को लेकर संबंधित अधिकारियों को सक्रियता एवं निष्ठावान होकर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने पोषण मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। बच्चों एवं महिलाओं के पोषण विकास को लेकर किया जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को सही समय पर सभी जरूरी टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें साथ विटामिन ए सहित अन्य जरूरी डोज समय पर दें ताकि उनका समुचित विकास हो सके एवं वे कुपोषण का शिकार न बनें।


## शहर के दो प्रसिद्ध रेस्टोरेंट के खाने में मिली मिलावट, स्वास्थ्य विभाग ने किया जुर्माना



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शहर में होटल, रेस्त्रां कारोबारियों को स्वास्थ्य विभाग ने कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि वो नियमों का पालन करें नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मिलावट और फूड सेफ्टी को लेकर चल रहे अभियान को लेकर सिविल सर्जन ने चेतावनी जारी की है।जामताड़ा स्वास्थ्य विभाग और फूड सेफ्टी ऑफिसर के नेतृत्व में खाद्य पदार्थ के निरीक्षण और जांच को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को शहर के विभिन्न रेस्त्रां और होटल का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही वहां परोसे जाने वाले खाने की जांच की गयी। फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर और स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले में विभिन्न मिठाई दुकान, होटल रेस्त्रां पर जाकर खाद्य पदार्थों का निरीक्षण कर रही है। इसके साथ ही कारोबारियों को जागरूक कर रही है कि वो अपना रजिस्ट्रेशन कराएं और नियमों का पालन करें। जांच के बाद दो रेस्त्रां पर हुई कार्रवाई।शहर के दो प्रसिद्ध प्रतिष्ठानों पर फूड सेफ्टी को लेकर जांच की गयी। फूड सेफ्टी ऑफिसर और स्वास्थ विभाग की टीम ने रेस्त्रां में मिलने वाले खाने की जांच की, जिसमें काफी मिलावट पाई गयीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा दोनों रेस्त्रां पर नियम संगत कार्रवाई करते हुए एक पर 10 हजार और दूसरे पर 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जामताड़ा सिविल सर्जन डॉक्टर एसके मिश्रा ने इस जांच अभियान की जानकारी देते 'हुए बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग की टीम और फूड इंस्पेक्टर के द्वारा मिलावट को लेकर विभिन्न रेस्त्रां और होटल में जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शहर के दो बड़े रेस्त्रां का औचक निरीक्षण कर वहां के खाने की जांच की गयी जिसमें काफी विसंगतियां पायी गयीं। रेस्त्रां के द्वारा नियमों का पालन नहीं किया गया, जिस पर दोनों प्रतिष्ठानों पर अर्थ दंड लगाया गया। सिविल सर्जन ने चेतावनी दी है कि वैसे रेस्त्रां, खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदार और होटल के कारोबारी फूड सेफ्टी के नियमों का पालन करें, अपना रजिस्ट्रेशन कराएं नहीं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सजग पुलिसः कैश से भरा एटीएम लेकर भाग रहे अपराधी के हौसले हुए पस्त



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा जिले में कैश से भरा एटीएम उखाड़ कर अपराधी भाग रहे थे, पुलिस ने पीछा किया तो एटीएम और गाड़ी छोड़ फरार हो गए। पुलिस ने एटीएम और गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। घटना करमाटाड़ थाना क्षेत्र के कलाझरिया के पास की है। साथ ही घटना देर रात की है। विदित हो कि कलाझरिया के पास एसबीआई के एटीएम में करीब दो से ढाई बजे के बीच गाड़ी से अपराधी आए थे और एटीएम को काटकर उखाड़ कर भाग रहे थे। पेट्रोलिंग कर रही पुलिस पार्टी को इसकी सूचना मिली तो भाग रहे अपराधी के वाहन का पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस की गाड़ी के पीछा करते देख अपराधी कुछ दूर जाकर एटीएम और गाड़ी को छोड़कर अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल हो गए। अपराधियों द्वारा ले जाए जा रहे एटीएम और उपयोग में लाई गई गाड़ी को पुलिस ने नारायणपुर थाना क्षेत्र से बरामद किया है। लुटेरे वहां एटीएम और अपनी गाड़ी को छोड़कर भाग खड़े हुए थे। पुलिस ने एटीएम और बोलेरो वाहन को तो बरामद कर लिया लेकिन अपराधियों को पकड़ नहीं पाई। कितनी संख्या में अपराधी आए थे,इसकी खबर लिखे जाने तक जानकारी नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अनिमेष नैथानी ने पूरे जिले की सीमा बंदी कर दी। जिसकी वजह से अपराधी अपने मनसूबे में कामयाब नहीं हो पाए। एसपी ने मौके पर घटना का निरीक्षण किया और घटना की पूरी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अपराधियों को पकड़ने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ने का दावा एसपी ने किया है ।घटना को लेकर एसपी अनिमेष नैथानी ने कहा है कि अपराधियों द्वारा लूटे गये एटीएम और एक बोलेरो गाड़ी को बरामद कर लिया गया है। पुलिस को इसमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा है कि शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

### विकास कुमार राय ने उप निर्वाचन पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** गुरुवार को नव पदस्थापित उप निर्वाचन पदाधिकारी विकास कुमार राय ने कार्यपालक दंडाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी से उप निर्वाचन पदाधिकारी, जामताड़ा का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर निवर्तमान उप निर्वाचन पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने नव पदस्थापित उप निर्वाचन पदाधिकारी को बुके देकर स्वागत किया एवं कार्यालय के सभी कर्मियों से परिचय करवाया।

### महिला का शव ससुराल से संदिगध परिस्थिति में बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर, मो असलम, मधुपुर/ देवघर।** जिले के मारगोमुण्डा थाना क्षेत्र के खरजोरी गांव में 28 वर्षीय महिला का शव उसके ससुराल से मारगोमुंडा की पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया।बताया जाता है कि मृतक महिला का नाम शबीना खातुन है। घटना को लेकर मृतका के पिता छातापाथर गांव निवासी तबारक अंसारी ने लिखित शिकायत पुलिस को दी है। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि सात साल पहले मेरी पुत्री शबीना का विवाह मारगोमुंडा थाना के खरजोरी निवासी असरफ अंसारी के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल वाले उसकी पुत्री के साथ मारपीट करते थे। उन्होंने यह भी बताया कि बुधवार (13 सितम्बर) की शाम को शबीना की अपने मां के साथ बातचीत हुई थी। वहीं 14 सितम्बर की सुबह पता चला कि उसकी पुत्री की मौत हो गयी है।सूचना पर मृतिका के चचेरे भाई घटनास्थल पहुंचे तो देखा कि उसके कान से लगातार खुन बह रहा था और गले में दाग का निशान था।पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

### कनीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देलघर।** पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राम दयाल मुंडा ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष में मधुपुर थाना के कनीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया । उन्होंने मधुपुर थाना में दर्ज विभिन्न मामलों का विस्तार पूर्वक अवलोकन किया । विभिन्न कांड के अनुसंधानकर्ता से लंबित मामलों के संबंध में बारी बारी से जानकारी लिया और आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने कहा कि थाना में दर्ज लंबित मामलों का समीक्षा किया गया। किस-किस कारणों से मामला लंबित पड़ा हुआ है । उसकी जांच की जा रही है । त्रुटियों को दूर करके मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अनुसंधानकर्ताओं को कार्रवाई के लिए बाहर जाना है । इसके लिए निर्देश दिया जा रहा है । ताकि लंबित मामलों का निष्पादन जल्द किया जा सके।

### जामताड़ा महाविद्यालय में हिंदी दिवस कार्यक्रम मना



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से गुरुवार 14 सितंबर को हिंदी दिवस का कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया।इसमें हिंदी विभाग की डॉक्टर काकोली गोराई एवं प्रोफेसर राम सनेही राम के द्वारा मंच संचालन किया गया। विभिन्न वक्ताओं में राजनीतिक विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर कौशल, छात्र नीरज कुमार यादव आदि के द्वारा हिंदी के वर्तमान स्वरूप एवं विषय आदि पर प्रकाश डाला गया। डॉक्टर काकोली गोराई के द्वारा यह कहा गया कि हम यह प्रयास करें कि जल्द से जल्द अपने देश को राष्ट्रभाषा का सम्मान हिंदी को दे सके, यह हमारे लिए हमारे देश के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। हिंदी अपनी ढेर सारी खूबियां से युक्त है, यह ऐसी संपर्क भाषा है जो अमीर- गरीब, दक्षिण से उत्तर और पश्चिम से पूर्व को साधने में पूरी तरह से सक्षम और समर्थ है,ऐसी मीठी भाषा जिसकी मिठास में आत्मीयता हो,जो भावनाओं को एक सूत्र में करने में सक्षम है ।


### ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए डीएसई दीपक राम ने किया जनसंपर्क



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** जामताड़ा प्रखंड अंतर्गत संकुल मेझीया के विभिन्न विद्यालयों मैं अनुपस्थित बच्चों को विद्यालय से मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयास कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार राम ने विभिन्न विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में भ्रमण किया। साथ ही भ्रमण के क्रम में अभिभावकों से कहा की सरकार छात्र-छात्राओं को किताब, कॉपी, कलम,ड्रेस, छात्रवृत्ति, साइकिल, मध्यान्ह भोजन, जूता, मोज़ा ,स्वेटर इत्यादि दे रही है। बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। आपका बच्चा पढ़ लिख कर विद्वान हो जाएगा तो गांव एवं समाज का नाम रोशन करेगा। शिक्षा के बिना हम आगे बढ़ नहीं सकते है। अगर आप सभी अभिभावक प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजेंगे तो पढ़ लिख कर आपका बच्चा डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक जरूर बनेंगा। इसी के तहत प्राथमिक विद्यालय डेलटाड मे विद्यालय प्रबंध समिति एवं अभिभावक एवं गांव के गणमान्य एवं मेझिया पंचायत के मुखिया मिरुदी देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक विकास चंद्र मंडल, बीपीओ, सीआरपी दीप्ति पाल प्रखंड अकाउंटेंट विकास कुमार इत्यादि ने बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास करने पर विशेष चर्चा की।

**बैठक** पेयजल, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

## सभी योजनाओं को ससमय गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करें



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** गुरुवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत पेयजल, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आहूत किया गया। बैठक के दौरान हर घर नल से जल कनेक्शन (एफएचटीसी) की स्थिति, मासिक प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा, जल जीवन मिशन, ओडीएफ प्लस सहित विभिन्न कार्यों के प्रगति की बारी बारी से समीक्षा की गई। बैठक में समीक्षा के दौरान बताया गया कि कुल 1 लाख 48 हजार 405 घरों में नल से जल कनेक्शन किए जाने है जिसमें अब तक 41562 घरों को जोड़ा जा चुका है। वहीं इस संबंध में बताया गया चरणबद्ध तरीके से नल से जल कनेक्शन हेतु कार्य किए जा रहे हैं। जिसमें द्वितीय क्वार्टर (जुलाई से सितंबर) में कुल लक्ष्य 6600 के विरुद्ध 5129 घरों को जोड़ा जा चुका है। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने जिले में खराब पड़े नलकूपों को शिकायत मिलने पर अविलंब ठीक करने एवं सभी को सुचारू रूप से क्रियाशील रखने का निर्देश दिया, लोगों को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जामताड़ा जिला के सभी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायत भवनों एवं पुस्तकालय भवनों में एफएचटीसी के तहत जलापूर्ति करने का निर्देश दिया। साथ ही पेयजलापूर्ति से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर साधारण मरम्मती कर चपाकलों को चालू करने का निर्देश जेई एवं एई को दिया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कितने चापाकलों की मरम्मती की गई, कितने खराब हैं उसका अद्यतन रिपोर्ट बनाकर देने का निर्देश दिया गया। एसबीएमजी के अंतर्गत कार्यान्वित कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने एसबीएम जी के तहत एसबीएम ईबीआर एवं एसएनए के तहत अंस्पेंट बैलेंस की समीक्षा की एवं निर्देश दिया कि बैलेंस शून्य करें। इसके लिए उन्होंने कनीय अभियंता/सहायक अभियंता को सख्त निर्देश दिया कि कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके अलावा उपायुक्त ने ओडीएफ प्लस स्टेटस की समीक्षा की। जिसमे बताया गया की जिले के कुल 1071 गांवों में से 886 गांवों को ओडीएफ प्लस विलेज घोषित हो चुके हैं। जिसमे से ज्यादातर गांव 1 स्टार एस्पायरिंग है। जिसकी समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिक से अधिक गांवों को 1 स्टार से 3 स्टार एस्पायरिंग में कन्वर्ट करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड समन्वयकों को अगली बैठक तक में 111 गांवों को 3 स्टार एस्पायरिंग में लाने का निर्देश दिया। वहीं इस कार्य में आ रही कठिनाइयों के बारे में उन्होंने जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिसके लिए एनुअल एक्शनल प्लान पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा गोबरधन योजना के तहत गोबर गैस प्लांट के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि जिले के 04 प्रखंडों में स्थान चिन्हित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि गांव में लोगों को गोबरधन योजना एवं गोबर गैस प्लांट के बारे में जानकारी दें, इसके क्या लाभ हैं ताकि योजना का सफल क्रियान्वयन एवं लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के तहत चिन्हित किए गए 6 स्थलों के बारे में पूछा गया। जिसमे बताया गया कि नाला एवं कुंडहित में एंट्री स्टार्ट है जबकि जामताड़ा, करमाटांड़ एवं नारायणपुर में कार्य प्रगति पर है।

# विस्थापितों के समर्थन में उतरे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, देवघर।** चितरा के विस्थापितों को निलंबित कर और झुठे मुकदमे में फंसाकर कोलियरी विस्तार नहीं कर सकते हैं, विस्थापितों की बात सुननी पड़ेगी, उनके वाजिब हक को देना ही पड़ेगा। यह बातें दमगढ़ा आम बगान में विस्थापितों की हो रही बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता ने कहा।दमगढ़ा विस्थापित परिवार के समर्थन में गुरुवार को हजारों की संख्या में विस्थापित परिवार के लोग दमगढ़ा आम बागान में उपस्थित होकर प्रबंधन के विरोध में प्रदर्शन किया एवं एक मांग पत्र विस्थापित परिवार की ओर से महाप्रबंधक एसपी माइंस को दिया गया। दमगढ़ा आम बागान में चितरा,बाउरी टोला ,बर मरिया,दमगढ़ा,तुलसीडाबर,जमनीटाड़, खून,छाताडंगाल, चूड़ीकनाली, आमडंगाल, ताराबाद,जमुआ आदि गांव से हजारों की संख्या में विस्थापित पीड़ित परिवार के लोग उपस्थित हुए और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता के नेतृत्व में एक बैठक की गई । इसमें मुख्य रूप से प्रबंधन से यह मांग की गई कि विस्थापित परिवार के सदस्यों को तंग करना बंद करें बताते चलें की दो कोयलाकर्मी जो विस्थापित भी है उन्हें प्रबंधन द्वारा दबाव डाल कर निलंबित कर दिया गया है एवं मुकदमा भी दर्ज किया गया है। लोगों ने अविलंब मुकदमा वापस कर निलंबन रद्द करने की मांग की एवं विस्थापन के हक को देते हुए काम करने की मांग की । इस अवसर पर खून गांव के अरुण महतो जमुआ मुखिया प्रतिनिधि राजू दास विस्थापित परिवार तुलसीडाबर एवं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के सचिव निर्मल मरांडी दमगढ़ा विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष गोकुल महतो ने अपना विचार रखा। बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता ने कहा की विस्थापितों के हक की लड़ाई के लिए हम सबों को एक होना होगा हम चाहेंगे कि बिना किसी दलगत भावना के सभी नेता विस्थापित परिवार के लोग एक साथ आवें।हम अपने विरोधियों के साथ भी कंधा से कंधा मिलाकर विस्थापन के लिए आंदोलन करने के लिए तैयार है। विस्थापितों के विरुद्ध कोई न जाए। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने कहा की प्रबंधन डरा धमका कर विस्थापतों का हक मारना चाहती है । झारखंड सरकार के नई स्थानीय नीति के अनुसार कोई भी काम में स्थानीय बेरोजगारों को 75 फ़ीसदी रखना अनिवार्य है । बैठक के बाद हजारों की संख्या में विस्थापित और स्थानीय बेरोजगार एक मांग पत्र लेकर महाप्रबंधक कार्यालय जुलूस के शक्ल में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता के नेतृत्व में पहुंचे एवं एक मांग पत्र महाप्रबंधक एसपी माइंस को एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से सौंपा गया। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के सभी नेता इंडिया गठबंधन के सभी ट्रेड यूनियन सहित सैकड़ों कोयला कर्मी जिनकी जमीन पर उत्पादन हो रहा है उपस्थित थे। लोगों में काफी आक्रोश था।

## ख़ास ख़बर

### भगवान श्री देवनारायण पद यात्रियों का कोटपूतली पहुंचने पर भव्य स्वागत

**विशाखा मिश्रा/दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान /कोटपूतली।** गुर्जर समाज के देवता श्री देवनारायण भगवान की पदयात्रा आज अनाज मंडी कोटपुतली पहुंची। अनाज मंडी में श्री देवनारायण भगवान के मंदिर से पूजा अर्चना करवा कर यात्रा को कोटपूतली के प्रमुख मार्गो से घुमाया जहां समाज के प्रबुद्ध जानो और कोटपूतली शहर वासियों ने जगह-जगह तोरण द्वार लगाकर पुष्प वर्षा कर पदयात्रा का भव्य स्वागत किया पदयात्रा कोटपूतली शहर के प्रमुख मार्ग से होती हुई पुतली रोड पावर हाउस के पास स्थित देवनारायण मंदिर विसर्जित हुई पदयात्रा में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर कसाना भाजपा नेता मुकेश गोयल बीजेपी नेता पूरणमल भरगड सहित समाज के अनेक लोग यात्रा में शामिल हुए । यात्रा में भगवान शंकर की झांकी, काली माता की झांकी, गणेश भगवान की झांकी सहित अनेक झांकियां भी सम्मिलित रही और आकर्षण का केंद्र रही । पदयात्रा में समाज के अनेक लोग झूमते नाचते गाते हुए पदयात्रा में शामिल हुए ।

### डा ,बारूपाल के निधन पर आयोजित की गई श्रद्धांजलि सभा

**करतारपुरा** । दिवंगत डॉ.बारुपाल सादगी व विनम्रता की प्रतिमूर्ति थे ।वे महान कर्मयोगी व परोपकारी व्यक्तित्व के धनी और उच्च विचारों वाला अद्भुत व्यक्तित्व थे । उनका सहज ,सरल जीवन व उत्तम विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे ।" उक्त विचार आज समर्पण संस्था द्वारा करतारपुरा स्थित कार्यालय में संस्था के प्रधान मुख्य सलाहकार व पूर्व ज़िला न्यायाधीश डॉ. उदय चन्द बारूपाल के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संस्था के प्रधान पथ प्रदर्शक व सेवानिवृत्त आई ए एस डॉ. बी. एल. जाटावत ने व्यक्त किये । श्रद्धांजलि सभा में संस्था सदस्यों ने डॉ. बारुपाल को श्रद्धा सुमन अर्पित किये और पुण्यतिथि 9 सितम्बर को "प्रेरणा दिवस " रूप में याद करने का निर्णय लिया । संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने डॉ. बारूपाल के जीवन से सम्बन्धित अनेक संस्मरण साझा करते हुए कहा कि " उनके कर्म व विचारों को जीवन में स्थान देने का प्रयास करें ताकि हमारा जीवन भी सफल व अर्थपूर्ण बन सके । इस अवसर पर समाज सेविका सुनीता दामिनी गुप्ता, डॉ. किरण देवल, सी. एल. वर्मा, रमेश कुमार बैरवा, राकेश कुमार सिंह , रवि सिंह किरार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।

### मुकदमे की जानकारी लेने पहुंचा गैंगस्टर साइबर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वाराणसी,जनपद** । के कचहरी में अपने ऊपर दर्ज मुकदमे की जानकारी के लिए पहुंचे गैंगस्टर को वाराणसी साइबर की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।एनीडेस्क एप्प के माध्यम से मोबाइल हैक कर महिला के खाते से करीब 5 लाख रुपए निकालने के आरोप में गैंगस्टर संदीप गौंड को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए गैंगस्टर ने बताया कि वह धोखाधड़ी और हत्या के मामले में जेल जा चुका है। वही साइबर क्राइम की दुनिया में झारखंड साइबर ठग साथियों के साथ मिलाकर ठगी करने की बात स्वीकार किया।पकड़े गए साइबर अपराधी के बारे में पुलिस ने बताया कि संदीप गौंड जो प्रतापगढ़ का रहने वाला है। इसके ऊपर कई मामलों में मुकदमा दर्ज है और गैंस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। झारखंड के देवघर जेल में बंद होने के दौरान इसकी मुलाकात साईबर अपराधियों के साथ हुई। जिसके बाद यह गैंग बनाकर एप्लीकेशन के माध्यम से साइबर अपराध की घटना को अंजाम देता था। इसकी तलाश पुलिस को काफी दिनों से थी। चुकी यह साइबर अपराधी है और अपने ठिकानों को बदलता रहता है। वाराणसी की साइबर थाने की पुलिस ने जौनपुर की एक पीड़ित द्वारा खाते से करीब 5 लाख 20 हजार रुपए की धोखाधड़ी के मामले जांच के दौरान अपराधी हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के द्वारा कुछ अपराधिक इतिहास बताया गया है और इसका क्या अपराधिक इतिहास है और इसके गैंग में कौन -कौन लोग है, इसकी जानकारी किया जा रहा है।

### शनि महाराज मंदिर का दान पत्र से निकले 27 लाख रुपए की राशि भंडार से प्राप्त हुई है

**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर/एंकर नरेंद्र सेठिया** । ने बताया कपासन उपखंड क्षेत्र के मेवाड़ के आराध्य देव शनि देव महाराज मंदिर के दान पत्र बुधवार चौवदस के दिन शनि देव की पूजा अर्चना कर शनिदेव का दान पत्र खोला गया प्राप्त जानकारी के अनुसार मंदिर कमेटी के अध्यक्ष छगनलाल गुर्जर ने बताया कि बुधवार चौवदस के दिन शनि देव की पूजा अर्चना करने के पश्चात शनि देव का दान पत्र खोला गया जिसमें 27 लाख 80 हजार रूपयें 217 रूपयें की राशि प्राप्त हुई जिसमें मुख्य मंदिर एवं नौग्रह देवता मंदिर के भंडार से कुल राशि प्राप्त हुई इस मौके पर मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष सत्यनारायण जाट सचिन कालू सिंह मंत्री गणपत लाल कुमावत आदि उपस्थित में शनि देव का दान पत्र खोला गया ।

### अररिया टाउन हाल में संस्कृतिक कार्य निदेशालय जिला स्तरीय युवा उत्सव के शुभ अवसर पर आयोजन किया गया



**रिपोर्टर मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर, अररिया** । टाउन हॉल में कला सांस्कृतिक एवं युवा विभाग बिहार सरकार सांस्कृतिक कार्य निदेशालय जिला स्तरीय युवा उत्सव अररिया 2023 24 के शुभ अवसर पर 14 15 सितंबर।को।आयोजन किया गया जिसमें शास्त्रीय गायन शास्त्री नृत्य शास्त्री वादन समूह गण समूह लोक नृत्य लोकगीत कंचना नाटक हारमोनियम संगम शहनाई कई तरह के प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें कई स्कूल के बच्चे बच्चियों भाग लिए ।

# देश को एक सूत्र में बांधती है हिंदी-शिक्षक देवीदत्त मालवीय






**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन सिंह बगहा पश्चिमी चंपारण।** हिंदी भारत में सबसे अधिक लोगों के द्वारा बोली और समझी जाने वाली भाषा है। समय के साथ इसकी लोकप्रियता और बढ़ती जा रही है। 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने जनभाषा हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा विविध संस्कृतियों वाला देश है। धर्म, परंपराओं तथा भाषा में इसकी विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। बो हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। दुनियाभर में हिंदी भाषा तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। वर्ष 1949 में हिंदी को हमारे देश में सर्वोच्च दर्जा प्राप्त हुआ और तब से हिंदी को हमारी राजभाषा माना जाता है।उक्त बातें दीपक कुमार राही ने हिन्दी दिवस के अवसर पर स्थानीय डी एम एकेडमी बगहा के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा।शिक्षक देवीदत्त मालवीय ने कहा की हिन्दी इतनी सरल और सहज भाषा है जिसके कारण इसने देश को एक सूत्र में बांधने में अहम भूमिका निभाई है। हिन्दी अत्यंत समृद्ध एवं जीवंत भाषा है, हम-सब को मिलकर इसे आगे ले जाने के लिए संकल्पित भाव से कार्य करना होगा। इस अवसर छात्रों के बीच में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी जिसमें वक्तृत्व में इंटर प्रथम वर्ष के छात्र राज कुमार को प्रथम एवं कुंदन कुमार इंटर प्रथम वर्ष को द्वितीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। निबंध लेखन में गौरव कुमार,विकास कुमार, ओंमकार कुमार को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वहीं काव्य पाठ में कृष्णा कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत संगीत शिक्षक रुपेश कुमार पाठक के द्वारा सरस्वती वंदना का सस्वर गायन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुभाष प्रसाद ने की वहीं संचालन देवीदत्त मालवीय ने किया। छात्र अभिभावक के रुप में हरिद्वार प्रसाद मस्ताना, छात्रों में अनुप कुमार ठाकुर, मनीष कुमार, प्रवीण कुमार,चंदन कुमार,विवेक कुमार, आदित्य के साथ शिक्षक संजीव कुमार ठाकुर,पुष्पलता कुमारी,दयाशंकर प्रसाद,मनोज कुमार राय , राजन कुमार के साथ सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित रहें।

## श्री सांवलिया सेठ के भंडार से निकले 04 करोड़ 63 लाख 79



**दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर/एंकर नरेंद्र सेठिया** । ने बताया कि सांवलियाजी- मेवाड़ के सुप्रसिद्ध हजार रुपए। दिनांक 13 सितम्बर 2023 को भगवान श्री सांवलिया सेठ के दो दिवसीय मासिक मेले के पहले दिन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को भगवान श्री सांवलिया सेठ की राजभोग की आरती के बाद ठाकुरजी का भंडार खोला गया। जिसकी गणना के पहले चरण में 04 करोड़ 63 लाख 79 हजार रुपए कि राशि प्राप्त हुई। शेष बची राशि की गणना ठाकुरजी के दो दिवसीय मासिक मेले के बाद में की जाएगी। बुधवार को पहले चरण की गणना मन्दिर मण्डल बोर्ड के अध्यक्ष भैरूलाल गुर्जर, बोर्ड सदस्य संजय कुमार मण्डोवरा, ममतेश शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, श्रीलाल कुलमी, भेरूलाल सोनी, गौशाला व सम्पदा प्रभारी कालु लाल तेली सहित मंदिर मंडल तथा क्षेत्रीय बैंकों के कर्मचारियों की मौजूदगी में की गई। साथ ही ठाकुरजी के भंडार से निकले सोना तथा चांदी का वजन करना भी शेष रहा। इधर श्री सांवलियाजी मंदिर मंडल भेंटकक्ष कार्यालय में प्राप्त नगद राशि की गणना व भेंट स्वरूप प्राप्त सोना तथा चांदी का वजन करना भी शेष रहा।

## अनुमंडल दंडाधिकारी ने साठी राजगढ़िया फार्म में हो रही अवैध कब्जे पर लगाया रोक। लगा 144 धारा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया साठी, नरकटियागंज** । अनुमंडल क्षेत्र के साठी थाना के नवमी चौक स्थित जरगढ़िया फॉर्म की जमीन पर नरकटियागंज अनुमंडल दंडाधिकारी के द्वारा धारा 144 के तहत किसी भी अवैध निर्माण पर रोक लगा दी गई है। वाद संख्या 1252 के तहत करीब आधा दर्जन लोगों पर इस बाबत नोटिस भेजी गई है। इधर भू स्वामी अमित राजगढ़िया के भाई प्रशांत राजगढ़िया अपने सहयोगियों के साथ गुरुवार को साठी थाना पहुंचे। थानाध्यक्ष उदय कुमार से मिलकर विवादित जमीन पर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। इस दौरान थाना परिसर में भरी गहमागहमी रही। श्री राजगढ़िया ने संवाददाताओं से बातचीत के क्रम में कहा कि साठी की जनता किसी के बहकावे में अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा गलत जगह इस्तेमाल नहीं करें। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष ने बताया कि अनुमंडल दंडाधिकारी के द्वारा भेजी गई नोटिस प्राप्त हुई है। विवादित भूमि पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

# पतिलार पंचायत की मुखिया ने जनहित मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** प्रखंड बगहा एक के पतिलार पंचायत की मुखिया पायल मिश्रा ने पंचायत के जनहितकारी प्रमुख मांगों को लेकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। मुखिया ने बताया कि जिला स्तर पर हमारा पंचायत जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़े पंचायतों में आता है। यह भौगोलिक दृष्टिकोण से ऐसा पंचायत है जिस पर आसपास के पंचायत के लोगों को भी स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी सुविधाएं पाते है। पंचायत में पशुपालकों की संख्या बहुत ज्यादा है, बावजूद भी यहां पर कोई पशु चिकित्सालय नहीं है। अगर यहां पर एक पशु चिकित्सालय का निर्माण हो जाता है, तो एक पंचायत ही नहीं बल्कि यहां के आसपास के जितने भी पंचायत हैं सभी पशुपालकों को इसका लाभ मिलेगा। पंचायत में प्रस्तावित पंचायत सरकार भवन का जल्द से जल्द निर्माण हो इसके लिए भी जिलाधिकारी से आग्रह किया। ताकि एक छत के नीचे सरकार की सारी सुविधाएं और अधिकारी सभी लोगों को मिल पाए। हरिहर उच्च विद्यालय पतिलार में एक स्टेडियम का निर्माण हो जाने से हमारे यहां के युवाओं को एक बेहतर जगह मिल जाएगा। खेल के कलाओं का प्रशिक्षण लेने के लिए साथ ही वार्ड नंबर तीन स्थित कब्रिस्तान के घेराबंदी के बारे में भी विस्तार से डीएम को मुखिया ने बताया । पंचायत में हो रहे विकास के सभी कार्यों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया।डीएम के द्वारा आश्वत किया गया कि जितनी भी मांगे हैं उसको प्रमुखता से देखा जाएगा। पंचायत सरकार भवन के लिए उन्होने कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ताकि जल्द से जल्द पंचायत सरकार भवन के निर्माण संबंधित प्रक्रिया को पूरी की जा सके। उन्होने पंचायत में हो रहे कार्यों की सराहना की, हालांकि डीएम ने पतिलार पंचायत में आने का आश्वासन भी दिया।

**अपराधी** वारण्टी मय मा0 न्यायालय द्वारा जारी मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया जेल

# शादियाबाद थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी** । अपराधियों के चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 14-08-23 को श क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा शेखर सेंगर व थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना स्थानीय के उ0नि0 हरिश्चन्द्र वर्मा मय हमराह का0 दिवाकर राव हो0गा0 ओमप्रकाश पीआरडी राम जन्म सिंह यादव मय सरकारी वाहन UP61G0314 चालक का0 जानसन के साथ मा0 न्यायालय अपर सिवील जज (जू0डि0) कोर्ट नं0 05 गाजीपुर द्वारा जारी NBW मु0नं0 4462/17 राज्य बनाम अश्वनी राम थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर धारा 279/337/338 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अश्वनी राम पुत्र दूधनाथ राम निवासी मनिहारी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर को वारण्टी के घर बहद ग्राम मनिहारी से गिरफ्तार किया गया विवरण इस प्रकार है मै उ0नि0 मय हमराह कर्मचारीगण को थाना स्थानीय से प्रस्थान कर देखभाल क्षेत्र करते हुए जाँच प्रा0पत्र रात्रि गस्त करते हुए तत्पश्चात वारण्टी अश्वनी राम पुत्र दूधनाथ राम निवासी मनिहारी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर की तलाश करता हुआ वारण्टी के घर पहुँचा तो एक व्यक्ती अपने घर के बाहर बैठा हुआ था नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम अश्वनी राम पुत्र दूधनाथ राम निवासी मनिहारी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर बताया जो मा0 न्यायालय अपर सिवील जज (जू0डि0) कोर्ट नं0 05 गाजीपुर मु0नं0 4462/17 राज्य बनाम अश्वनी राम थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर धारा 279/337/338 भादवि से मिलान किया गया तो नाम पता सही पाया गया मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बाजाफ्ता बाकायदा कारण गिरफ्तारी बताकर समय करीब 07.30 बजे गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी के समय मा0 सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के दिशा निर्देशो का अक्षरशः पालन किया गया गिरफ्तारी की सूचना मौके पर मौजूद परिजन को दी गयी । वारण्टी उपरोक्त मय मा0 न्यायालय द्वारा जारी NBW के मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया जेल ।

## नेशनल हाईवें चुनाव पूर्व नहीं बना तो, आगामी लोकसभा चुनाव रोड नही तो वोट नहीं का होगा आंदोलन - रमेश प्रसाद फौजी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** बगहा - मदनपुर राष्ट्रीय पथ 727 मदनपुर मोड़ से सालिकपुर (उत्तर प्रदेश सीमा) तक दो राज्यों को जोडने वाली राष्ट्रीय उच्च पथ का सड़क तैयार नहीं होने पर वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र के मतदाता मतदान का वहिष्कार करेंगे। मतदान वहिष्कार करने के लिए बगहा के एक रिटायर्ड फौजी सह आप नेता रमेश प्रसाद उक्त संसदीय क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर जन जागरुक कर रहें हैं। लोगों से मिलकर उक्त सड़क के अभी तक बनकर तैयार नहीं होने का कारण लोगों को समझा रहें हैं।उनका कहना है कि राष्ट्रीय उच्च पथ 727 पूर्वी चम्पारण के छपवा से शुरू होकर पश्चिम चम्पारण के बगहा ,मदनपुर होकर उत्तर प्रदेश के कसया 169 किलोमीटर तक जाती है, जिसमें 104 से 110 किलोमीटर के बीच मात्र छः किलोमीटर सड़क हमारी सरकारें नहीं बना पा रही है, जो राष्ट्रीय उच्च पथ 727 चिन्हित है। जिस पर हजारों छोटी- बडी वाहन प्रतिदिन आवागमन करती हैं। साथ ही भार वाहक गाडियां भी कई प्रदेश से इस सड़क पर आवागमन करती है । आगे वो बताते हैं कि 25 एकड वन भूमि लोकहित के लिए राज्य सरकारे उपयोग कर सकती है,केन्द्र सरकार ने राज्यों को पत्र निर्गत कर दिया है, इसलिए सड़क नहीं बन पाने का कारण शासन और प्रशासन है। इसलिए शासन और प्रशासन को सबक सीखाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव का वहिष्कार करनी चाहिए।

### सांसद ने किया दो सड़क का शिलान्यास किया, 13 करोड़ रूपए की लागत से बनेगी सड़क

**संवाददाताः अब्दूल वहाब ,उधवा/साहिबगंज।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हंसदक ने गुरुवार को दो पीडब्ल्यूडी सड़क का फीता काटकर शिलान्यास किया। करीब 13 करोड़ की लागत से बेगमगंज पीडब्ल्यूडी सड़क से आतापुर पीडब्ल्यूडी सड़क होते हुए चांदशहर पथ की कुल लंबाई 7 किमी व एनएच चौकीढाब से पीडब्ल्यूडी मनिहारी टोला होते हुए मदीया तक पथ की कुल लंबाई 7.5 किमी निर्माण कार्य किया जाएगा। ज्ञात हो कि बेगमगंज चांदशहर आरईओ सड़क जर्जर होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। उक्त सड़क का शिलान्यास वर्ष 2018 में हुआ था। लेकिन संबंधित ठिकेदार व विभाग के मिलीभगत से सड़क की हालत कुछ ही महीनों में बिगड़ गई थी। इस मौके पर सांसद विजय कुमार हांसदा ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र के विकास के लिये जनता की मांग को पूरा किया किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा सरकार में क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रही है तथा हर क्षेत्र में काम किया जा रहा है। करोड़ों की लागत से दो पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण पूरा होने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। उक्त सड़क सीधे एनएच से जुड़ेगा।

### शिक्षा विभाग के और प्रमुख सचिव श्री के. के. पाठक के द्वारा अररिया जिले के कई स्कूलों का दौरा किया गया



**रिपोर्टर मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर** । शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री के.के. पाठक के द्वारा अररिया जिले के कई स्कूलों का दौरा किया गया। इसमें राजकीयकृत उच्च विद्यालय अररिया, बालिका उच्च विद्यालय अररिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गैयारी, कन्या प्राथमिक विद्यालय गैयारी के साथ-साथ कई अन्य विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। मौके पर जिला पदाधिकारी अररिया श्रीमती इनायत खान, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री राज कुमार मौजूद थे। निरीक्षण के क्रम में अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा वर्ग कक्ष, पठन-पाठन, छात्रों की उपस्थिति और साफ सफाई को लेकर कई दिशा निर्देश दिये। इस दौरान विद्यालयों में उपस्थित छात्र-छात्राओं से उन्होंने संवाद भी किया और पठन-पाठन की जानकारी प्राप्त किये। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं उपस्थित प्रधानाध्यापक को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### जनता दल-यूनाइटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष श्री वसीम अहमद ने मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष सलीम परवेज को एक ज्ञापन सौंपा



**मधुबनी संवाददाता मोहम्मद सालिम आज़ाद** । जनता दल यूनाइटेड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष वसीम अहमद साहब ने मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष सलीम साहब से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने अध्यक्ष का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि सरकारी मदरसों में किताबों का वितरण शत-प्रतिशत नहीं हो रहा है. छात्र एवं छात्राओं के बीच किया गया। कई छात्र एवं छात्राएं किताबों से वंचित हैं। मिली जानकारी के अनुसार जब बीआरसी में कुछ किताबें रह जाती हैं तो मदरसों के पदाधिकारियों को बुलाकर उन्हें दे दिया जाता है। इसकी भी बड़ी कमी है। जिससे छात्र एवं छात्राओं की शिक्षा काफी प्रभावित हो रही है। सर मेरा अनुरोध है कि मदरसों में शिक्षकों की कमी को जल्द पूरा किया जाए और चेयरमैन इस ओर ध्यान दें। ज्ञापन में यह भी लिखा है कि पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर है मदरसों में टेबल, बेंच, डेक, खेल उपकरण, पुस्तकालय, बिजली, पानी, शौचालय आदि की कमी है, खासकर बरसात के दिनों में छात्रों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई सरकारी मदरसों में अक्सर नए मदरसों के बीच टकराव होता रहता है। और पुरानी समितियाँ। इस बात पर भी जोर दिया जाना चाहिए कि कंप्यूटर तकनीकी शिक्षा का अनुशासन नहीं है

### परेमी के चक्कर में पत्नी ने पति का किया पिटाइ इलाज के दौरान हुआ पति का मौत




**रिपोर्टर मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर, रामपुर** । पंचायत रामपुर कुंदरकट्टी गांव में एक पति को पत्नी और सास और जीजाजी ने मिलकर मारा उसके कारण तीन चार रोज तक अररिया से लेकर पुर्निया सिलिगुड़ी तक इलाज चल लेकिन बच नहीं पाया अररिया सदा अस्पताल में आकर दम तोड़ा बताया जा रहा है कि लड़की अपने चचेरे जीजा जी से प्रेम कर रहा था जिसके कारण पति को काफी बुरा लग रहा था इसी बात पर कभी-कभी करता था तो अच्छे रोज पहले मार किया तो उनके पत्नी के मां ने वह अपने घर ले गया अपनी बेटी को उसके बाद दामाद को धमकी दिया तुमको छोड़ेंगे नहीं जिसका नतीजा आज यह है कि वह इस दुनिया से चले गए लड़का के परिजन कह रहे हैं कि कहने पर इस तरह का घटना घटा है यह घटना रामपुर कुंदरकट्टी रामपुर पंचायत का मामला है इसमें सरपंच जिला परिषद मुखिया प्रतिनिधियों ने अपने सफाई दिए हैं।

### हिंदी शिक्षण संस्थान में मनाया गया हिंदी दिवस समारोह



**दैनिक शुभ भास्कर,सुभाष चंद्र झा ,सहरसा** । हिंदी दिवस के अवसर पर सराही एवं इस्लामिया चौक स्थित हिंदी शिक्षण संस्थान में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ,चर्चित साहित्यकार मुख्तार आलम ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि हिंदी दुनिया की सबसे सरल,सहज और साहित्यिक रूप से समृद्ध भाषा है।वस्तुतः हिंदी भारत में सम्पर्क भाषा का काम करती है।इसके बावजूद इसका फलक वैश्विक है।विश्व के विभिन्न भाषाओं के विश्लेषण करने एवं संजोने वाली संस्था एक्नोलॉग के अनुसार दुनिया में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी का स्थान तीसरा है।अमेरिका में जो दक्षिण एशियाई भाषाएं बोली जाती है।उसमें हिंदी का स्थान पहला है।आज हिंदी भाषा तीस से अधिक देशों में बोली जाती है।वही चीन,रूस,जर्मनी जैसे देशों के कुछ विश्वविद्यालय में हिंदी भाषा पढ़ाई जाती है। वहाँ इसके लिए अलग विभाग भी हैं। 14 सितम्बर 1949 ईस्वी को भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा के रूप में शामिल किया गया है।


### मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के गंजारी में हुआ बड़ा हादसा



**वाराणसी** । माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संसदीय क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के लिए अधिग्रहित भूमि के मध्य स्थित एक प्राचीन सूखे कुंए में मध्य रात्रि में एक मजदूर अचानक गिर गया।बुधवार की मध्य रात्रि यह हादसा हुआ। इस भूमि का समतलीकरण का कार्य चल रहा है। शाम को क्षेत्र में भयंकर बारिश के कारण मैदान में पानी भर गया था। जिसके कारण कार्यरत मजदूर खेत के बीच में ऊंचे स्थान पर तंबू लगा कर रुके हुए थे। वहीं बगल में एक पुराना लगभग 70-80 फीट गहरा कुंआ था।रात्रि के घने अंधकार में दिखाई न देने के वजह से एक मजदूर उस कुंए में गिर गया। सूचना मिलने पर राजातालाब तहसील बार एसोसिएशन के भूतपूर्व महामंत्री एडवोकेट श्री प्रदीप सिंह, काशी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के सहायक प्रवक्ता डॉ वेद कुमार मिश्रा,राजातालाब थाने की पुलिस प्रशासन और जंसा थाने के परमपुर चौकी प्रभारी गौरव मिश्रा तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और फायरब्रिगेड को बुलाकर बहुत मशक्कत के बाद उस मजदूर को कुंए से बाहर निकलवाया ।

## ख़ास ख़बर

### दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार अनिल तिवारी की मां का देहावसान



**मोतिहारी, कफील एकबाल।** जिले के जाने-माने दैनिक जागरण के वरिष्ठ पत्रकार अनिल तिवारी की मां की मृत्यु सुबह हुई।पत्रकार की मां अति धर्म परायण महिला थी। मृत्यु की खबर मिलते हीं जिले के विभिन्न पत्र पत्रिका, यूट्यूब चैनल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों के अलावां विभिन्न राजनीतिक दल एवं सामाजिक क्षेत्र के लोग उनके दरवाजे पर पहूंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

### डा0 राधाकृष्ण सभागार मे हिंदी दिवस आयोजित



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर डॉ राधा कृष्ण सभागार में आयोजित समारोह का उद्घाटन जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया । उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा का प्रचलन बढ़ा है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा हिंदी भाषा का प्रयोग करने को कहा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि हिंदी भाषा हमारी जननी है,सम्मान पूर्वक हिंदी भाषा को अपनाएं। अपर समाहर्ता ने कहा कि अपने कार्यशैली में हिंदी भाषा की शुद्धता का ख्याल रखें । अनुमंडल पदाधिकारी मोतिहारी सदर ने कहा कि हिंदी भाषा में कार्य करना गर्व की बात है, हमारे देश में अधिकतर लोग हिंदी भाषी हैं । गोपाल जी मिश्रा प्रधान सहायक द्वारा हिंदी भाषा के इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

### किशनगंज प्रखंड के हालामाला पंचायत सरकार भवन में सरकारी कामकाज का डीएम ने किया निरीक्षण



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवम संवेदनशील बनाने के निमित जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री ने किशनगंज प्रखंड के हालामला पंचायत सरकार भवन में सरकारी कामकाज और अभिलेख संधारण का निरीक्षण किया है। मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी मो जफर आलम भी मौजूद रहे। डीएम ने किशनगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हालामाला के पंचायत सरकार भवन में जाकर पंचायत में चल रहे योजनाओं से संबंधित अभिलेख का निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत में चल रहे विशेष सर्वे संबंधी कार्यों का भी निरीक्षण किया गया एवं वहां उपस्थित अमीन एवं सहायक बंदोबस्त अधिकारी से विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिलाधिकारी द्वारा पूरे पंचायत सरकार भवन के सभी कमरों में भ्रमण कर यथा आरटीपीएस काउंटर, राजस्व कर्मचारियों के बैठने का कक्ष, पंचायत समिति सदस्य के बैठने का कक्ष इत्यादि का भी निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिया गया। किशनगंज डीएम श्रीकांत शास्त्री ने पंचायत में क्रियाशील पंचायती राज विभाग की योजनाओ के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

### कटिहार जिला के बारसोई की सी,डी,पी,ओ मेडम अनीता कुमारी का लेटर के द्वारा फरमान जारी .



**जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** बारसोई की आँगन वारी सेविका को CDPO मेडम के द्वारा एक लेटर जारी किया गया था कि जो भी सेविका है .जिस भी केंद्र से हो सभी को FCI,गोदाम के पास आना है. और उसे पोसा अहार राशन उठाना है .जो सेविका है उसी को आना है. सभी सेविका सुबह 10 बजे से FCI गोदाम के पास अपना रासन ले उठाने के लिए भाड़े का सवारी साथ लेकर आई थी और सवारी वाला भी सुबह 10 बजे से इंतजार 5बजे तक करते रहे कुछ सेविका के द्वारा जब मेडम को फोन लगाया गया तो मेडम का जवाब आ रहा था कि हम अभी लेटर बना रहे हैं.तो फिर जो आज के लिए लेटर जारी किया गया तो इस लेटर का आदेश पर हम सभी सेविका आए वही लेटर में साफ निर्देश भी दिया गया है. जो नहीं आएगी उसका रासन नहीं उठे गा तो सभी आँगन बाड़ी सेविका लेटर को देखते हुए समय पर उपस्थित हुई अगर नहीं हो पाती तो सेविका को जो मन होता वो कर सकती थी तो आज हम सभी सेविका सुबह सेCDPO अनीता कुमारी का इंतजार भूखे प्यासे करती रही सभी सेविका का कहना हुआ इस का लेटर जारी करने के बाद वो उपस्थित नहीं हो पाती है .तो मोबाईल पर मेसेज छोड़ सकती थी लेकिन मेसेज नहीं छोड़ा गया अपनी मन मानी करती है. फोन करने पर बोलती थी आ रहे हैं. लेकिन 5 बजे तक हम सभी सेविका इंतज़ार करते रह गए और सी,डी पी,ओ, मेडम अनीता कुमारी नहीं आई हम सभी आँगन बाड़ी सेविका का कहना है जो लेटर जारी किया गया उस पर मेडम नहीं हुई उपस्थित नहीं हम लोग को रासन मिला और हमलोग जो सवारी भाड़े पर लाए थे उसका भी भाड़ा देना पड़ा हम सभी सेविका का कहना है .कटिहार जिला पदाधिकारी महोदय से की ये जो लेटर जारी किया गया था तो उस पर वो कियो नहीं उपस्थित होकर रासन, उठाई इस विषय बिन्दु पर संज्ञान ले और ऐसे CDPO पर कार्यावाही किया जाय जो लेटर कार्यालय से जारी होता है. वो बहुत महत्वपूर्ण होता है.

# ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर /सोहेल किरमानी हजारीबाग।** ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जेएसएलपीएस, पंचायती राज एवं रुर्बन मिशन आदि विभागों की समीक्षा उपायुक्त के द्वारा की गई। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम पोटो हो खेल योजना के लिए प्रखंड स्तर पर खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने के कार्य में गति लाने का निर्देश उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को दिया। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना में जिला15वें पायदान में है जो नाकाफी है। उन्होंने कहा की इस योजना के विकास के लिए प्रखंड के वैसे विधालय जिनकी चहारदीवारी नहीं है वहां के आसपास के जगहों को चिन्हित कर बच्चों के लिए प्ले ग्राउंड का निर्माण कर सकते है इसके लिए उन्होंने बीआरसी से बैठक कर वैसे विद्यालयों का आकलन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने राज्यस्तर से संचालित योजनाओं पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा मजदूरों का मास्टर रोल में ऐप के माध्यम इंट्री कार्य, सक्रिय मनरेगा मजदूरों का आधार सीडिंग कार्यों का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत् वित्तीय वर्ष 23/24 के वृक्षारोपण हेतू प्रखंडवार द्वितीय चरण की स्थिति की जानकारी ली। मनरेगा के तहत् जल संरक्षण संवर्धन से संबंधित योजनाएं धरातल पर उतरे एवं लोग लाभान्वित हो इसके लिए आम लोगों की भागीदारी एवं सामुदायिक जिम्मेवारी के माध्यम से योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए कहा। वही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लक्ष्य प्राप्ति के लिए लाभुकों को कार्य में तेजी लाने के लिए क्षेत्र भ्रमण करने एवं किस्तों का भुगतान समय पर करने का निर्देश उपायुक्त ने निर्देश दिया। उन्होंने कहा राज्य स्तर से समीक्षा के क्रम में बताया गया है कि 15 सितंबर से 10 अक्तूबर तक इस योजना को लेकर बेहतर प्रदर्शन के निर्देश दिए गए है साथ ही इस योजना में लापरवाही करने वालों पर कारवाई के भी निर्देश दिए गए है। पंचायत राज विभाग द्वारा 15वें वित्त की योजनाओं के खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया। पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया की पंचायत भवन के सुधृढ़ीकरण के लिए 15 हज़ार रू प्रति माह प्रखंड को प्राप्त हो रहे है। साथ ही पांच प्रखंड के वार्ड सदस्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है 1 श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबन मिशन फेज दो के अंर्तगत फूड प्रोसेसिंग यूनिट के लिए सोलर सिस्टम लगाने तथा किसी भी तरह के प्रपोजल को डीएमएफटी मद से पूर्ण कराने की बात उपायुक्त ने कही। इस दौरान उन्होंने सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित योजना,आवास योजना ग्रामीण आदि योजनाओं की अद्दतन प्रगति की समीक्षा की। बैठक में पंचायत राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,डीपीएम व अन्य मौजूद रहे।

## डीवीएल कंपनी में हुए लूट कांड मामले का पुलिस ने किया खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय में एसपी जितेंद्र कुमार ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर इस मामले का खुलासा किया है। उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि 8 अगस्त की रात्रि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चांपी के समीप डीवीएल कंपनी के स्टोर रूम का दीवार को अज्ञात अपराधियों के द्वारा तोड़कर 23 पीस नए टायर व ट्यूब एवं अन्य सामान लूट लिए थे। इस दौरान कंपनी का सुरक्षाकर्मी घटना को रोकने पहुंचे तो अपराधियों ने उनके साथ भी मारपीट करते हुए उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इस दौरान अपराधियों ने सुरक्षाकर्मी का एक नली वाला बंदूक और गोली उनसे लूट लिया। मुफस्सिल थाना में लूट कांड को लेकर मामला दर्ज कराया गया था। जहां इस मामले के उद्भेदन को लेकर एक टीम का गठन किया गया और टीम के द्वारा घटना में शामिल तीन अपराधी को गिरफ्तार किया। अपराधियों के पास लूटा हुआ 19 पीस टायर, एक बंदूक, छह गोली और तीन मोबाइल भी बरामद किया। गिरफ्तार अपराधियों में चांपी नया टोला गांव निवासी मो शरीफ, मो मसरूल और मो अंजार शामिल है। वही छापेमारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक शैलेश प्रीतम, थानाध्यक्ष सुनील कुमार सुमन, रौतारा थानाध्यक्ष दिलशाद खान, हसनगंज थानाध्यक्ष अनीश कुमार, शैलेश कुमार, पंकज प्रताप, सत्यनारायण कुमार, पंकज कुमार सहित अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

### रक्सौल के सुंदरपुर में संचालित लिटिल फ्लावर लेप्रोसी हॉस्पिटल में कांग्रेस पार्टी ने सामग्री वितरित की

**भारत नेपाल सीमा रक्सौल।** अनुमंडल संवाददाता एम के पांडेय भारत नेपाल सीमा रक्सौल प्रखंड अंतर्गत सुन्दरपुर क्षेत्र अंतर्गत लिटिल फ्लावर लेप्रोसी हॉस्पिटल में जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने लेप्रोसी मरीजों के बीच डिटॉल कम्पनी के सौजन्य से साबुन वितरण किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज इस हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। यहां पर जिला चिकित्सा पदाधिकारी से बात कर डॉक्टर कि व्यवस्था कराई जायेगी। ताकि ईलाज में कोई समस्या नहीं हो। आगे जिलाध्यक्ष ने लेप्रोसी मरीजों एवं उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा संचालित खादी वस्त्र निर्मित उद्योग का भ्रमण किया।

### हिंदी दिवस के अवसर पर किशनगंज समाहरणालय सभागार में संगोष्ठी सह निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन



**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** हिन्दी दिवस के अवसर पर किशनगंज समाहरणालय सभागार में संगोष्ठी सह निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के आयोजन के पूर्व बिहार गीत का वादन कर राज्य के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है। इसे राजभाषा का दर्जा मिला हुआ है। हिंदी भाषा सभी को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। हिंदी हमारी मातृभाषा होने से इससे जुड़ाव लगता है,परंतु अंग्रेजी में जुड़ाव महसूस नहीं होता है। कई मंचो से माननीय मुख्यमंत्री ने भी हिंदी में वार्तालाप करने और इसके प्रसार के संकल्प को व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज भी शुद्ध हिंदी का प्रयोग नहीं होना चिंताजनक है,परंतु वर्तमान में लोगो में हिंदी के प्रति प्रेम बढ़ा है और इसका काफी प्रसार हुआ है।डीएम ने हिंदी भाषा के प्रति अपने अनुभव साझा करते हुए निजी विद्यालयों में अंग्रेजी के प्रचलन और लोगो को उससे गौरवान्वित होने पर निराशा जताई। कहा कि अब न्यायालय में भी हिंदी का प्रचलन बढ़ा है और हिंदी भाषा अविरल रूप से बढ़ रही है। सभी को अपने परिवार में हिंदी का प्रयोग करते हुए इसके प्रसार का संकल्प लेना चाहिए। उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हिंदी अनुवाद की भाषा नहीं रहे ,हमे संकल्प लेना होगा और इसके प्रसार को बढ़ाने हेतु वार्तालाप में हिंदी प्रयोग पर जोर देना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए हिंदी साहित्य और शिक्षा में हिंदी भाषा प्रचलन पर प्रकाश डाला। समारोह में जिला के हिंदी प्रेमी,हिंदी जानकर विद्वान को भी आमंत्रित किया गया था। श्री सजल साहा,प्रोफेसर मारवाड़ी कॉलेज(हिन्दी विभागाध्यक्ष) ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हमें औपनिवेशिक काल से बाहर आकर अपनी संस्कृति की ओर लौटना होगा। नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए हिंदी को कई भाषाओं को आत्मसात करने वाली भाषा बताते हुए हिंदी प्रयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की। हिंदी प्रेमी सेवानिवृत शिक्षक हरी प्रसाद ने कहा कि हिंदी साहित्य में शब्दो का भंडार है, हमें शुद्ध हिंदी बोलने और लिखने की आदत डालनी होगी। एडी सीपीयू, रविशंकर तिवारी ने हिंदी की विविधता को बतलाया।जिला शिक्षा पदाधिकारी सुभाष गुप्ता ने हिंदी के राजभाषा और प्रसार के संबंध में संवैधानिक प्रावधानों अनुच्छेद 343 और 351 को बतलाया और इसे दिल की गहराइयों की भाषा कहा।एसडीएम अमिताभ कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में हिंदी भाषा को विविधताओं में भी संवाद स्थापित करने के कारण सभी भाषाओं का सूत्र बताया और उसे रोजगार की भाषा बनाने पर जोर दिया। संगोष्ठी में आरके साहा महिला महाविद्यालय की शिक्षिका ने साहित्य में हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित कर कविता सुनाया। कार्यक्रम का संचालन वरीय उप समाहर्त्ता रंजीत कुमार ने करते हुए संगोष्ठी को आगे बढ़ाया और राजभाषा हिंदी के इतिहास पर प्रकाश डाला।

### सरलता, सहजता एवं प्रमुखता से बोली जाने वाली भाषा है हिंदी- आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा




**दैनिक शुभ भास्कर सोहेल किरमानी हजारीबाग।** राजभाषा कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के तत्वाधान में 14 सितंबर 2023 को आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में अपराहन 3:00 बजे से "हिंदी दिवस समारोह" आयोजित की गई। कार्यक्रम की विधिवत शुरूवात प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष स्नाकोत्तर हिंदी विभाग डॉ विजयकांत घर दुबे, उपनिदेशक सूचना एवं जनसंपर्क श्री संजीव कुजूर, अवर सचिव राकेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आयुक्त महोदया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी सरल, सहज एवं प्रमुखता से बोले जाने वाली भाषा है। जिसे आमजनों द्वारा भी आसानी से बोला और समझा जा सकता है। कार्यक्रम में आयुक्त महोदया ने हिंदी के प्रति अपनी प्रेम को जाहिर करते हुए बताया कि मैंने अपनी पढ़ाई हिंदी माध्यम से की है और जिसमें मुझे बहुत ही गर्व महसूस होता है। आयुक्त ने बताया कि मैंने अपना साक्षात्कार भी हिंदी माध्यम से ही दिया था। अपनी भाषा के प्रति हमें कभी भी हिचकिचानी की आवश्यकता नहीं है। हमें अपनी राजभाषा को आत्मविश्वास के साथ पेश करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार पर शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। हिंदी के अधिकतर प्रयोग से ही हम इसके अस्तित्व एवं अखंडता को बनाए रख पाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हिंदी के विद्वान विजयकांत दुबे ने भाषा के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा संसार के तीन महत्वपूर्ण बोले जाने वाली भाषाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि दुनिया में हिंदी भाषा वैसी भाषा है जो पूरे विश्व में सबसे अधिक बोली जाती है। इस संदर्भ में हम इस भाषा को अंतर्राष्ट्रीय भाषा भी कह सकते हैं। उन्होंने अपने कथन में सभाजनों को राष्ट्रीय भाषा एवं राजभाषा के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए बताया कि राजभाषा दूसरे देश के भी भाषा हो सकती है परंतु राष्ट्रभाषा सिर्फ एक राष्ट्र की भाषा हो सकती है। उन्होंने कहा देश के मंथन गतिशील गंगा की तरह हिंदी आगे बढ़ रही है जिससे आने वाले समय में इसका भविष्य उज्जवल है।

## अपसंस्कृति के खिलाफ मुहिम छेड़ने वाली डॉ. नीतू को रेडक्रॉस सोसायटी ने नामित किया 'ब्रांड ऐम्बेसडर'



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** भारत की कला व संस्कृति को अपनी अद्भुत प्रतिभा से विश्व पटल पर नयी पहचान दिला नित्य नये कीर्तिमान स्थापित करने वाली अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध गायिका, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, भारत सरकार की वरीय सदस्य व चंपारण की बेटी डॉ. नीतू कुमारी नूतन का भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी व रोटरी क्लब द्वारा मंगलवार को नागरिक अभिनंदन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी सभागार में आयोजित समारोह की अध्यक्षता रेडक्रॉस के अध्यक्ष ई. विभूति नारायण सिंह ने की। उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद नगर निगम की मेयर प्रीति कुमारी को शहर के विकास एवं सौन्दर्यीकरण की दिशा में महती योगदान के लिए सम्मानित किया गया। भारत की पारंपरिक लोक कला व लोक संस्कृति को दुनिया में स्थापित करने में उल्लेखनीय योगदान देने तथा कला, संस्कृति के क्षेत्र में अश्लीलता व अपसंस्कृति के खिलाफ कड़ा मुहिम छेड़ने वाली व भारत सरकार के कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर रहीं डॉ. नूतन को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मोतिहारी ने अपना 'ब्रांड ऐम्बेसडर' नामित किया है। रेडक्रॉस के अध्यक्ष ई. विभूति नारायण सिंह ने कहा कि ब्रांड ऐम्बेसडर के रुप में डॉ.नूतन रेडक्रॉस के कार्यो एवं उपलब्धियों को देश-विदेश तक ले जाएंगी। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस का कार्य केवल मानवता की सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक व सांस्कृतिक उत्थान करना भी हमारा प्रमुख दायित्व है। ई . विभूति ने कहा कि खेल एवं एथलेटिक्स को प्रोत्साहित करना भी हमारा कार्य है। उक्त अवसर पर डॉ.नूतन एवं मेयर प्रीति को अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ व मोमेंटो से अलंकृत किया गया। वहीं दोनों हस्तियों को रोटरी क्लब, मोतिहारी की मानद सदस्यता दी गई। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मोतिहारी की ब्रांड एम्बेसेडर डॉ. नीतू कुमारी नूतन ने रेडक्रॉस कार्यकारिणी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस उम्मीद से हमें यह जिम्मेवारी सौपी गई है, उसे हर हाल में पूरा करेंगे। डॉ. नूतन ने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोगों के सुझाव व सहयोग से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की उपलब्धियों को देश में सबसे अव्वल बनाया जाऐगा। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. चंद्रलता झा ने अध्यक्ष ई. विभूति के नेतृत्व में रेडक्रॉस के कार्यो व उपलब्धियों की भूरि- भूरि प्रशंसा की। मंच संचालन रेडक्रॉस के वरीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार सिंह ने किया, जबकि डॉ. नूतन के व्यक्तित्व और कृतित्व का वाचन संस्कृतिकर्मी संजय पाण्डेय ने किया।

**अभियान** साढे नौ वर्ष में मोदी सरकार ने देश के गरीबो को लूटा है - ई0 शशि भूषण राय जिला अध्यक्ष

## बंजरिया प्रखंड में कांग्रेस ने चलाया सदस्यता अभियान




**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** बंजरिया प्रखण्ड अंतर्गत घोड़मारवा पंचायत में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय के नेतृत्व में कॉंग्रेस पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा किआजादी के बाद से 2014 तक 14 प्रधानमंत्री के कार्यकाल मे देश पर 55 लाख करोड़ रूपये का कर्ज था और अकेले मोदी सरकार के 09 साल में देश पर 155 लाख करोड़ रूपया का कर्ज हो गया है। आजादी के बाद से 2014 तक हर भारतीय नागरिक पर 42 हजार रूपये का कर्ज था मोदी सरकार के 09 सालो में हर भारतीय पर 1.30 लाख रूपया कर्ज हो चुका है। मोदी सरकार ने अडानी के 4.5 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया और किसानो का एक रूपया भी नही माफ किया। वही मनमोहन सरकार ने 72 हजार करोड़ रूपया किसानो का माफ कर दिया था। आगे जिलाध्यक्ष ने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है और उनकी रिवर्स रॉबिनहुड हरकतें अमीरों को और अमीर और गरीबों को और गरीब बना रही है। क्या यह बहुत आश्चर्य की बात नहीं है कि हमारे प्रधानमंत्री, जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की अत्यधिक कीमत में वृद्धि की है जिसके कारण आम लोगों का कष्ट बढा है। वर्तमान केंद्र सरकार आती संवेदनहीन है उसने आम लोगों के पीड़ा की कभी परवाह नहीं की। एलपीजी सिलेंडर की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 7 वर्षो में दोगुनी हो गई है और 2020 से भाजपा सरकार ने सब्सिडी देना भी बंद कर दिया है। पिछले 2 दशकों में एलपीजी सिलेंडर की मूल्य वृद्धि के रूझान पर बारीकी से नजर डालने से हर मतदाता की आँखें खुल जाएगी और कोई भी स्पष्ट रूप से समझ सकता है कि कीमतें केवल भाजपा शासन के दौरान ही बेरहमी से बढ़ाई गई है। पिछले साढ़े 9 साल में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31.37 करोड़ देशवासियों को लूटा है। उन्होंने जनता की जेब पर 8,33,640.76 करोड़ (आठ लाख तैंतीस हजार करोड़) से ज्यादा की लूट की। सिर्फ हमारी उज्ज्वला बहनों से ही 2017 से अब तक मोदी जी ने 68,702.76 करोड़ (अड़सठ हजार सात सौ करोड़) लूट लिए। 70 साल में कॉंग्रेस सरकार के द्वारा सुरक्षित जमा पूंजी (अपात काल में खर्च के लिए) मोदी जी उसे खर्च कर दिये। 25 हवाई अड्डे, 26700 कि0मी0 राज्य मार्ग, 400 रेलवे स्टेशन, 150 से भी ज्यादा रेल गाड़ी, कई बंदरगाह एवं अन्य कारखाने, होटल अपने निकटम मित्रो को मनमाने ढ़ंग से सभी नियमो को ताख पर रखते हुए दे दिये। इस मौके पर कांग्रेस नेता प्रो० विजयशंकर पाण्डेय, अखिलेश्वर प्रसाद यादव,श्री मुमताज अहमद, टुन्नी सिंह कांग्रेस नेत्री जिला परिषद् सदस्य श्रीमती किरण कुशवाहा, श्रीमती माला ठाकुर, श्रीमती बिन्टी शर्मा, कांग्रेस नेता श्री विजयकांत त्रिपाठी, श्री ऋषि सिंह,मो० आबिद हुसैन, मो०एकबाल जफीर, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष श्री रूमा खां, श्री राजकुमार कुशवाहा सहित दर्जनों नेता उपस्थित रहें।

## नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का बड़कागांव में भव्य आगाज





**बड़कागांव (हजारीबाग)।** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट बड़कागांव का भव्य शुरुआत प्लस टू उच्च विद्यालय खेल मैदान में अतिथियों द्वारा कीक मार कर की गई। इसके पहले अतिथियों का स्वागत बड़कागांव बरवाडीह से मोटरसाइकिल रैली तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ की गई। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र व माला पहनाकर स्वागत किया गया। खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अन्य राज्यों की तर्ज पर सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति होनी चाहिए जिसको लेकर पूर्व में भी सरकार को अवगत कराया जा चुका है आज राज्य में खेल संसाधन का अभाव है बावजूद बड़कागांव में सदर विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आगाज काफी सराहनीय है आगे उन्होंने खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने पर बल दिया । वहीं विशिष्ट अतिथि मनीष जायसवाल ने कहा कि जिले भर में खेला जाने वाला फुटबॉल टूर्नामेंट बड़कागांव में सबसे भव्य है तथा बड़का गांव में प्रतिभावान खिलाड़ी हैं लेकिन उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नशा को त्याग कर खेल भावना के आधार पर अपने स्वास्थ्य में सुधार करते हुए प्रतिभा को निखारे तथा विभिन्न खेलों का आयोजन बड़कागांव में आयोजित कर एक नया प्लेटफॉर्म तैयार करें और अपने जीवन को सार्थक बनाएं। मौके पर मुख्य रूप से सिमरिया विधायक किशुन दास, पूर्व विधायक मनोज यादव, बड़कागांव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो समेत दर्जनों अतिथियों ने संबोधित किया। फुटबॉल टूर्नामेंट मंच की अध्यक्षता आयोग समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार व संचालन सचिव विजय यादव व जयनारायण प्रसाद ने किया। उद्घाटन मैच चोरका ( शिव मंदिर फुटबॉल क्लब) एवं भुरकुंडुवां के बीच खेली गई। जिसमें भुरकुंडुवां की 2-0 से विजय हासिल की। प्रतियोगिता में प्रखंड के 23 पंचायत से कुल 44 टीमों ने भाग लिया । सभी उपस्थित टीमों को आयोजक सदर विधायक मनीष जायसवाल की ओर से जर्सी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में रूप से नमो फुटबॉल के मुख्य संरक्षक मनीष जायसवाल पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य यासमीन निशा, बरही पूर्व विधायक मनोज यादव, डॉक्टर बालेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ,मुकुटधारी महतो, अनिल मिश्रा, जयनारायण प्रसाद, टुकेश्वर प्रसाद, बचनदेव कुमार ( उपप्रमुख), पारसनाथ महतो (मुखिया) सरोज सोनी, उमेश कुमार दांगी, भिखन महतो, उपेन्द्र कुमार प्रसाद, नमो फुटबॉल प्रतियोगिता के अध्यक्ष - रंजीत कुमार मेहता (मुखिया), उपाध्यक्ष- नरसिंह प्रसाद, खेल मंत्री रंजीत कुमार (आर्य कर्ण निधि फाउंडेशन),सचिव- विजय यादव,संयुक्त सचिव- बैजनाथ साव, कोषाध्यक्ष भवानी प्रसाद दाँगी,उप कोषाध्यक्ष- सुरेन्द्र महतो,मीडिया प्रभारी संजय राणा, मुखिया प्रभु महतो ,शिव शंकर कुमार, सुमन गिरी अरुण मालाकार शाहिद सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

